ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आषाढ़ शुक्ल पक्ष 08 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 26 जून 2023 • वर्ष-24 • अंक- 143 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

नये गाने 'यार का सताया हुआ है' में शहनाज के... पेज 12 पर



NEWS इन ब्रीफ

### प्रधानमंत्री मोदी को मिला मिस्त्र का सर्वोच्च राजकीय सम्मान



**नई दिल्ली।** मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने देश के सर्वोच्च सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ द नाइल' से सम्मानित किया। मिस्त्र के राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान मोदी को यह सम्मान दिया गया। बाद में दोनों नेताओं ने आपसी हितों के मुद्दों पर द्विपक्षीय चर्चा की। मोदी शनिवार को मिस्त्र की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर काहिरा पहुंचे थे। उनकी मिस्त्र यात्रा से उत्तरी अफ्रीकी देश में भारत का निवेश बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होने और मिस्त्र के लिए ब्रिक्स आर्थिक ब्लॉक में प्रवेश पाने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री के रूप में यह उनकी मिस्त्र की पहली यात्रा है। सन 1997 के बाद पहली बार कोई भारतीय प्रधानमंत्री इस उत्तर अफ्रीकी देश की यात्रा पर गया है।

### आपकी योजना, आपकी सरकार कार्यक्रम फिर होगा शुरू

**रांची।** राज्य में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम फिर शुरू होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसकी रूपरेखा तय करने के लिए 28 जून को दिन के 11 बजे से प्रोजेक्ट भवन में बैठक बुलाई है। बैठक में जिलों के डीसी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए ऑनलाइन और मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव सरीखे वरीय अधिकारी ऑफ लाइन जुड़ेंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भी राज्य सरकार ने इस योजना को चलाया था। इसके तहत प्रखंड स्तर तक कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्याओं को ऑन स्पॉट दूर किया गया था।

### अनियंत्रित टैंकर ने यात्री शेड में मारी टक्कर, दो की मौत

**जमशेदपुर।** जिले के बहरागोड़ा प्रखंड के बड़शोल थाना क्षेत्र के खंडामौदा में हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य कर रही है। बताया जाता है कि रविवार अहले सुबह एक अनियंत्रित अलकतरा लदे टैंकर ने यात्री शेड में जाकर जोरदार टक्कर मार दी। इससे यात्री शेड पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। यात्री शेड में बैठ कर बस का इंतजार कर रहे कई लोगों के मलबा के नीचे दबे होने की बात कही जा रही है। दो लोगों की मौत हो गयी है।

## राज्य में मॉनसून सक्रिय, कई जगहों पर हुई बारिश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में अनुकूल मौसम बना हुआ है। मानसून प्रवेश करने के बाद से ही राज्य के कई जिलों के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। बारिश के बाद अधिकतम तापमान चार से पांच डिग्री सेसि. में गिरावट आने की संभावना है। धीरे-धीरे इसका प्रभाव देखने को मिलेगा। राजधानी रांची के कई इलाकों में रविवार सुबह बारिश हुई। ठंडी हवा चली। अगले पांच दिनों के दौरान राज्य के सभी जिलों में हिस्सों में बारिश होने का पूवार्नुमान है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि रांची समेत झारखंड के अधिकतर हिस्सों में मानसून प्रवेश कर गया है। कई जगहों पर अच्छी बारिश हुई है। शेष



भागों पर मध्यम से हल्की बारिश हुई। अगले पांच दिनों तक जमकर बारिश होने की संभावना है। 26 जून को राज्य में कहीं-कहीं भारी बारिश के साथ वज्रपात का भी अलर्ट जारी किया गया है।

### कहां कितनी हुई बारिश

लातेहार में 65.0 मिमी, गढ़वा 56.5 मिमी, चाईबासा 31.2 मिमी, गुमला बिशुनपुर में 30.0, रांची के खलारी में 28.4, जमशेदपुर 17.6, लोहरदगा 16.2, देवघर 11.0, बरकागांव 15.0, चक्रधरपुर 13.2, भरनो में 14.2 मिमी समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्के से मध्यम स्तर की बारिश हुई। हालांकि, राज्य के सभी जिलों में गोड्डा अब भी सबसे गर्म जिला है। यहां का तापमान 37. 2 डिग्री है।

## दो जिलों में एयरपोर्ट बनकर तैयार, सेवा जल्द शुरू होगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के दो जिलों बोकारो और दुमका में जल्द ही हवाई सेवा शुरू होगी। बोकारो और दुमका एयरपोर्ट के निर्माण का काम पूरा हो गया है। बोकारो एयरपोर्ट में विमान के आवागमन को लेकर बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन से कहा गया कि वह डीजीसीए से लाइसेंस के लिए आवेदन करें। साथ ही दुमका एयरपोर्ट से परिचालन के लिए झारखंड सरकार से पत्र लिख कर डीजीसीए से लाइसेंस के लिए आवेदन करने को कहा गया है। इस संबंध में



एयरपोर्ट निदेशक केएल अग्रवाल ने बताया कि बोकारो के साथ दुमका से भी उड़ान शुरू हो जायेगी। इसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) प्रयासरत है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की ओर से भी इस संबंध में निर्देश प्राप्त हुआ है।

### टुंडी में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित, बोले राज्यपाल

# शराब से दूर रहें, बच्चों की पढ़ाई पर दें ध्यान




**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकास पथ पर बढ़ रहा है। पीएम ने झारखंड में बने तसर सिल्क के कपड़े को अमेरिकी राष्ट्रपति को भेंट कर राज्य का गौरव बढ़ाया है। आज पूरा विश्व झारखंड को जानने लगा है। राज्यपाल धनबाद जिले के उग्रवाद प्रभावित टुंडी के भोजूडीह गांव में 25 जून को आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कहा कि भारत अब विश्व का 5वां सबसे आर्थिक संपन्न देश बन गया है।, प्रधानमंत्री ने ग्रामीण महिलाओं को ध्यान में रख उनके लिए मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन व हर घर नल-जल योजना की शुरूआत की। राज्यपाल ने ग्रामीणों से शेष पृष्ठ 11 पर

### 'बीबीएमकेयू के कुलपति को हटाएं राज्यपाल'

**एनएसयूआई** ने बीबीबीएमकेयू, धनबाद के कुलपति पर गंभीर आरोप लगाते हुए झारखंड के राज्यपाल से उन्हें हटाने की मांग की है। संगठन के छात्र नेताओं ने 25 जून को राज्यपाल के एपीआरओ क्रांति कांत को इससे संबंधित मांगपत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संगठन के जिलाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी और जिला महासचिव रोहित पाठक ने किया। उन्होंने कुलपति पर विश्वविद्यालय अनुदान के नाम पर पैसे लेकर शिक्षकों का मनचाहा ट्रांसफर करने व पैसे नहीं देने पर पनिशमेंट ट्रांसफर करने का आरोप लगाया। कहा कि कुलपति द्वारा छात्रों पर तोड़फोड़ का झूठा मुकदमा दायर करना उनकी आवाज को दबाने की साजिश है। मांगपत्र में यूजी सेमेस्टर एक में 72% (20 हजार) छात्रों को फेल कर देने और रिजल्ट आने के एक माह के भीतर सेमेस्टर 2 की परीक्षा लेने, सभी कॉलेजों में शिक्षकों की बहाली करने, डिग्री कॉलेजों में 11वीं व 12वीं की पढ़ाई बंद करने से गरीब छात्रों को आ रही समस्या साथ ही आरएसपी कॉलेज, एसएसएनएलटी कालेज तथा बोकारो सिटी कॉलेज में पीजी की पढ़ाई बंद नहीं करने की मांग की।

### तारांचद की गिरफ्तारी के बाद खुलासा

## हवाला के जरिए वीरेंद्र राम ने की 121.83 करोड़ की मनी लाउंड्रिंग

### दिल्ली के साकेत में 22.50 करोड़ में खरीदी थी जमीन

### हवाला कारोबार में मददगार ताराचंद व राम प्रकाश भाटिया को भेजा गया जेल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े मनी लाउंड्रिंग केस में बड़ा खुलासा हुआ है। वीरेंद्र राम ने 121.83 करोड़ की मनी लाउंड्रिंग की। इसके लिए हवाला कारोबार से जुड़े ताराचंद के तीन फर्जी बैंक खातों का इस्तेमाल हुआ। ईडी ने श्री खाटूश्याम ट्रेडर्स, अनिल कुमार गोविंद राम और ओम ट्रेडर्स के खातों का एनालिसिस किया। ये तीनों कंपनियों सचिन गुप्ता के नाम पर खोली गई थी। बाद में ईडी को जानकारी मिली कि सचिन गुप्ता के नाम पर फर्जी दस्तावेजों के सहारे ताराचंद ने ही कंपनियां खोली हैं। ताराचंद के तीनों बैंक खातों की जांच के दौरान पता चला कि इन खातों में 121.83 करोड़ रुपये क्रेडिट हुए थे। ईडी ने जांच में पाया है कि जनवरी 2023 में दिल्ली में संपत्ति की खरीद के लिए जो चार करोड़ रुपये शेष पृष्ठ 11 पर

### ताराचंद, रामप्रकाश को जेल, आज से ईडी रिमांड

**हवाला** कारोबार से जुड़े ताराचंद व राम प्रकाश भाटिया को ईडी ने रविवार को जेल भेज दिया। इस मामले में नीरज मित्तल को ईडी ने शुक्रवार को ही गिरफ्तार किया था। सोमवार से ईडी तीनों आरोपियों को एक साथ रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। ईडी ने जांच में पाया है कि ताराचंद के द्वारा फर्जी नाम से खोले गए खातों में मनी लाउंड्रिंग की राशि की एकमोडेशन इंट्री होती थी, इसके बाद इसे गेंदा राम या अन्य लोगों के खाते में पैसे ट्रांसफर हो जाते थे। बदले में ताराचंद को कमीशन के तौर पर मोटी रकम मिलती थी।

#### मनी लाउंड्रिंग का चेन कैसे करता था काम

**वीरेंद्र** राम मनी लाउंड्रिंग के पैसे जमशेदपुर से दिल्ली भेजता था। रवि बाधवानी यहां से पैसे ले जाकर मुकेश मित्तल को सौंपता था। इसके बाद मुकेश मित्तल से पैसे लेकर राम प्रकाश भाटिया पैसों की इंट्री मनीष, राकेश कुमार केडिया और नेहा श्रेष्ठ के नाम से खोले गए खातों में करना था। भाटिया कैश राशि नीरज मित्तल को भी देता था। जिसके बाद नीरज पैसों की इंट्री व फर्जी बिल बनाता था। बदले में राम प्रकाश भाटिया मुकेश मित्तल से कुल राशि का 0.75 प्रतिशत व नीरज मित्तल से 0.20 प्रतिशत कमीशन लेता था। राम प्रकाश भाटिया को इंट्री के बदले मुकेश मित्तल ने सात लाख रुपये दिए थे।

## जमशेदपुर जेल में लाया गया अलकायदा आतंकी

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

अलकायदा के आतंकी अब्दुल सामी को दिल्ली की तिहाड़ जेल से जमशेदपुर घाघीडीह सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया है। वह अलकायदा की शाखा अल-कायदा इन इंडियन सबकांटिनेंट (एक्यूआइएस) से जुड़ा है। दिल्ली की पटियाला हाउस की विशेष न्यायालय ने अब्दुल सामी समेत चार आतंकियों को फरवरी में सजा सुनाई थी। जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के धतकीडीह निवासी अब्दुल सामी को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने हरियाणा के मेवात क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। अलकायदा इन इंडियन सब कंटिनेंट (एक्यूआइएस) के आतंकी अब्दुल सामी पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर मंसेरा में अलकायदा के आतंकी कैंप में हथियारों का प्रशिक्षण ले चुका है। अब्दुल सामी



2001 से कटक में मदरसा चलाने वाले मौलाना अब्दुल रहमान के संपर्क में था। वही इसे 2014 में दुबई के रास्ते पाकिस्तान ले गया था। वह पहले कराची में ठहरा, जहां उसकी मुलाकात एक्यूआईएस के भारत चीफ मोहम्मद आसिफ व अन्य आतंकियों से कराई गई। मंसेरा में सामी ने हथियार चलाने व बम फेंकने की ट्रेनिंग ली। ट्रेनिंग के बाद सामी 2015 में शारजाह होते हुए दिल्ली आ गया। वह पुलिस व इंटेलिजेंस से बचने के लिए मेवात में छिपकर रह रहा था।

### कोडरमा में नौकरी के नाम पर आठ युवकों से 20 लाख की ठगी

## तीन आरोपी गिरफ्तार, फर्जी स्टाम्प और नियुक्ति पत्र बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**

जयनगर थाना पुलिस ने कई युवकों से रेलवे, एफसीआई, बैंक और पोस्ट ऑफिस आदि में नौकरी लगवाने व फर्जी नियुक्ति पत्र देकर 20 लाख रुपए ठगी करने के मामले का उद्भेदन करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से विभिन्न सरकारी विभाग के फर्जी नियुक्ति पत्र, लैपटॉप, प्रिंटर, फर्जी नियुक्ति पत्र छापने के कई सामान एवं विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड भी बरामद किए गए हैं। इस मामले में जयनगर थाना में प्रमिला वर्णवाल ने मामला दर्ज कराया था। मामले को लेकर मोहम्मद हुसैन (पिता नसीरुद्दीन मौलाना, आजाद बस्ती, नामकुम),




अख्तर अंसारी पिता शफी अहमद, मस्केडीह चलकुशा, वर्तमान पता आजाद बस्ती नामकुम), पिंटू कुमार (पिता स्वर्गीय रामजी राम, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, हरमू रांची), मोहम्मद अरमान और आलम अंसारी (पता नहीं मालूम) पर साजिश के तहत नौकरी दिलाने के नाम पर 8 बेरोजगार युवकों से 20 लाख रुपये की ठगी कर फर्जी नियुक्ति पत्र देने, पैसा वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। छापेमारी टीम गठित करने के बाद तकनीकी सहायता प्राप्त कर छापेमारी कर मोहम्मद हुसैन, अख्तर अंसारी और पिंटू कुमार को रविवार को गिरफ्तार किया गया।

## नवजात के मौत के आरोप की होगी सीआईडी जांच

### 22 मार्च को गिरिडीह के देवरी पुलिस पर लगा था आरोप

### छापेमारी के दौरान मौत का मामला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड पुलिस के जवानों पर चार दिन के नवजात को छापेमारी के दौरान बूट से कुचल कर मारने का आरोप लगा था। अब सीआईडी पूरे मामले में गिरिडीह के देवरी थाना में दर्ज केस को टेकओवर कर जांच करेगी। पूर्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी घटना की जांच का आदेश गिरिडीह पुलिस को दिया था।

#### क्या है मामला

जानकारी के मुताबिक, 22 मार्च को देवरी थाना के तत्कालीन प्रभारी संगम पाठक के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों की टीम वारंटी भूषण पांडेय की गिरफ्तारी के लिए कोशोगोदोदिघी गांव गई थी। पुलिस जब घर में सर्च कर रही थी, तब परिवार के सारे सदस्यों को बाहर निकाल दिया गया था। जबकि चार दिनों का नवजात बिस्तर पर सोया था। पुलिस की टीम जब लौटी तब नवजात मृत मिला, वहीं पुलिस बूट के निशान बिस्तर पर मिले। घटना के बाद नवजात की मां नेहा देवी ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी थी। इस मामले में तब पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर गैर इरादतन हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई थी, वहीं थानेदार संगम पाठक को लाइन हाजिर कर दिया गया था। अब सीआईडी इस पूरे केस की जांच करेगी।

### रघुराम राजन के गुरु सब छोड़ बैतूल में रह रहे आदिवासियों के साथ

## आदिवासी क्षेत्रों में लगाए 50,000 से अधिक पेड़

**आरएनएम। नई दिल्ली**

आलोक सागर आईआईटी दिल्ली से ग्रेजुएट हैं। अमेरिका के ह्यूस्टन विश्वविद्यालय पीएचडी किये हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन के अध्यापक (आईआईटी दिल्ली में) रहे हैं। लेकिन इन सब से ऊपर उठकर अब मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के आदिवासी क्षेत्र में आदिवासियों के बीच रहते हैं। उनके लिए काम करते हैं। आलोक सागर का जन्म 1951 में दिल्ली के पटपड़गंज में एक प्रतिष्ठित ,धनी व शिक्षित परिवार में हुआ था। उनके पिता वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी थे। कुछ साल पहले ही उनका निधन हुआ है। मां दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस में भौतिक विज्ञान की अध्यापक थीं। उनके भाई आईआईटी दिल्ली में प्रोफेसर हैं। आलोक सागर ने



आईआईटी दिल्ली के बाद आगे की पढ़ाई अमेरिका में की और वहां टेक्सास में ह्यूस्टन विश्वविद्यालय से पीएचडी की। वह 1980 में लेक्चरर के रूप में आईआईटी दिल्ली में 1980 में लेक्चरर के तौर पर अपना कैरियर शुरू किये। वहां प्रोफेसर के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान पूर्व आरबीआई गवर्नर रघुराम राजन को भी (आईआईटी दिल्ली में ) पढ़ाये थे।

आईआईटी में प्रोफेसर रहने के दौरान वह सामाजिक सेवा समूहों के संपर्क में आए और उनके काम से प्रेरित हुए। उसके बाद आलोक सागर ने 1982 में आईआईटी दिल्ली की प्रोफेसरी छोड़ दी। और मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के कोचामू गांव में गरीब आदिवासी समुदाय के लिए काम करना शुरू कर दिया। ऐसी जगह जहां कोई बिजली या सड़क नहीं थी। केवल 750 आदिवासी रहते थे। प्रोफेसर आलोक सागर ने आदिवासियों की स्थानीय बोली सीखी। उनके जीवन के तरीके को अपनाया। वह 78 भाषाओं में पारंगत हैं। उनके अनुसार, केवल आदिवासी ही हैं जो प्रकृति से सच्चा जुड़ाव रखते हैं। उसके प्रति श्रद्धा रखते हैं। वह 72 साल के हो चुके हैं। प्रोफेसर आलोक सागर के नाम पर दिल्ली में करोड़ों की संपत्ति है। लेकिन, उन्होंने आदिवासियों के कल्याण के लिए यह सब त्याग दिया। आदिवासियों के साथ वह घास-फूस की झोपड़ी में रहते हैं। उनके पास तीन कुर्ते हैं। यात्रा करने के लिए वह साइकिल चलाते कहीं जाते हैं। ताकि प्रकृति को नुकसान न पहुंचे।

आदिवासियों से उन्हीं की भाषा में बात करते हैं। उन्होंने पर्यावरण में योगदान के लिए आदिवासी क्षेत्रों में 50,000 से अधिक पेड़ लगाए हैं। पड़ोसी गांवों में बीज वितरित करने के लिए 60 किलोमीटर तक की यात्रा करते हैं। क्या आप भी नाम, दाम सब कुछ छोड़कर इस तरह का जीवन जीने का जिगरा रखते हैं।

## भारी बारिश-भूस्खलन की वजह से केदारनाथ यात्रा रुकी

**एजेंसी। रुद्रप्रयाग**

उत्तराखंड में लगातार बारिश का दौर जारी है, जिसके कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया है और कई जगह भूस्खलन के कारण सड़कें बंद हो गई हैं, रुद्रप्रयाग जिले में भारी बारिश और भूस्खलन की वजह से केदारनाथ यात्रा को रोक दिया गया है, यात्रियों को सोनप्रयाग और गौरीकुंड में रोका गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, आने वाले कुछ दिनों में लगातार बारिश का दौर चलेगा, जिसको देखते हुए एहतियातन यात्रा को रोका गया है। उत्तराखंड में भारी बारिश हो रही है, जिसका असर चारधाम यात्रा पर पड़ा है। खराब मौसम और बारिश के कारण केदारनाथ यात्र रोक दी गई



है। यात्रियों को पैदल यात्रा मार्गों पर सुरक्षित स्थानों पर रोका गया है। पुलिस-प्रशासन हालातों पर नजर बनाये हुए है। मौसम साफ होने के बाद ही चारधाम यात्रा शुरू की जाएगी। सुबह से केदारनाथ धाम सहित पैदल यात्रा मार्ग पर बारिश हो रही है, जिसके कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों को फिलहाल को सुरक्षित स्थानों पर रोका गया है। सोनप्रयाग में 5 हजार तो गौरीकुंड में 3 हजार यात्रियों को रोका गया है। यात्रा मार्गों पर एसडीआरफ और पुलिस के जवान मुस्तैदी से जुटे हैं। पहाड़ों में मानसून की पहली ही बारिश आफत बनकर बरस रही है। जगह- जगह नदी नाले उफान पर आ गए हैं। बारिश के कारण केदारनाथ यात्रा बुरी तरह से प्रभावित हुई है। यात्री जगह जगह फंस गए हैं। सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच पहाड़ी से बोल्डर गिरने के कारण बसुकेदार निवासी एक वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई। केदारनाथ पैदल मार्ग पर कई गधेरे उफान पर आने से यात्री फंसे हुए हैं।

## बाबूलाल ने लालू- नीतीश पर कसा तंज, कहा-

# आपातकाल को काला दिन बता निंदा करें



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने आपातकाल की बरसी पर विपक्षी दलों पर तंज कसा है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा बिहार में विपक्षी दलों की एकजुटता को लेकर बुलायी गई बैठक के बाद तंज कसते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लालू - नीतीश सत्तालोलुपता और अपने अस्तित्व को बचाने के लिए कांग्रेस के शरणागत हैं। कम से कम आज के दिन इन लोगों को एक बयान जारी कर आपातकाल के काले दिन की निंदा करनी चाहिए। वहीं कांग्रेस को भी उसमें हस्ताक्षर कर भारत की महान जनता से माफी मांगनी चाहिए। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 25 जून के दिन लोकतंत्र को बेड़ियों में बांधा गया था। लोकतांत्रिक संस्थाओं, मौलिक अधिकारों और जनविरोध को कैद कर दिया गया था। विरोधियों को हर प्रकार की प्रताड़ना दी गई, उन्हें जेलों में तड़पाया गया। उस दौरान जेल जाने वालों में लालू प्रसाद व नीतीश कुमार सरीखे नेता भी थे। राजनीतिक बंदियों के लिए लाए गए कानून मीसा का भारी दुरुपयोग किया गया। इसके विरोध स्वरूप लालू प्रसाद ने अपनी सबसे बड़ी बेटी का नाम ही मीसा रख दिया।

**विपक्षी एकता में सेल्फ मेड इंसान बिल्कुल नहीं चलेगा :** बाबूलाल मरांडी ने पटना में विपक्षी दलों की बैठक की तस्वीर ट्वीट कर लिखा कि विपक्षी एकता में सेल्फ मेड इंसान बिल्कुल नहीं चलेगा। चाहे वो केजरीवाल हों, ममता बनर्जी हों, केसीआर हों या मायावती। यहां सिर्फ परिवारवादी नेताओं की ही चलेगी। विपक्षी एकता दरअसल उन परिवारों का जमावड़ा है जो हमेशा से भारत पर राज करते रहे हैं। राहुल गांधी व ममता बनर्जी के बातचीत की तस्वीर को इंगित करते हुए बाबूलाल ने कहा कि -नीचे की तस्वीर में ममता दीदी शायद कह रही हैं कि अच्छा तो हम चलते हैं।

## जितेंद्र ज्योतिषी की फिल्म 'आदि विद्रोही' को मिला स्पेशल ज्यूरी अवॉर्ड

**रांची।** चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल में फिल्मकार जितेंद्र ज्योतिषी निर्मित फिल्म 'आदि विद्रोही' को श्रेष्ठ फिल्म के लिए स्पेशल ज्यूरी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। फिल्मकार ज्योतिषी को पद्मश्री मुकुंद नायक के कर कमलों द्वारा उक्त सम्मान राजधानी के टाटीसिल्वे स्थित सरला बिरला यूनिवर्सिटी के सभागार में आयोजित तीन दिवसीय चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल के समापन समारोह के अवसर पर प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्री ज्योतिषी निर्मित फिल्म आदि विद्रोही के निर्माण से जुड़े पिंकी विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा, नम्रता राज सहित अन्य मौजूद थे। ज्योतिषी को चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल समारोह में उत्कृष्ट फिल्म निर्माण के लिए सम्मानित किए जाने पर उनके शुभचिंतकों सहित झारखंड जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से भी बधाई व शुभकामनाएं दी गई।

## एएसआईएससी जोनल थ्रोबॉल प्रतियोगिता संपन्न

# कार्मेल स्कूल ब्राम्बे व संत चार्ल्स हेसाग बना चैंपियन



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
कार्मेल स्कूल ब्राम्बे, मांडर के द्वारा 23 जून एवं 24 जून 2023 को आयोजित एएसआईएससी रांची जोन थ्रोबॉल प्रतियोगिता 2023 पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ एएसआईएससी रांची जोन के सेक्रेटरी फादर थॉमस पाउथिल एवं विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर मनीषा वाघेला के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में रांची जोन के 12 विद्यालय के 19 टीम ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता केवल बालिकाओं के लिए आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता के दूसरे दिन अंडर 17 वर्ग में फाइनल मुकाबला कार्मेल स्कूल ब्राम्बे एवं क्लूनी कॉन्वेंट कोकर के बीच खेला गया जिसमें कार्मेल स्कूल ने फाइनल मुकाबले में क्लूनी कॉन्वेंट को परास्त कर चैंपियन बना। वहीं अंडर-19 वर्ग में फाइनल मुकाबला संत चार्ल्स हेसाग एवं बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल नामकुम के बीच खेला गया। जिसमें संत चार्ल्स ने बिशप वेस्टकॉट को हराकर खिताब पर कब्जा किया। प्रतियोगिता में अंडर 17 वर्ग में तीसरे स्थान पर संत चार्ल्स एवं अंडर 19 वर्ग में फादर एग्नेल स्कूल तृतीय स्थान पर रहा।

## बीएयू में आज 43वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन

# राज्यपाल व कृषि मंत्री होंगे शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची से सटे कांके स्थित कार्यरत राज्य का एकमात्र कृषि विश्वविद्यालय सोमवार (26 जून, 2023) को अपना 43 वां स्थापना दिवस समारोह मनाने जा रहा है. मुख्य कार्यक्रम विवि के कृषि संकाय परिसर स्थित आरएसी प्रेक्षागृह में पूर्वाहन 11.30 बजे से होगा। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन होंगे। विवि में वर्त्तमान राज्यपाल का पहलीबार आगमन होगा. स्थापना दिवस की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी. 43 वें स्थापना दिवस समारोह में राज्यपाल के आगमन को लेकर पुरे विवि परिसर में हर्ष एवं उल्लास का माहौल है। समारोह के विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री, झारखंड सरकार बादल होंगे। समारोह में कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन एवं उपलब्धियों को प्रस्तुत किया जायेगा। आयोजन सचिव एवं डीएसडब्लू डॉ बीके अग्रवाल ने बताया कि समारोह के दौरान पुरे राज्य से चिन्हित किसानों, सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों, एग्रीयूनीस्पोर्ट्स के सिल्वर मेडलिस्ट छात्र सतीश पहान तथा निबंध प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी एवं कर्मचारी को सम्मानित किया जायेगा। मुख्य समारोह से पहले विवि के वानिकी संकाय परिसर में पूर्वाहन 11.00 बजे राज्यपाल के द्वारा देश के पहले गिलोय प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन किया जायेगा।

# बैंक एजुकेशन लोन पर पेरेंट्स व छात्रों को कर रहे हैं परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने रांची सहित झारखंड के कई बैंकों द्वारा छात्रों को दिए गए एजुकेशन लोन के आड़ में अभिभावकों एवं छात्रों को लगातार किए जा रहे प्रताड़ना पर भारी रोष व्यक्त किया है। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि कई अभिभावकों ने इस संबंध में शिकायत की है। श्री राय ने कहा है कि हजारों होनहार छात्रों ने इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं अन्य उच्च पढ़ाई के लिए विभिन्न बैंकों से एजुकेशन लोन लिया हुआ है? जिसमें कई छात्रों को निर्धारित समय पर जॉब नहीं मिल सका। जिसके कारण कई छात्रों ने अपनी पढ़ाई को निरंतर जारी रखे हुए हैं। एवं सरकारी नौकरी के लिए भी अप्लाई किए हुए। किंतु कई बैंकों के प्रबंधकों ने ऐसे छात्रों पर लोन जमा करने के लिए बहुत सख्ती बरत रही है। जबकि ऐसे कई छात्र बैंकों से लोन वापस करने के लिए 6 महीना से 1 साल का समय की गुहार लगाई है। किंतु बैंक के प्रबंधक ने उन छात्रों एवं उनके अभिभावकों को बार-बार प्रताड़ना करने का कार्य कर रही है। जो कि सरासर बिल्कुल गलत है। जिसके कारण छात्रों एवं अभिभावकों की मानसिक स्थिति पर भी इसका अनुकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे बैंकों को चिन्हित कर झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन उन बैंकों के खिलाफ शीघ्र आंदोलन चलाएगी।

## बरनवाल सेवा ट्रस्ट रांची का स्थापना दिवस



**रांची।** शनिवार को बरनवाल सेवा ट्रस्ट, राँची के स्थापना दिवस की छठी वर्षगांठ स्वयंवर वाटिका, कोकर, राँची में मनाई गई। मुख्य अतिथि महेंद्र मोदी, एक्स डीजीपी, उत्तर प्रदेश थे। अध्यक्ष डॉ टीपी बरनवाल ने ट्रस्ट के कार्य कलाप के बारे में अवगत कराया। ट्रस्ट समाज के जरूरतमंद लोगों के मदद के लिए हमेशा तत्पर रहता है।अहिबरन भवन के निर्माण हेतु सहयोग राशि के लिए अपील की। वार्षिक पत्रिका स्पंदन 5 का विमोचन किया गया। पत्रिका में प्रकाशित स्वरचित रचना को कवयित्री खुशबू बरनवाल ने प्रस्तुत किया। मंच संचालन श्री विकास बरनवाल ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। हजारीबाग, पतरातु और भुरकुंडा से भी कई बंधु इस कार्यक्रम में भाग लेने रांची पहुंचे। लगभग 200 बंधुओं ने भाग लिया और सुस्वादु भोजन का आनंद लिया। कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## काम से लौट रहे होटल कर्मी से लूटपाट, आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** वरीय संवाददाता अरगोड़ा थाने की पुलिस ने होटल कर्मी से लूटपाट करने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपी का नाम मो नाहिद है और वह हिंदपीढ़ी निजाम नगर का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि अरगोड़ा इलाके का रहने वाले आकाश कुमार भुईया शुक्रवार की रात होटल से काम कर अपने घर लौट रहा था। कडरू पुल के पास जब वह पहुंचा तो आरोपी ने उन्हें रोका। खैनी की मांग की। कर्मी ने खैनी नहीं होने की बात कही। इसी बीच आरोपी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जेब रखे छह सौ रुपए निकाल लिया। धमकी दी कि जल्दी चले जाओ नहीं तो जान से मार देंगे। इसके बाद आकाश सीधे अरगोड़ा थाना पहुंचा और मामले की जानकारी पुलिस को दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने कडरू पुल के पास पहुंची। आरोपी उसी आसपास में दूसरा शिकार ढूंढ रहा था। इसी दौरान पुलिस आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है।

## इतवार बाजार से बाइक की चोरी

**रातू।** थाना क्षेत्र के इतवार बाजार से रविवार को बाइक की चोरी कर अपराधी फरार हो गये। भुक्तभोगी रातू विवेकानंद कॉलोनी निवासी प्रमोद तिवारी अपनी काली रंग की स्प्लेंडर बाइक जेएच01बीबी- 8307 में सवार होकर बाजार पहुंचे व बाइक खड़ा कर बाजार के अंदर चले गये। सब्जी खरीदने के बाद जब वापस बाइक के पास पहुंचे तो बाईक को गायब पाया। मामले को लेकर भुक्तभोगी प्रमोद ने रातू थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ बाईक चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बकरीद को लेकर मस्जिद कमेटी के लोगों ने की बैठक


**मुरी।** मुरी ओपी थाना अंतर्गत रविवार के दिन बकरीद पर्व को लेकर रेलवे मस्जिद कमेटी के लोगों के द्वारा एक आवश्यक बैठक मुरी ओ पी थाना में थाना प्रभारी विपुल कुमार ओझा की अध्यक्षता में की गई। थाना प्रभारी द्वारा कमेटी के लोगों को कहा गया कि बकरीद का पर्व भाई चारे के साथ तथा शांतिपूर्वक एवं सौहार्दपूर्ण्र तरीके से मनाएं। सार्वजनिक जगहों पर कुबार्नी ना दें। झारखंड सरकार द्वारा तय किए गए दिशानिर्देशोंका पालन करते हुए त्योहार को मनाएं।

# बकरीद पर्व को लेकर थाना में शांति समिति बैठक संपन्न



**सिल्ली।** सिल्ली थाना परिसर में शनिवार को बकरीद पर्व को शांति पूर्ण एवं भाईचारा के साथ मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन आशीश लकड़ा ने किया। अगामी होने वाले बकरीद त्योहार को सौहर्दपुर्ण एवं भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है। क्षेत्र में किसी प्रकार का हिंसक व अप्रिय घटना ना हो इसके लिए सभी लोगों के सहयोग की जरूरत है। सिल्ली डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने कहा की बकरीद त्योहार को शांति पुर्ण वातावरण मे भाइचारा के साथ मिलजुल कर मनाए किसी प्रकार का अफवाह ना फैलाए ना ही अफवाहों पर ध्यान दे। इस मौके पर इंस्पेक्टर नीरज कुमार, ओपी प्रभारी विपुल ओझा, सिल्ली थाना प्रभारी आकाश दीप, जनप्रतिनिधि, बुध्दिजीवी समेत शांति समिति के सदस्य गण मौजूद थे।

# झारखंड राज्यस्तरीय फुटबाल रेफरियों का हुआ फिटनेस व लिखित परीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड फुटबॉल संघ के निर्देशानुसार रेफरी एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला फुटबॉल संघ लोहरदगा के तत्वाधान में आज दिनांक 25/06/2023 को झारखंड के विभिन्न जिलों से आए 85 फुटबॉल रेफरी का फिटनेस टेस्ट एवं लिखित परीक्षा संपन्न हुआ। फिटनेस टेस्ट में महिला की 29 एवं 14 पुरुष रेफरी सफल हुए। सफल हुए प्रतिभागियों का लिखित परीक्षा लिया गया। लिखित परीक्षा के परिणाम मैं जो सफल आएंगे उनका रिजल्ट ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के हेड ऑफ द रेफरी जेएफए द्वारा भेजा जाएगा। तदोपरांत एआईएफएफ के अनुमोदन के बाद सभी जिला फुटबॉल संघ को अवगत करा दिया जाएगा' उसके बाद झारखंड रेफरी बोर्ड द्वारा रेडियो का प्रैक्टिकल और मौखिक परीक्षा लिया जाएगा। ज्ञात हो कि 24/06/2023 को सभी रेफरी और ऑब्जर्वर लोहरदगा पहुंच चुके थे जहां खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन किया गया। रजिस्ट्रेशन के उपरांत परीक्षा से संबंधित हर पहलुओं पर परीक्षार्थी को अवगत कराया गया इस अवसर पर जिला फुटबॉल संघ लोहरदगा के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक श्री सुखदेव भगत मुख्य रूप से उपस्थित थे, जिन्हें झारखंड ऑफिस बोर्ड के चेयरमैन द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल का संचालन में जिन रेफरी की भूमिका रहती है विश्व के पटल पर उनका नाम होता है आप फिटनेस टेस्ट लिखित परीक्षा और आगे आने वाली सभी परीक्षाओं मैं सफल हो ,जिसके लिए आप अभी से अपने लक्ष्य को निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ते जाएं। इस अवसर पर झारखंडफुटबॉल रेफरी बोर्ड के चेयरमैन सुरेंद्र बहादुर सिंह, उदय मिश्रा, जॉन वेसली, शूजाउद्दीन राजा, साजिद अहमद, मिलर रावत, रोशन मुंडा फूलदेव उरांव, वीरेंद्र यादव आदि ने सफल आयोजन में अपना विशेष योगदान दिया।

## श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का हुआ आयोजन

**रांची।** पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 92 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफलता पूर्वक वितरण किया गया। रविवार को 93 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन श्री कृष्ण महिला समिति के सदस्या एवम गुरु महाराज के परम भक्तिभावी शिष्यों और उनके परिवार के सौजन्य से किया। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रविवार पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम आश्रम) के प्रांगण में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल एवं निर्मल जालान की देखरेख में भंडारे का आयोजन किया गया।

**सहायता**

## विधायक ने बच्चों के बीच सोलर लैंप लाइट का किया वितरण

# शिक्षा को बढ़ावा देना पहली प्राथमिकता




**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
शिक्षा एक ऐसी व्यवस्था है जो किसी भी सभ्यता को महान बनाने का काम करती है। उक्त बातें रविवार को बेड़ो प्रखंड के केशा सेमरा गांव में बच्चों के पढ़ाई के लिए अभिभावकों के बीच सोलर लैंप लाइट का वितरण करते हुए मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कि गांव स्तर के आदिवासी समाज को शिक्षित करना है, जिससे वे अपने समाज के लोगों में सही दिशा और दशा प्रदान कर सके, जिससे आने वाले समय में गांव के सभी लोग शिक्षित होंगे और गांव के साथ देश का विकास करेंगे। हमारा आदिवास समाज आज भी शिक्षा का काफी वंचित है मुझे शिक्षा की ज्योत जलाकर गांव में इसका विकास करना है। जब हमारे लोग शिक्षित हो जायेंगे तो गांव का विकास होगा। शिक्षा परंपरा शुरू हो जायेगी। हर लोग शिक्षित होंगे। बच्चों की शिक्षा के लिए हर तरह का प्रयास किया जायेगा, शिक्षा से कोई भी समझौता नहीं किया जायेगा। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि केशा सेमरा गांव के ग्रामीणों ने रात्रि में लाइट कट जाने के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो जाने की समस्याएं बताई। जिसके बाद विधायक ने ग्रामीणों की समस्या का तत्काल निराकरण करते हुए बच्चों को रात्रि में पढ़ाई में कोई दिक्कत ना हो इसे लेकर उन्होंने अभिभावकों के बीच में सोलर लैंप लाइट का वितरण किया। वहीं उन्होंने गांव के लोगों को कोई भी दिक्कत होती है तो उन्हें बनोहरा आवास में आकर मिले, आपकी समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। आपलोगों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। आपलोगों को अपना बहुतमूल्य वोट देकर मुझे जिताया है जिसका में काफी अभारी हुं। क्षेत्र का विकास होगा तभी हमारे गांव का विकास होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी और सड़क के लिए के विकास के लिए हम तत्पर हैं।

मौके पर जिला परिषद सदस्य पश्चिमी बेरोनिका एक्का, उप प्रमुख, विधायक प्रतिनिधि शमशाद आलम समेत कई लोग मौजूद थे।

## विधायक ने मृतक के परिजनों से की मुलाकात

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड अंतर्गत केशा पंचायत के नारी गांव निवासी 21 वर्षीय विष्णु उरांव का पूर्व में कुदलोंग रेलवे फाटक के पास रोड एक्सीडेंट में घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। इसकी जानकारी पार्टी कार्यकर्ता एवं अखबार के माध्यम से विधायक को मिली। जिसके बाद विधायक ने मृतक के आवास नारी गांव पहुंची। जहां शौकाकुल परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। विधायक ने तत्काल मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद के तौर पर कुछ सहयोग राशि दिए एवं डीलर से बोलकर एक बोरा राशन की व्यवस्था कराया। साथ ही आगे किसी भी परिस्थिति में मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। वहीं दूसरी ओर प्रखंड के पांडेपारा गांव निवासी 8 वर्षीय खुशी उरांव की मांडर प्रखंड के तटकुंदो गांव मेहमानी के दौरान वज्रपात से मौत हो गई थी। जिसके बाद उन्होंने मृतक 8 वर्षीय खुशी उरांव के गांव बेड़ो प्रखंड के पांडेयपारा पहुंचकर उनके परिजनों से मिली। मौके पर पार्टी कार्यकर्ता समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

# नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 26 और 28 जून को



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कांके रोड चांदनी चौक स्थित रश्मिरथी परिसर में नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन 26 से 28 जून तक होगा। कुल 750 वर्ग फीट क्षेत्र में निर्मित 33 फीट ऊंचे इस मंदिर में नर्मदेश्वर शिवलिंग,संगमरमर के भगवान विष्णु, भगवान सूर्य, विघ्नहर्ता गणेश, माता पार्वती, हनुमान जी और नन्दी जी की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। रश्मिरथी सोसाइटी के अध्यक्ष श्री नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के मुख्य ऋत्विक डॉ बालेश्वर नाथ पाठक होंगे जो कुल 5 अर्चकों के साथ विधि-विधान पूर्वक तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न कराएंगे। सोमवार 26 जून को सुबह 7:30 बजे रश्मिरथी परिसर से कलश यात्रा निकलेगी जिसमें सभी निवासीगण (पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे) कांके डैम जाएंगे। वहां पर जलपूजन के पश्चात कलश में पानी लेकर सभी लोग मंदिर में लाकर रखेंगे। सबके लिए कलश की व्यवस्था कमेटी के तरफ से की गयी है ।कलश यात्रा के बाद पंचांग पूजन तथा जलाधिवास (सभी देवी देवताओं का जल से स्नान) एवम् अन्नाधिवास (अन्न में निवास)का कार्यक्रम है, जो अपरान्ह 3 बजे तक चलेगा। मंगलवार 27 जून को प्रातः 8 बजे से फलाधिवास (देवी देवताओं का फल में निवास), पुष्पाधिवास (पुष्प में निवास) नवग्रह पूजन तथा विशेष पूजा का आयोजन है जो अपराह्न 3 बजे तक चलेगा। आखिरी दिन 28 जून को नवग्रह पूजा, प्राण प्रतिष्ठा एवं मूर्ति स्थापना, निवासियों का परिसर में भ्रमण, पूजन, हवन, आरती एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम है ।शाम साढ़े छः बजे से भजन संध्या एवम भंडारा का आयोजन किया गया है। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के मुख्य यजमान के रूप में श्री विजयेंद्र नाथ झा सपत्नीक उपस्थित रहेंगे। मंदिर निर्माण का समस्त कार्य मंदिर कमेटी के सदस्यों ए के सिंह, अजय कुमार, एम के सिंह एवं सुमन ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमे श्याम नंदन सिंह ने मंदिर निर्माण में विशेष भूमिका निभाई।

# तीसरे ट्रायल में पहुंची वंदे भारत पटना से रांची



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस का तीसरा और अंतिम ट्रायल रन किया गया। यह ट्रेन रविवार को रांची में एक बजे पहुंची। इसके बाद चार बजकर 15 मिनट पर पटना के लिए रवाना हो गई। इसके पहले ट्रेन कोडरमा 9.39 पर पहुंची और दो मिनट के स्टॉपेज के बाद कोडरमा स्टेशन से अपने अगले गंतव्य स्थान हजारीबाग टाउन के लिए रवाना हो गई। प्लेटफार्म संख्या 6 खाली नहीं होने के कारण यह ट्रेन कोडरमा में हावड़ा दिल्ली डाउन लाइन के प्लेटफार्म संख्या 3 पर रुकी और उसी प्लेटफार्म से उसे हजारीबाग, बरकाकाना, रांची नई रेल लाइन पर कोडरमा से शिफ्ट किया गया। इससे पहले 12 जून को पहला और 18 जून को दूसरा ट्रायल रन किया गया था। वंदे भारत एक्सप्रेस में कोडरमा से क्रू मेंबर सवार हुए, जो ट्रेन को रांची लेकर गए। पटना-रांची के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का उद्घाटन 27 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हरी झंडी दिखाकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूर्वाह्न 10:30 बजे करेंगे। यह ट्रेन पटना से हटिया तक चलेगी। इस रूट पर दो बार ट्रायल रन सफल रहा है। कोडरमा के स्टेशन प्रबंधक रविंद्र कुमार ने बताया कि 27 जून को उद्घाटन होने के बाद यह ट्रेन नियमित तौर पर सप्ताह में मंगलवार छोड़कर छह दिन रांची से पटना तक चलेगी। कोडरमा, हजारीबाग, बरकाकाना समेत कई स्टेशनों पर इसका ठहराव होगा। वंदे भारत ट्रेन हटिया स्टेशन से अपराह्न बाद 3:55 बजे खुलेगी और शाम 4:10 बजे रांची स्टेशन पहुंचेगी। पांच मिनट के स्टॉपेज के बाद शाम 4:15 बजे पटना के लिए रवाना होगी। यह रात 10:10 बजे पटना पहुंचेगी। ट्रेन 6:15 घंटे में 385 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इसकी औसतन गति 61 किलोमीटर होगी। समय-सारिणी स्वीकृति होते ही ट्रेन का परिचालन शुरू हो जाएगा।

## स्पीड पकड़ेंगी 448 किलोमीटर की हाईवे परियोजनाएं

**रांची।** मुख्य सचिव सुखदेव सिंह और एनएचएआई चेयरमैन संतोष कुमार यादव की झारखंड मंत्रालय में शुक्रवार को हुई बैठक के दौरान इन सड़कों के निर्माण में तेजी लाने के उद्देश्य से समस्याओं के जल्द समाधान पर चर्चा हुई। इसके लिए संबंधित विभागों, अधिकारियों के बीच बैठकें की जाएंगी। फॉरेस्ट क्लीयरेंस की प्रक्रिया में वन विभाग के अधिकारियों की मदद ली जाएगी। भूमि अधिग्रहण में भू-राजस्व विभाग के पदाधिकारियों और उपायुक्तों को आपस में बेहतर समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया गया है। एनएचएआई की ओर से जानकारी दी गई है कि करीब 17 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं पर काम शुरू करने के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी कर एजेंसी का चयन कर लिया गया है। लेकिन परियोजना से संबंधित 90 प्रतिशत भूमि का अधिग्रहण हो जाने के बाद ही निर्माण कार्य शुरू किया जा सकता है।

## झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड नाराज

# पहाड़ी मंदिर की दानपेटी खोलने की क्यों नहीं दी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची। नवगठित झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड ने बिना न्यास बोर्ड को जानकारी दिए ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर की दानपेटी को खोले जाने पर गहरी नाराजगी जतायी है। पहाड़ी मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष होने के नाते रांची डीसी को पत्र लिखकर न्यास बोर्ड ने पूछा है कि किसके आदेश पर पहाड़ी मंदिर की दान पेटी खोली गई और न्यास बोर्ड गठित हो जाने के बावजूद उसे इसकी जानकारी क्यों नहीं दी गयी। झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य राकेश सिन्हा ने कहा कि बिना न्यास बोर्ड को जानकारी दिए, पहाड़ी मंदिर की दानपेटी खोलना एक गंभीर मुद्दा है। इस मामले में अभी तक डीसी की ओर से न्यास बोर्ड द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि 26 जून को होने वाली धार्मिक न्यास बोर्ड की दूसरी बैठक में इस विषय को भी लाया जाएगा और बोर्ड इस मामले में आगे के प्लान ऑफ एक्शन का फैसला करेगा।क्या है पूरा मामलाः 18 जून 2023 को पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सचिव सदर एसडीओ के आदेश से पहाड़ी मंदिर की दान पेटी खोली गयी थी। प्रशासन की ओर से हटिया की मजिस्ट्रेट स्मृति कुमारी की उपस्थिति में दान पेटी में भक्तों द्वारा दान किये गए राशि एवं अन्य सामानों की गिनती हुई थी।

# उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी नहीं हो रहा भवनों का नक्शा पास



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आरआरडीए और रांची नगर निगम में लोगों के मकान का नक्शा अब तक पास नहीं हो पा रहा है। जबकि एक महीने पहले ही हाईकोर्ट ने निगम और आरआरडीए को नक्शा पास करने की अनुमति दे दी है। निगम और आरआरडीए में नक्शा पास कराने में हो रही धांधली को लेकर हाईकोर्ट ने वर्ष 2022 के दिसंबर माह में ही नक्शा पास कराने अनुमति पर रोक लगाई थी। इस वजह से पिछले कई महीनों से नक्शा पास की प्रक्रिया निगम और आरआरडीए में नहीं हो रही थी।ये भी पढ़ेः रांची नगर निगम के नगर आयुक्त ने की राजस्व वसूली की समीक्षा, कहा- टैक्स कलेक्शन के लिए 23 फॉर्मूले पर काम करें पदाधिकारी और एजेंसीलोगों की परेशानी को देखते हुए हाईकोर्ट ने पिछले महीने एक बार फिर निगम और आरआरडीए को नक्शा पास करने की अनुमति दे दी है। हाईकोर्ट की तरफ से यह भी स्पष्ट किया गया है कि निगम नक्शा बनाने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाएं ताकि नक्शा पास कराने में अनियमितताएं ना हो सके, लेकिन हाईकोर्ट के आदेश के एक महीना बीत जाने के बावजूद भी नगर निगम से अब तक एक भी नक्शा पास नहीं हो पाया है।निगम के पदाधिकारी बताते हैं कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद निगम ने ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से नक्शा पास कराने की सुविधा शुरू कर दी है, लेकिन तकनीकी समस्या की वजह से निगम के द्वारा नक्शा पास नहीं किया जा रहा है। निगम के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर विकास विभाग के द्वारा नियुक्त किए गए सॉफ्टेक एजेंसी की तरफ से इस पर काम किया जा रहा है।

# डीसी ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



जिनकी उम्र एक जुलाई और एक अक्टूबर को 18 वर्ष पूरा हो रहा है, वे वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। इसके लिए उन्हें फॉर्म-6 भर कर आवेदन करना होगा। साथ ही जिन मतदाताओं को वोटर लिस्ट से नाम हटवाना है उसके लिए भी जिला निर्वाचन कार्यालय ने ऑप्शन दे दिया है। नाम हटवाने के लिए फॉर्म-7 भर कर जमा करना होगा। डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने जिले के सभी बीएलओ को निर्देश दिया है कि घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करें और जो नये वोटर हैं, उनका फॉर्म भरवायें। मतदाता में किसी प्रकार की त्रुटि को भी सुधार कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें फॉर्म-8 भरना होगा। वर्ष 2014 एवं वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में वैसे मतदान केंद्र जहां 10 प्रतिशत से कम मतदान हुआ है, डीसी ने वैसे मतदान केंद्रों की पहचान कर मतदाताओं के बीच मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान चलाने को कहा है। डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 17 अक्टूबर को मतदाता सूची के ड्राफ्ट का पब्लिकेशन होगा। इसके बाद विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की कार्रवाई की जायेगी, जिसमें 17 अक्टूबर से 30 नवंबर तक मतदाता अपना दावा एवं आपत्ति दर्ज करा सकेंगे, जिसका निष्पादन 26 दिसंबर तक कर लिया जायेगा। इसके बाद पांच जनवरी 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा।

## प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विवि में मातेश्वरी जगदंबा की पुण्यतिथि मनी



**रांची।** रांची के पिठौरिया स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रविवार को प्रथम प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की पुण्य तिथि मनायी गयी। मौके पर आश्रम की संचलिका बी के राजमती ने कहा कि हम हर कार्य को एक सार्थक और बेहतर जीवन जीने के लिए कर सकतें हैं।उन्होंने जीवन में सुख शांति की अनुभूति और अपने कर्म को श्रेष्ठ बनाने के लिए संस्था की ओर से सिखाए जा रहे आध्यात्मिक ज्ञान को जीवन में धारण करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि यज्ञ रक्षक मातेश्वरी जगदंबा ने इस धरा पर युगांतकारी परिवर्तन का संवाहक बनकर हजारों आत्माओं को मानस पटल पर परमपिता शिव के ईश्वरीय ज्ञान की जो अमिट छाप लगाई है, वह वर्तमान समय में लाखों मनुष्य आत्माओं के जीवन को आलोखिक कर रहा है। इस प्रकार मातेश्वरी जगदंबा के रूप में परमात्मा ने इस संसार में ब्रह्मा वत्सो तथा लाखो मनुष्य आत्माओं को मातृत्व की सुखद आंचल की छत्र छाया की पालना करके अपने ममता छाई स्वरुप को प्रकट किया है। ऐसे महान विभूति के पुण्य स्मृति दिवस पर हम सभी दिव्य गुणों को धारण करने पर विशेष संकल्प करेंगे। इस अवसर पर सभी लोगों ने माता के तस्वीर पर माल्यार्पण और श्रद्धा सुमन अर्पित कर जीवन में दिव्य गुणों को धारण करने का संकल्प लिया।

## रांची के मोरहाबादी मैदान में सेना भर्ती रैली एक जुलाई से



**रांची।** मोरहाबादी मैदान में एक से नौ जुलाई तक अग्निवीरों की भर्ती होगी। यह सिर्फ पुरुषों के लिए होगा। इस संबंध में सेना भर्ती कार्यालय के भर्ती निदेशक कर्नल राजेश कुमार ने सूचना जारी की है। इसके मुताबिक राज्य के सभी 24 जिलों के योग्य पुरुष कैंडिडेट सेना भर्ती रैली में शामिल हो सकते हैं।सामान्य प्रवेश परीक्षा में पास कैंडिडेट के रजिस्टर्ड मेल आईडी पर 12 जून को ही भर्ती कार्यालय द्वारा प्रवेश पत्र दिया जा चुका है। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र पर दी गयी तिथि, समय और बताये गये स्थान पर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी है। किसी भी कैंडिडेट को ऑनलाइन जेनरेट किए गये रंगीन प्रवेश पत्र के बिना अनुमति नहीं मिलेगी। विस्तृत जानकारी वेबसाइट से ले सकते हैं। इसके अलावा सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक सेना भर्ती कार्यालय से भी संपर्क किया जा सकता है।

# सिटीजन फोरम के कोर कमेटी सदस्यों की बैठक आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची नगर निगम (आरएमसी) सिटीजन फोरम के कोर कमेटी सदस्यों की बैठक संयोजक दीपेश कुमार निराला की अध्यक्षता में बिरसा चौक स्थित प्रकाश नगर में आयोजित की गई। इसमें फोरम की सांगठनिक रूपरेखा सहित आगामी कार्यक्रमों की चर्चा की गई और अभी तक हुए विगत कार्यों की समीक्षा की गई। फोरम के औपचारिक कार्यों के लिए कोर कमेटी सदस्यों की ओर से तीन लोगों को दायित्व दिया गया, जिसके तहत अध्यक्ष के रूप में दीपेश कुमार निराला, सचिव के रूप में सुशील क्रांतिकारी और कोषाध्यक्ष के रूप में विनोद जैन बेगवानी का चुनाव किया गया तथा शेष समस्त कोर कमेटी सदस्यों को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रखा गया। फोरम का अन्य संगठनों के साथ कोआर्डिनेशन के लिए रेणुका तिवारी को अधिकृत किया गया। आगामी जुलाई महीने में फोरम की वार्ड बैठक चुटिया में आयोजित करने का कार्यक्रम बना, जिसकी जिम्मेदारी विनोद जैन बेगवानी और विवेक महारथी ने संयुक्त रूप से ली। साथ ही नगर विकास और आवास विभाग एवं रांची नगर निगम के पदाधिकारियों से औपचारिक भेंट वार्ता कर जनसमस्याओं से अवगत करवाने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया।

## रांची के पूर्व उपमहापौर ने फैंटेसी कल्चरल एकेडमी का किया उद्घाटन

**रांची।** रांची के पूर्व उपमहापौर अजय नाथ शाहदेव ने बिरसा चौक के प्रकाश नगर में फैंटेसी कल्चरल एकेडमी का उद्घाटन किया। उन्होंने एकेडमी की संचालिका केया घोष और जिनिया घोष को बधाई दी। साथ ही बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के पढ़ाई के साथ-साथ एक्स्ट्रा करीकुलर एक्टिविटी भी काफी जरूरी है। ताकि विभिन्न क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त कर सभी बच्चे देश और राज्य का नाम रोशन करें। केया घोष ने बताया कि इस एकेडमी में बच्चों को नृत्य, संगीत, पेंटिंग सिखाया जायेगा। उद्घाटन समारोह में बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया।

# लूटपाट और स्नैचिंग करने वाले को पुलिस ने दबोचा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची और इसके आसपास के इलाकों में लूटपाट की दर्जनों वारदातों को अंजाम देने वाले शातिर स्नैचर समेत दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गुदड़ी चौक के राजन उर्फ सरफराज अली और जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के दीपाटोली निवासी मोहम्मद अबरार की गिरफ्तारी कांके थाना क्षेत्र के रिंग रोड स्थित संग्रामपुर से की गई है। लूटपाट करने वाले दोनों शातिरों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, दो कारतूस, 10 हजार रुपए और स्मार्ट वॉच के अलावा कई और सामान बरामद किए हैं। यह जानकारी ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने शनिवार को दी। आरोपी राजन उर्फ सरफराजदर्जनों छिनतई की वारदातों को अंजाम दे चुका है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ने बताया कि विगत शुक्रवार की देर रात को एसएसपी किशोर कौशल को रिंग रोड में दोनों के संदिग्ध हालत होने की सूचना मिली थी। कांके थानेदार के नेतृत्व टीम गठित की गई और दोनों को दबोच लिया गया। आरोपी राजन रांची व आसपास के इलाकों में एक दर्जन से ज्यादा छिनतई की वारदात कर चुका है। आरोपी राजन ने कांके में मई माह में चार छिनतई की वारदातें की थीं। इसके अलावा बरियातू, सदर, चान्हो व पिठोरिया में भी छिनतई व चोरी की है।

## राज्यपाल से की बीबीएमकेयू के कुलपति की शिकायत

**रांची।** झारखंड अभिभावक महासंघ के उपाध्यक्ष कुमार मधुरेंद्र सिंह ने राज्यपाल को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सुखदेव भोई की मनमानी की बात कही है। उन्होंने कुलपति पर ये आरोप लगाया है कि बीबीएमकेयू के अंदर आने वाले तीन कॉलेजों में पीजी की पढ़ाई को बंद कर दिया गया है। जिससे बोकारो के विद्यार्थियों को काफी दिक्कत होती है। वहीं फर्स्ट सेमेस्टर के एमआईएल हिंदी के लिए जब परीक्षा फॉर्म भरा जा रहा था तब छह क्रेडिट थे। जब परीक्षा का रिजल्ट आया तो उसमें चार क्रेडिट का ही नंबर दिया गया। इन्हीं मुद्दों को लेकर राज्यपाल को पत्र लिखा गया है। पत्र की कॉपी केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्यपाल के प्रधान सचिव, शिक्षा सचिव राहुल पुरवार को दिया गया है। मधुरेंद्र ने बताया कि इस संबंध में जब कुलपति से बात की गई तो उनका जवाब था सारा काम वीसी का नहीं है। मधुरेंद्र ने कुलपति का ट्रांसफर करने की भी मांग की है।

## घटनाएं झारखंड में साढ़े चार वर्षों में हत्या की 8787 वारदातें

# रांची में सबसे अधिक 794 हत्याएं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




झारखंड में साढ़े चार वर्षों में 8787 हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। राजधानी रांची में साढ़े चार वर्षों में सबसे अधिक 794 हत्या की वारदातें हुईं हैं। पुलिस मुख्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार राज्य में वर्ष 2019 में 2058 हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया। इनमें रांची में 189, धनबाद में 102, गिरिडीह में 135, हजारीबाग में 103, जमशेदपुर में 93, पलामू में 121, साहिबगंज में 85, दुमका में 72, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा )में 122, बोकारो में 88, लातेहार में 66, जामताड़ा में 28, सरायकेला में 64, सिमडेगा में 54, रेल धनबाद में छह, रेल जमशेदपुर में चार, देवघर में 97, गोड्डा में 76, गुमला में 128, लोहरदगा में 33, चतरा में 67, गढ़वा में 138, कोडरमा में 37 खूंटी में 81, रामगढ़ में 36, और पाकुड़ में 33 शामिल है। वर्ष 2019 में सबसे अधिक हत्या की वारदात राजधानी रांची में हुई है। इसी प्रकार वर्ष 2020 में 1996 हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। इनमें रांची में 174, धनबाद में 108, गिरिडीह में 125, हजारीबाग में 124, जमशेदपुर में 111, पलामू में 124, साहिबगंज में 72, दुमका में 76 पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा )में 110, बोकारो में 84, लातेहार में 73, जामताड़ा में 35, सरायकेला में 53, सिमडेगा में 57, रेल धनबाद में तीन, रेल जमशेदपुर में एक, देवघर में 73, गोड्डा में 60, गुमला में 123, लोहरदगा में 35, चतरा में 75, गढ़वा में 106, कोडरमा में 46, खूंटी में 74, रामगढ़ में 38 और पाकुड़ में 36 शामिल है। वर्ष 2020 में राजधानी रांची में सबसे अधिक हत्या की वारदात हुई है। वर्ष 2021 में हत्या की 1986 वारदात को अंजाम दिया गया है। इनमें रांची में 190, धनबाद में 109, गिरिडीह में 127, हजारीबाग में 116, पलामू में 122, साहिबगंज 59, दुमका में 65 पूर्वी सिंहभूम (चाईबासा) में 114, बोकारो में 81, लातेहार में 53 ,जामताड़ा में 35, सरायकेला में 68, सिमडेगा में 39, रेल धनबाद में तीन, रेल जमशेदपुर में दो, देवघर में 99, गोड्डा में 66, गुमला में 123, लोहरदगा में 30, चतरा में 61, गढ़वा में 137, कोडरमा में 38, खूंटी में 65, रामगढ़ में 35 और पाकुड़ में 43 शामिल है। वर्ष 2022 में हत्या की 18 86 वारदात को अंजाम दिया गया है। इनमें रांची में 172, धनबाद में 102, गिरिडीह में 117, हजारीबाग में 114, पलामू में 115 ,जमशेदपुर में 93, साहिबगंज में 56 दुमका में 86 पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में 114, बोकारो में 74, लातेहार में 54, जामताड़ा में 31, सरायकेला में 79, सिमडेगा में 47, रेल धनबाद में दो, रेल जमशेदपुर में पांच, देवघर में 113, गोड्डा में 50, गुमला में 90 ,लोहरदगा में 30 ,चतरा में 65 ,गढ़वा में 113, कोडरमा में 34, खूंटी में 65, रामगढ़ में 38 और पाकुड़ में 27 शामिल है। इसी प्रकार वर्ष 2023 में अब तक 861 हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। इनमें रांची में 69, धनबाद में 51, गिरिडीह में 60, हजारीबाग में 56, साहिबगंज में 30, दुमका में 30 ,चाईबासा में 63, बोकारो में 38, लातेहार में 23, जामताड़ा में नौ, सरायकेला में 19, सिमडेगा में 22, रेल धनबाद में एक, देवघर में 48, गोड्डा में 27, गुमला में 31, लोहरदगा में 12, चतरा में 42, गढ़वा में 59, कोडरमा में 29, खूंटी में 22, रामगढ़ में 18 और पाकुड़ में 12 शामिल है।

## अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता को आईएमए ने किया सम्मानित

**रांची।** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तत्वधान में रांची के बहू बाजार स्थित इमा कराटे स्टूडियो में इमा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इमा के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने स्वर्ण पदक विजेता अक्शज जयसवाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य खिलाड़ियों को ब्लैक बेल्ट पहनाकर सम्मानित किया गया। बता दें कि अक्शज जयसवाल ने दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था। कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन द्वारा ब्लैक बेल्ट प्राप्त करने वाले खिलाड़ी इंद्रजीत घोष को ब्लैक बेल्ट चार डान, राजवीर सिंह को ब्लैक बेल्ट दो डान से नवाजा गया। वहीं सुदेश कुमार महतो, उमाशंकर महतो, एनी कोनगाड़ी और वीरा मून को ब्लैक बेल्ट एक डान से सम्मानित किया। इसके अलावा शिहान सुनील किस्पोट्टा ने वीरा मून के ब्राउन बेल्ट को हटाकर ब्लैक बेल्ट पहनाकर सम्मानित किया। अन्य सभी खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट दिया गया। इस अवसर पर इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के अध्यक्ष संसाइ अनिल किस्पोट्टा, राकेश तिर्की और कई खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## मालगाड़ी के डिरेलमेंट की वजह से कई ट्रेनें प्रभावित

रांची। आद्रा मंडल में मालगाडी के अवपथन (डिरेलमेंट) की वजह से रांची रेल मंडल से परिचालित कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगीं । रविवार को रेल विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 18036 हटिया झ खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ 25 जून को रद्द रहेगी। जबकि ट्रेन संख्या 08695/08696 बोकारो स्टील सिटी झ रांची झबोकारो स्टील सिटी पैसेंजर स्पेशल ट्रेन यात्रा प्रारम्भ 25 जून को रद्द रहेगी। इसके अलावा ट्रेन के मार्ग में परिवर्तन भी किया गया है। इनमें ट्रेन संख्या 18628 रांची - हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ 25 जून को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग कोटशिला - पुरुलिया - टाटानगर - खड़गपुर होकर चलेगी। वहीं दूसरी ओर ट्रेन संख्या 18085 खड़गपुर - रांची एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ 25 जून को आंशिक समापन गोदपियाशाल स्टेशन पर होगा।

## आरयू में आज एनएसएस स्वयंसेवक होंगे सम्मानित

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों के लिए सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में होगा। अध्यक्षता कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा करेंगे। मुख्य अतिथि सीसीएल सीएमपी पीएम प्रसाद और विशिष्ट अतिथ सांसद संजय सेठ होंगे। एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2022-23 में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने उत्कृष्ट कार्य के साथ-साथ राज्यस्तरीय, क्षेत्रीय स्तरीय व राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए रांची विश्वविद्यालय का मान-सम्मान बढ़ाया है। इन स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, रक्तदान शिविर, राष्ट्रीय एकीकरण शिविर, गणतंत्र दिवस परेड शिविर, राष्ट्रीय साहसिक शिविर, विशेष शिविर, मुस्कान क्लासेज, ईच वन टीच वन, युवा एक्सचेंज कार्यक्रम, फिट इंडिया अभियान, स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति अभियान, मतदाता जागरुकता अभियान सहित कई सामाजिक मुद्दों पर प्रभावी भूमिका निभाते हुए युवाओं को भी जागरूक किया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के 110 ऐसे उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों के लिए सम्मान कार्यक्रम इन्हें और अधिक कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

## NEWS इन ब्रीफ

### चक्रधरपुर : पंप नदी में नहाने गए किशोर की डूबने से हुई मौत

**जमशेदपुर।** चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के पंप रोड स्थित पंप नदी में डूबने से एक पंद्रह वर्षीय किशोर की मौत हो गई. बताया जाता है कि रविवार को चक्रधरपुर के टोकलो रोड निवासी फैलु राय का पंद्रह वर्षीय पुत्र अनमोल राय अपने तीन दोस्तों के साथ चक्रधरपुर के पंप नदी में नहाने गया था. अनमोल पानी में तैरना नहीं जानता था. नहाने के दौरान ही वह गहरे पानी में चला गया. इसके बाद उसके दोस्त काफी देर तक उसकी खोजबीन करते रहे, लेकिन जब उसका पता नहीं चला तो आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी. थोड़ी देर बाद कुछ लोगों के प्रयास से अनमोल के शरीर को नदी से बाहर निकाला गया. इसके बाद आनन-फानन में उसे रेलवे अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. इधर घटना की सूचना पाकर अनमोल के परिजन व स्थानीय लोग रेलवे अस्पताल पहुंचे थे. इस घटना से अनमोल के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था.

### किरीबुरू : नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**चाईबासा।** किरीबुरु थाना पुलिस ने नाबालिग युवती को भगाकर ले जाने वाले आरोपी शमबाज आलम उर्फ शहबाज मंसूरी को रविवार को जमशेदपुर से नाबालिग के साथ गिरफ्तार कर लिया. सूत्रों अनुसार पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के निदेर्शानुसार, किरीबुरु के एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी फिलमोन लकड़ा के नेतृत्व में किरीबुरु पुलिस ने छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया. दोनों को पुलिस जमशेदपुर से किरीबुरु लाई है. हालांकि दोनों की गिरफ्तारी के बाबत अभी पुलिस कुछ भी नहीं बता रही है. बता दे कि प्रोस्पेक्टिंग निवासी 17 वर्षिय नाबालिग युवती को शहबाज आलम उर्फ शहबाज मंसूरी, पिता गोरेलाल द्वारा 23 जून की शाम को भगाकर ले गया था. युवती के पिता ने इस संबंध में किरीबुरू थाना में शनिवार को शिकायत दर्ज कराया था. इसमें उसने शहबाज पर दो लाख रुपये की फिरौती मांगने का भी आरोप लगाया था. किरीबुरू पुलिस ने घटना के कुछ देर बाद ही आरोपी को पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू कर दी थी. दोनों से पुलिस पूछताछ कर रही है.

### बकरीद में सोशल मीडिया पर रहेगा विशेष ध्यान : सीओ

**बोकारो।** बेरमो अनुमंडल के नावाडीह थाना परिसर में 25 जून रविवार को बकरीद त्योहार को लेकर प्रखंड प्रमुख पूनम देवी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई. बैठक में सीओ अशोक कुमार सिन्हा, बीडीओ संजय शांडिल्य व थाना प्रभारी मनीष कुमार उपस्थित थे. प्रमुख पूनम देवी ने बकरीद का पर्व सौहार्दपूर्ण व भाईचारे के साथ मनाने की अपील की. सीओ श्री सिन्हा ने कहा कि बकरीद के पर्व में सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान रहेगा. लोग सोशल मीडिया पर भड़काऊ बयानबाजी व फोटो शेयर न करें. अगर किसी तरह के अफवाह की जानकारी मिलती है तो तुरंत प्रशासन को खबर दें.

### चाईबासा सदर अस्पताल में बनेगा कैदी वार्ड

**चाईबासा।** स्वास्थ्य विभाग के अधीन सदर अस्पताल चाईबासा में कैदी वार्ड (महिला-पुरुष) के निर्माण की योजना के लिए 4 लाख 42 हजार 600 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी है. वित्तीय वर्ष 2023-24 राज्य स्कीम से कैदी वार्ड का निर्माण किया जाना है. इस योजना की आवंटित राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी सिविल सर्जन पश्चिम सिंहभूम होंगे. जो राशि की निकासी पश्चिम सिंहभूम कोषागार से करेंगे. जबकि राशि के नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे. अपर मुख्य सचिव ने सिविल सर्जन को काम का पर्यवेक्षण करने का निर्देश दिया है. साथ ही नियमित रूप से प्रतिवेदन उपायुक्त को सौंपने को कहा है.

# देवशयनी एकादशी 29 को, योग निंद्रा में चले जाएंगे भगवान विष्णु

### चार माह तक बंद रहेंगे मांगलिक कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** इस वर्ष देवशयनी एकादशी 29 जून को मनायी जाएगी. देवशयनी एकादशी सी चतुर्मास प्रारंभ हो जाएगा. जिस कारण सभी मांगलिक कार्य बंद हो जाएंगे. अन्य देवगण भी इस चार माह तक विश्राम में रहेंगे. संबंध में ज्योतिषाचार्य पंडित मार्कंडेय दुबे ने बताया कि इस चार माह भगवान श्रीहरि योग निद्रा में रहेंगे. देवशयनी एकादशी शुरू होते ही चार माह तक सभी तरह के मांगलिक कार्य, विवाह संस्कार सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान बंद रहेंगे. उन्होंने बताया कि आषाढ़ शुक्ल पक्ष देवशयनी एकादशी 29 जून को सुबह 3:18 बजे से शुरू हो जाएगा. देव शयनी एकादशी तिथि का का समापन 29-30 जून की देर रात 2:42 बजे हो जाएगा.

### देवशयनी एकादशी पूजा करने की विधि

इस दिन विधि पूर्वक शनि पूजा करने से श्रद्धालुओं को भगवान विष्णु का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है. भगवान विष्णु की आराधना करने के लिए एकादशी से प्रभावशाली कोई व्रत नहीं है. देवशयनी के दिन तुलसी दल की मंजरी, पीला चंदन, रोली, मोली, मिश्री व विभिन्न प्रकार के फल समेत धूप-दीप से भगवान वामन की पूरे भक्ति भाव से पूजा करनी चाहिए. इसके बाद रात के समय भगवान नारायण को प्रसन्न करने के लिए भजन कीर्तन के माध्यम से जागरण करना चाहिए.



# उम्रकैद की सजा काट रहे जेपी कारा के पांच बंदी रिहा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में आजीवन कारावास की सजा काट रहे पांच बंदियों को 25 जून को रिहाई मिल गई. सजा पुनरीक्षण बोर्ड की बैठक 28 मार्च को हुई थी. इसमें राज्य के विभिन्न जिलों के कई बंदियों को रिहाई के लिए स्वीकृति मिली. उनमें हजारीबाग लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा के भी पांच बंदी शामिल हैं. सभी बंदी हत्या के दोषी थे. जिनकी रिहाई हुई, उनमें कोडरमा जिले के सतगावां थाना क्षेत्र के खाब गांव निवासी झुमुक चमार और उन्हीं के परिवार से पारो चमार हैं. दोनों सतगावां थाना कांड संख्या 31/8 धारा 302, 34 के आरोप में पिछले 15 वर्षों से जेपी कारा में सजा काट रहे थे. इनके अलावा रामगढ़ जिले के मांडू थाना क्षेत्र के बड़गांव निवासी 80 वर्षीय भुनेश्वर भगत मांडू थाना कांड संख्या 302/2 धारा 302 के तहत पिछले 21 वर्षों से जेपी कारा में सजा काट रहे थे. गिरिडीह जिले के पीरटांड़ थाना क्षेत्र के हल्दी बेड़ा निवासी फुच्चू महली उर्फ रामबली महली पीरटांड़ थाना कांड संख्या 21/2006 धारा 302 के तहत पिछले 17 वर्षों से आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे. गिरिडीह जिले के श्रीरामपुर थाना अंतर्गत गादी गांव निवासी चुल्हन रवानी कांड संख्या 235 / 7 धारा 302 के तहत पिछले 16 वर्षों से आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे. सभी को कारा प्रशासन ने सम्मान पूर्वक रिहा किया. कारा अधीक्षक कुमार चंद्रशेखर ने कहा कि इनकी रिहाई जेल में रहते हुए बेहतर आचरण प्रस्तुत करने का परिणाम है.



### नावाडीह : ग्रामीणों ने सांसद चंद्रप्रकाश को सुनाई समस्या

**बोकारो।** नावाडीह प्रखंड अंतर्गत बिरनी पंचायत के बरमसिया गांव में 25 जून रविवार को ग्रामीणों की बैठक सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की मौजूदगी में हुई. मौके पर ग्रामीणों ने सांसद को गांव की समस्याओं से अवगत कराया. ग्रामीणों ने तालाब में मछली का टेंडर कराने, पानी की समस्या, स्कूल में शिक्षक की कमी आदि की जानकारी दी. सांसद ने ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद के डीएफओ से बात की और तालाब में मछली पालन का टेंडर गांव के लोगों की देने की बात कही. उन्होंने कहा कि गांव के बेरोजगार युवा मछली पालन कर अपनी जीविका का पालन करेंगे. उन्होंने विद्यालय में शिक्षक बहाल करने सहित अन्य समस्याओं का भी समाधान करने का आश्वासन दिया. मौके पर डुमरी विधानसभा प्रभारी यसोदा देवी, बोकारो जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष जयलाल महतो, दीपक महतो, सुरेश, मोहन महतो, गीता देवी, भागीरथ महतो, बॉबी पटेल, सोनू चौधरी, मनोज महतो, प्रयाग महतो, महेश महतो, पप्पू कुमार सहित अन्य ग्रामीण थे.

# धनबाद-बोकारो के 192 बच्चों व शिक्षकों ने पेंटिंग परीक्षा में लिया भाग

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** सिंफर स्टॉफ क्लब व बंगीय संगीत परिषद कोलकाता से संबद्ध हॉबी क्लब की ओर से 25 जून को सिंफर सामुदायिक भवन में वार्षिक पेंटिंग परीक्षा आयोजित की गई. परीक्षा में धनबाद और बोकारो जिले के 192 विद्यार्थियों व शिक्षकों ने हिस्सा लिया. परीक्षा में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को मार्केट, काइट फ्लाइंग, फेस्टिवल, फिशिंग, फ्रूट बास्केट समेत अन्य थीम पर पेंटिंग करने को दिया गया था. हॉबी सेंटर के डायरेक्टर और जाने-माने आर्टिस्ट शिवशंकर धर ने बताया कि विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों से कक्षा छह से 10वीं और उससे ऊपर के बच्चों के अलावे कई स्कूलों के शिक्षकों ने भी परीक्षा में भाग लिया. उन्होंने बताया कि परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों को मास्टर ट्रेनिंग दी जाएगी. परीक्ष की भूमिका कल्याण सेनगुप्ता ने निभाई. आयोजन को सफल बनाने में जोइता सोहनी धर, भविता चावड़ा, एकता राठौर, प्रीतेश राठौर बुद्धदेव, सिंफर स्टाफ क्लब के सांस्कृतिक सचिव शुभय कुमार प्रसाद और एसएन शर्मा का अहम योगदान रहा.



# विधायक ने अनाथ बच्चे के लिए सौंपा 50 हजार का चेक

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** विधायक सह निवेदन समिति सभापति उमाशंकर अकेला ने रविवार को चौपारण स्थित बहेरा के बारा निवासी राधिका सिंह उर्फ राधे सिंह के घर जाकर उन्हें 50 हजार रुपए का चेक सौंपा. ग्रामीणों ने विधायक के इस नेक काम के लिए उनकी पहल का स्वागत किया. विधायक ने यह भी कहा कि कुछ लोग उन्हें बदनाम कर समाज को गुमराह करते हैं. वैसे लोगों को पहचानने की जरूरत है. वह जात नहीं, जमात की राजनीति करते हैं और मानव सेवा में ज्यादा विश्वास रखते हैं. विधायक ने खासकर ब्रह्मऋषि समाज की स्टीयरिंग कमिटी के अध्यक्ष ब्रह्मदेव पांडेय उर्फ ज्योतिष बाबा और वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मी नारायण सिंह से आग्रह किया कि समाज में जाने-अनजाने कुछ कटुता है, तो उसे मिल बैठकर हल करने का प्रयास करें. राधे सिंह के बेटे धर्मेंद्र सिंह उर्फ सीटू सिंह की मौत 2017 में सड़क दुर्घटना में हो गई थी. उसके बाद उनकी पत्नी भी घर में नहीं रही. इस कारण उनके बच्चे अंश कुमार का भरण पोषण राधे सिंह करने लगे. उन्होंने अपनी मजबूरी विधायक को बताई. विधायक ने उनकी बातों को गंभीरता से लिया और मुख्यमंत्री राहत कोष से तत्काल 50 हजार रुपए का सहयोग किया.

## लापता सागर की कुएं में मिली लाश

**गिरिडीह।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मोतिलेदा पंचायत स्थित बनहत्ती गांव में रविवार 25 जून की सुबह एक कुएं से दो दिनों से लापता युवक की लाश बरामद होने से सनसनी फैल गई. मृतक युवक की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के अकदोनी खुर्द के रहने वाले अशोक गोप के 24 वर्षीय पुत्र सागर यादव के रूप में हुई है कुएं में लाश बरामद होने की खबर से मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई. सूचना पर बेंगाबाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कुएं से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा. बेटे की मौत से सदमें में डूबे परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं. मृतक युवक सागर यादव 22 जून को अपने घर से बनहत्ती स्थित फूफा के घर के बगल में शादी समारोह में शरीक होने आया था. 22 जून को शादी वाली रात से ही वो लापता था. काफी खोजबीन के बाद भी जब कुछ पता नहीं चला तो 24 जून को परिजनों ने थाने में सागर के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी.

## स्कूल की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराएंगे ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग के बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र स्थित बेलकप्पी में राजकीय बुनियादी विद्यालय को अतिक्रमणमुक्त कराने पर ग्रामीणों की सहमति बनी है. भूमि का सीमांकन कर बाउंड्री निर्माण कराने के लिए रविवार को बेलकप्पी शिवमंदिर प्रांगण में बैठक की गई. इसकी अध्यक्षता स्थानीय जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पांडेय और संचालन समाजसेवी नंदकिशोर ठाकुर ने किया. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विद्यालय भूमि की मापी कराते हुए अतिक्रमित भूमि का सीमांकन किया जाए. जब तक भूमि की मापी एवं सीमांकन नहीं किया जाता है, तबतक विद्यालय की बाउंड्री निर्माण स्थगित रखने का लिया गया. ग्रामीणों ने यह भी निर्णय लिया कि बेलकप्पी से श्मशानघाट तक आम रास्ता निकाल कर बाउंड्री निर्माण कराई जाए. बैठक में मुख्य रूप से देवेन्द्र पांडेय, रामजी पांडेय, जीतन पांडेय, बासुदेव पांडेय, जयनंदन पांडेय, तेजनारायण पांडेय, नंदलाल तिवारी, सुशील पांडेय, ललितेश्वर पांडेय, सुरेन्द्र पांडेय, प्रधानाध्यापक आलोक कुमार तिवारी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय, बिशुन नायक, हुलास नायक, मुकेश कुमार तिवारी, प्रमोद पांडेय, अनुज कुमार पांडेय, अर्जुन राम, दशरथ राम, सुरेश कुमार पांडेय, जीतेंद्र पासवान, दिनेश पासवान, राहुल रवानी, कृष्णा नायक आदि उपस्थित थे।

**श्रद्धा और भक्ति** | अच्छी बारिश और क्षेत्र की खुशहाली के लिए की जाती है पूजा

# जामीरा पहाड़ की धूमधाम से हुई पूजा, उमड़े भक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** चाकुलिया प्रखंड की बड्डीकानपुर-कालापाथर पंचायत में रविवार को जामिरा पहाड़ की पूजा धूमधाम तथा श्रद्धा और भक्ति से की गई. इसके साथ ही प्रखंड क्षेत्र में पहाड़ पूजा का सिलसिला शुरू हो गया. अच्छी वर्षा और क्षेत्र की खुशहाली के लिए पहाड़ पूजा की वर्षों पुरानी परंपरा है. पुजारी सह ग्राम प्रधान पिथो मुर्मू, सहयोगी पुजारी रामदास हांसदा, कुनाराम हांसदा, भीम सेन मांडी, कांदा मुर्मू ने परंपरा के मुताबिक पूजा-अर्चना की. पूजा करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. अनेक पुरुष और महिलाओं ने पूजा थान में श्रद्धा और भक्ति से पूजा की.



### कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन

पहाड़पूजा के अवसर पर शाम को न्यू यंग बॉयज क्लब के तत्वाधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. 27 जून को भी कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होंगे. पूजा को सफल बनाने में पूजा स्थान में मंदिर का निर्माण कराने वाले साहेब राम मुर्मू, पिंटू मुर्मू, हिंदू मुर्मू, रामदास हांसदा, जयराम, अजय पातर, मंगल हांसदा, सुनील मुंडा, बुद्धेश्वर मुंडा, हिंदु हांसदा, रंजीत किस्कू, महादेव मांडी, माधव मांडी, चरण मुंडा समेत अन्य सदस्यों ने अहम भूमिका अदा की.

### गिरिडीह : सांख पंचायत में भाकपा माले की लोकल कमिटी का गठन

**गिरिडीह।** सांख पंचायत में भाकपा माले की 20 सदस्यों की लोकल कमिटी का गठन पंसस अकलेश यादव के आवास पर संपन्न बैठक में किया गया. इसमें लोगों ने सर्वसम्मति से अकलेश यादव को सचिव के पद पर नियुक्त किया. कार्यक्रम में धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी प्रखंड सचिव नागेश्वर यादव, जबकि संचालन पंसस अकलेश यादव ने किया. मौके पर पर्यवेक्षक के तौर पर प्रखंड कमिटी सदस्य प्रदीप कुमार उपस्थित थे. पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि केंद्र में जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है, तब से भाजपा ने गंगा- जमुनी तहजीब को मिटाने का काम किया है. महंगाई चरम सीमा पर है. गैस सिलेंडर से लेकर आटा, दाल, चावल के दामों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है. उन्होंने कहा कि भाजपा को कोडरमा में हराने के लिए महागठबंधन के पास एक मात्र विकल्प (भाकपा माले) है. भाकपा माले लगातार 2004, 2009, 2014 में भाजपा को कड़ी चुनौती देती रही है. माले मजबूती के साथ कोड़रमा चुनाव लड़ेगी. यह सीट किसी भी कीमत पर माले नहीं छोड़ेगी. मौके पर जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी, बीरेंद्र यादव, दुखन साहा, सुकर यादव, प्रवेज आलम, राजेंद्र मिस्त्री, रामस्वरूप मिस्त्री, अशोक यादव, दीपक सिन्हा, मनीष कुमार, श्रवण कुमार, नितीश कुमार, अरुण कुमार, पंकज कुमार, कालेश्वर यादव, बनवारी महतो, इन्दरदेव यादव, विजय यादव, सरयू यादव, रंजीत यादव उपस्थित थे.

### गिरिडीह : झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति की बैठक आयोजित



**गिरिडीह।** झारखंडी भाषा खातियानी संघर्ष समिति के विस्तार को लेकर 25 जून रविवार को बेंगाबाद में मानवता मयार्दा संस्कार संघ के बैनर तले बैठक हुई. इसमें प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों से युवा शामिल हुए. जय शंकर मंडल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में झारखंड में खतियान आधारित नियोजन नीति, 60-40 की नीति समेत क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई. बैठक में युवाओं ने अपनी राय दी. निर्णय लिया गया कि झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति को गिरीडीह जिला व बेंगाबाद प्रखण्ड में मजबूती प्रदान करना है. हर पंचायत के हर गांव से युवाओं को इस संगठन में जोड़ा जाएगा. बैठक के दौरान जेबीकेएसएस के जयराम महतो ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से युवाओं को संबोधित किया और मुखर होकर सामने आने की अपील की. मौके पर एमएमएसएस के विकास यादव ने कहा कि जेबीकेएसएस झारखंड के युवाओं के हितों को लेकर जयराम महतो के नेतृत्व में लगातार संघर्ष कर रहा है. राज्यभर के युवाओं का बड़ा तबका जयराम महतो के साथ चल रहा है. बैठकों के माध्यम से युवाओं को जागरूक किया जा रहा है. ताकि युवाओं में राजनीतिक चेतना का विकास हो और झारखंडी युवा अपने हक अधिकार की बात कर सकें. बैठक में सुरेंद्र पंडित, सुमित भदानी, सुरेश दास, अजय शर्मा, धानेश्वर साव, सुदीप यादव, गणेश कुमार, लालू मंडल, लालमुनि पंडित, वीरेंद्र सिंह, दीपक यादव, पंकज मंडल, शिबू कुमार आदि मौजूद थे.

### मनोहरपुर : बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**चाईबासा।** मनोहरपुर पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है. इनकी निशानदेही पर चोरी की गई तीन बाइक भी पुलिस ने बरामद कर ली है. गिरफ्तार युवकों में मनोहरपुर थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर का रियाज अंसारी, बरंगा गांव उर्किया का प्रशांत रजक और टंगराईन गांव निवासी उज्जवल प्रामाणिक शामिल है. तीनों ने पुलिस के समक्ष अपना गुनाह कबूल किया और कई चोरी के कांडों का खुलासा किया. पूछताछ के बाद पुलिस ने सभी को रविवार शाम न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाइक चोरी कांड का मुख्य आरोपी उज्जवल प्रामाणिक शातिर बाइक चोर है तथा पूर्व में भी चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है.

### धनबाद : विधायक राज सिन्हा ने भूली सी ब्लॉक में चलाया घर-घर जनसंर्क अभियान



**धनबाद।** भाजपा के 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत भूली मंडल भाजपा के कार्यकताओं ने 25 जून रविवार को भूली सी ब्लॉक में घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाया. मंडल अध्यक्ष सुमन कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाए गए जनसंपर्क अभियान में धनबाद के विधायक राज सिन्हा विशेष रूप से शामिल थे. विधायक की मौजूदगी में कार्यकताओं ने लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल के कार्यकाल में केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी और हर घर में एक फॉर्म भी दिया. राज सिन्हा ने लोगों से फॉर्म में दिए गए नंबर पर मिस्ड कॉल करने की अपील की. साथ ही उनकी समस्याओ को भी सुना और निदान का अश्वासन भी दिया. अभियान में मनोज मालाकार, रजनीश तिवारी, बबलू सिंह, अशोक यादव, महेश सिंह, लड्डू सिंह, पप्पू शर्मा, प्रयागराज रविदास, ओमप्रकाश झा, रंजीत कुमार, विष्णु सिंह आदि शामिल थे.

### भाजपा ने जरूरतमंदों के बीच बांटी मच्छरदानी

**बोकारो।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने बेरमो विधानसभा क्षेत्र के चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत घटियारी बस्ती और फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के मकोली में रविवार 25 जून को 200 जरूरतमंदों के बीच मच्छरदानी का वितरण किया. इस अवसर पर राजेश सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम में मच्छर का प्रकोप बढ़ जाता है. इसलिए जरूरतमंदों को मच्छरदानी वितरित किया गया. मोदी सरकार के नौ साल के कार्यकाल को सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित बताते हुए राजेश सिंह ने कहा कि मोदी सरकार सकारात्मक सोच के साथ विकास कार्यो में लगी है. जबकि देश और सरकार के प्रति विपक्ष की सोच हमेशा नकारात्मक रही है. उन्होंने किसान मोर्चा के कार्यकताओं और पदाधिकारियों से महाजनसंपर्क अभियान के तहत घर-घर जाकर पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया.

# रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के 30 वें वार्षिक आमसभा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के 30 वें वार्षिक आमसभा का उदघाटन 25 जून को 12:00 बजे चेंबर भवन में हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद शामिल थीं। विशिष्ट अतिथि के रुप में फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इडट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री एवं जिंदल स्टील पतरातू के प्लांट हेड रमेश कुमार अजमेरिया उपस्थित थे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेंबर के अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने की। कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों का स्वागत किया गया। इस दौरान बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि चेंबर को मुझसे बहुत उम्मीदें हैं, यह मेरे लिए प्रेरणादायक है। जो भी समस्याएं चेंबर ने बताई है उनका हल करने का काम करूंगी। चेंबर का समाज के उत्थान में पूरा योगदान देते है। साथ मिलकर हम आगे बढ़ेंगे तो आगे बेहतर तरीकों से काम किया जा सकेगा। चेंबर ने सम्मान दिया है उसके लिए सभी को हार्दिक धन्यवाद। रांची-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के बरकाकाना में ठहराव के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो दिल्ली तक बात ले जाऊंगी। पर्यटन की जहां भी संभावना है उसमें लगकर विकासित किया जाएगा। भुरकुंडा

## विधायक अंबा प्रसाद ने आमसभा का किया उद्घाटन




मे 12 जुलाई बिजली मीटर लगाने का काम शुरू हो जाएगा। सीसीएल के नोटिस को लेकर भी प्रयास किया गया है। भुरकुंडा बाजार से हटने नहीं दिया जाएगा। कल्पना ड्रेसेज से भरत पांडेय की दुकान तक सड़क निर्माण के लिए जल्द ही फंड उपलब्ध करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास है कि क्षेत्र की समस्या दूर हो। आपके सुझाव, सहयोग और साथ से ही यह संभव हो सकता है। आप समस्याओं पर बेझिझक मुझसे मिलें, अंबा हर कदम पर आपके साथ है। फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इडट्रीज अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि फेडरेशन ने व्यवसायियों के हित में कई मुद्दों से राज्य सरकार को अवगत कराया है। जिसपर शीघ्र पहल होने की उम्मीद है। बिल्डिंग बायलॉज पर भी सरकार जल्द ही बिल ला सकती है। चेंबर ने एक प्रयास के तहत झारखंड चेंबर भवन में मध्यस्थता केंद्र खोल लेन-देन के विवादों को भी सुलझाया जा रहा है। आगे भी झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज समस्या के समाधान कराने का प्रयास करती रहेगी। मौके पर रामगढ़ चेंबर के पूर्व अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, प्रदीप सिंह, वकील सिंह, श्याम सुंदर परसरामपुरिया, पंकज तिवारी, भास्कर दत्ता, बलजीत सिंह बेदी, मनजी सिंह, अनूप कुमार सिंह, मनोज चतुर्वेदी मानू, मनजीत साहनी, अमरेश गणक, इंद्रपाल सिंह सैनी, संतोष तिवारी, विष्णु पोद्दार, अमित साहू, दिनेश पोद्दार, सीपी संतन, रमन मेहरा, रविंदर शर्मा, अशोक कुमार जैन, डॉ मृत्युंजय कुमार, डॉ के के सिंह, रमेश बौंदिया सहित अन्य मौजूद थे।

## सड़क हादसे में दो की स्थिति गंभीर, रेफर

**बरकट्ठा।** जीटी रोड स्थित कोनहारा खुर्द के समीप एक ट्रक ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।घटना रविवार लगभग 10 बजे की है। इस हादसे में छोटू कुमार 21 वर्ष, पिता दिनेश भुइयां, रोहन कुमार 20 वर्ष,पिता संतोष भुइया दोनों भूली ,सेक्टर 2,जिला धनबाद निवासी शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरही की ओर से आ रही ट्रक संख्या डी एल 1जीसी 3676 ने अपाची बाइक जे एच 10 ए डब्लू 1872 को चपेट में ले लिया। जिससे बाइक सवार को छोटू कुमार का पैर कुचल दिया तथा रोहन कुमार घायल हो गया।स्थानीय लोग और बरकट्ठा पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया गया।

### भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन में शामिल हुए सांसद जयंत सिन्हा, बोले

# समाज के अंतिम पायदान तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के मारवाड़ी धर्मशाला में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के देशव्यापी अभियान महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयंत सिन्हा,मंच संचालन महामंत्री प्रो. खिरोधर साहू एवं धन्यवाद ज्ञापन छोटन सिंह ने किया। महापुरुषों के तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम आरम्भ हुआ। मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा ने कहा की देश में लगा आपातकाल न सिर्फ कांग्रेस की दमनकारी नीति को इंगित करता है,बल्कि इनकी देशविरोधी और भ्रष्ट मानसिकता के कारण हीं देश में आजादी के बाद उन्होंने न तो




कभी आम नागरिकों के हितों की चिंता की और न हीं देश की सीमाओं को अपने निजी स्वार्थ के कारण कभी मजबूत किया। कहा की आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जहां भाजपा ने देश के अंतिम पायदान के गरीब परिवारों के हितों की रक्षा हेतु न सिर्फ योजनाएं बनाई बल्कि उसका लाभ उन तक पहुंचे उसकी भी चिंता की थी जिसका प्रमाण कोरोना काल में देश के अस्सी करोड़ परिवारों को दो साल तक मुफ्त राशन देने से लेकर आम जरूरतों के लिए हजारों रुपए भी जनधन खाते के माध्यम से लाभुकों तक पहुंचाया। कहा की भाजपा सरकार के मजबूत नेतृत्व में जहां देश की सीमाएं सुरक्षित हुई है। वहीं देश के अंदर विकास कार्यों को नया मुकाम मिला है। कहा की भ्रष्टाचारी मानसिकता वाली राजनीतिक पार्टियों के साथ गठबंधन बनाकर ये देश को लूटने में लगे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व बीससूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, प्रसिद्ध व्यवसाई तिलकराज मंगलम, प्रदेश कार्यसमिति सदस्यगण रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, रंजीत सिन्हा, कैंट मंडल अध्यक्ष शिव कुमार महतो, जिला मीडिया सह प्रभारी भीमसेन, आईटी सेल प्रभारी धीरज साहू, मणिशंकर ठाकुर आदि उपस्थित हुए।

## हरियाली दूतों ने पौधरोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का दिया संदेश

**बरही ।** हरियाली दूतों ने गया रोड स्थित शिव मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया. जानकारी देते हुए हरियाली दूत उदय केसरी ने बताया कि पर्यावरण सुरक्षा ही जन सुरक्षा है. बढ़ती आबादी और तकनीक के इस युग में सिमटते जंगल और पौधे चिंता का विषय है. पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए हरियाली दूत वृक्षारोपण का कर रहे है. शिव मंदिर परिसर में बरगद, नीम, पीपल, आम, आंवला इत्यादि के वृक्ष लगाए गए है. जो धार्मिक दृष्टि के साथ पर्यावरण की दृष्टि से भी नितांत आवश्यक है. इस कार्यक्रम में बिनोद केसरी, बलराम केसरी, शिवा निषाद, सुंदरी निषाद, अभिषेक कुमार, मुकेश कुमार मधेशिया, बिरेंद्र विश्वकर्मा, पप्पू चंद्रवंशी इत्यादि सहित कई गणमान्यों ने भी सार्थक पहला किया. हरियाली दूतों ने कहा कि लगाए गए पौधो को सुरक्षित और संरक्षित करना सभी लोगो का पुनीत कर्तव्य है. लोगो से अपील करते हुए कहा, एक पौधे पर्यावरण के लिए अवश्य लगाए.

# आनंद साई दरबार का 13वां स्थापना दिवस पर पूजन-हवन का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साई दरबार के 13वें स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन 25 जून को मंदिर परिसर में विशेष पूजन एवं हवन का आयोजन हुआ। पूजन एवं हवन अनुष्ठान में पुजारी राजेश कुमार पांडे ने यजमान अजीत जायसवाल , नंदकिशोर गुप्ता, अमित कुमार सिन्हा, विनोद कुमार सिन्हा,संतोष सिन्हा, सुबोध कुमार सिन्हा, मनोज कुमार सिन्हा सपत्नीक के हाथों विधि पूर्वक पूजन और हवन अनुष्ठान संपन्न करवाया। इस दौरान मंदिर परिसर साई बाबा के भजनों से गुंजायमान होता रहा। जिससे वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो गया। पूजन एवं हवन अनुष्ठान संपन्न होने के उपरांत बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। आनंद साई दरबार के 13वें स्थापना दिवस समारोह के अंतिम दिन सोमवार को 12:30 बजे से मंदिर परिसर



में अटूट भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालु पहुंचेंगे। भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण करने में किसी तरह की परेशानी नही हो इसकी तैयारी मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा कर ली गई है। प्रबंधन समिति द्वारा बताया गया की भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं के बीच व्यवस्थित तरीके से प्रसाद का वितरण किया जाएगा। ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नही हो। मौके पर आनंद साई दरबार के स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन जितेंद्र प्रसाद डब्लू, मुन्ना सिन्हा, राजेश साव, विनोद साव, अरविंद अग्रवाल, आनंद प्रातप सिंह, अशोक कुमार, सन्नी सिन्हा, मोहन ठाकुर, विजय सिंह, गोलू कुमार, कौशल सिंह, प्रमोद सिंह, संतोष सिंह, उमेश सिंह,जीतू अग्रवाल, मोनू सिन्हा, अंकित सिन्हा, संजय दांगी, बादल, उत्तम, नवनीत, मनोज मंडल, अजय कुमार,बसंत कुमार, कैलाश चंद्र साह, आयुष कुमार गुप्ता, सुरेश प्रसाद, धनंजय कुमार पुटूस,शीतल सिंह, सूर्यवंश श्रीवास्तव, मल्लिका दत्ता , सतीश कुमार सिन्हा, संजय कुमार सिन्हा, रोहित वर्मा, शैलेंद्र ठाकुर, राजेश सिन्हा, मिथिला रजक सहित अन्य मौजूद थे।

## विधायक ने पंचायतों में किया नलजल योजना का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** विधायक अमित कुमार यादव ने प्रखंड क्षेत्र के चेचकपी,बेलकप्पी और तूईयो पंचायत में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मद से नलजल योजना का शिलान्यास किया। मौके पर जिप सदस्य कुमकुम देवी प्रमुख रेनू देवी ,उप प्रमुख सुरजी देवी,पूर्व प्रमुख राम लखन मेहता,मुखिया ललिता देवी,मुखिया रीता देवी, मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक,भोला प्रसाद, प्रमुख प्रतिनिधि उमेश चौधरी, समाजसेवी धीरेंद्र पांडेय,डेगलाल साव, अनिल आजाद ,मुकेश कुमार, भुवनेश्वर सिंह ,मोहन साव,संजय मेहता,गंगाधर साव, काली सिंह, सुनील मेहता, मिथिलेश प्रसाद, किशोर मोदी, रवि गोस्वामी, सुनील नायक समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे। मौके पर विधायक अमित यादव ने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा यह योजना जो लाई गई है वह काबिले तारीफ है। पूरे प्रखंड क्षेत्र में इस योजना के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर हम कटिबद्ध हैं । वही संवेदक ने बताया कि समय पर एवं बेहतर कार्य हमारी एजेंसी के द्वारा कर ली जाएगी ।

## यौन शौषण करने का आरोप, न्याय की गुहार

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के कोनहरा कला में एक युवती से यौन शौषण करने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत पीड़िता के पिता ने थाने में आवेदन देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने दिये आवेदन में बताया कि गांव के ही युवक जावेद अंसारी पिता मोहम्मद अंसारी ने मेरी पुत्री को शादी का प्रलोभन देकर विगत एक वर्षों से यौन शौषण कर रहा है। इस बीच समाजिक रुप से पूछताछ की गई और मई माह में शादी करने की बात स्वीकार की। परन्तु समय बीत जाने और पुछने पर उक्त युवक के परिजनों द्वारा इंकार करते हुए मारपीट की धमकी दी जा रही है। वहीं पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की तहकीकात में जुट गई है।

## बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त

**बरकट्ठा।** थाना पुलिस ने बालू लदा दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। इस बाबत बरकट्ठा थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि अंचल अधिकारी श्री कांत लाल मांझी के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया की सरकार के द्वारा बालू उठाव पर रोक लगाई गई है।जिसके बाद भी ट्रैक्टर पर बालू ढोया जा रहा है।

# बरही: साप्ताहिक मिलन केंद्र का गठन




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार की अध्यक्षता ने कटियोन ने विहिप की बैठक हुई. जिसमे सनातनी समाज के कई लोग शामिल हुए. बैठक में बतौर मुख्यातिथि विहिप जिला सह मंत्र गुरुदेव गुप्ता उपस्थित रहे. प्रखंड अध्यक्ष ने उपस्थित लोगो को साप्ताहिक मिलन केंद्र का उद्देश्य बताते हुए इसके गठन का प्रस्ताव रखा. जिसे लोगो ने सहर्ष स्वीकार करते हुए सर्वसम्मति से संजीत कुमार सिंह को संयोजक बनाते हुए केंद्र का गठन किया. उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए जिला सह मंत्री ने कहा कि केंद्र की जिम्मेवारी बनती है कि प्रत्येक मंगलवार संध्या सात बजे अपने पास के मंदिरो मे हनुमान चालीसा का पाठ अवश्य करें. सनातन धर्म को विलोपित करने का नाकामयाब प्रयास किया जा रहा है. इस षड्यंत्र को हम सभी सनातनी सफल नहीं होने देंगे. सनातन ही संस्कृति की पहचान है, यही इसका जन्मदाता है. अतीत हो या वर्तमान या अथवा भविष्य, सर्वश्रेष्ठ था, है और रहेगा. बस सभी सनातनियों को चट्टानी एकता के समान रहना है. बैठक सतीश कुमार सिंह ,दिवाकर सिंह, बसंत सिंह , प्रदीप कुमार सिंह, धनेश्वर सिंह , मंटू सिंह, पप्पू सिंह, दिनेश सिंह , दीप नारायण सिंह, संतोष सिंह, विकास कुमार सिंह , अजीत कुमार सिंह, संजीत कुमार सिंह, संदीप सिंह, रोशन सिंह, मोहन सिंह, राजदेव सिंह, भूपेंद्र सिंह, आनंद कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह, सिद्धेश्वर सिंह, अनिकेत सिंह, गौतम कुमार सिंह, रितेश कुमार सिंह आदि मौजूद थे.

## प्रखंड परिसर से गायब है प्रस्तावना सह स्वतंत्रता सेनानियों के स्तंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** प्रखंड परिसर से प्रस्तावना सह स्वतंत्रता सेनानियो के स्तंभ गायब है. इसकी खबर लेने वाला कोई नहीं है. जो स्वतंत्रता सेनानियों के लिए अपना की बात है, जो असहनीय है जो प्रखंड सह अंचल कार्यालय के लिए भी शर्मनाक है. उक्त बातें कांग्रेस कमिटी प्रदेश प्रतिनिधि सह हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने कही. उन्होंने बताया कि देश की आन बान और शान प्रस्तावना सह स्वतंत्रता सेनानियो का स्तंभ जिसे 1972 में स्थापित किया गया था. किस कारण से प्रखंड परिसर से हटाया गया या उसे नजरअंदाज किया गया, अधिकारियों को स्पष्ट करनी चाहिए. उन्होंने बताया कि स्तंभ का नजरअंदाज करना अर्थात स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और देश की आजादी पर सवाल खड़ा करता है. करोड़ों की लागत से बनने वाले प्रखंड कार्यालय में इस स्तंभ का स्थान निर्धारित नहीं होना कही से भी उचित प्रतीत नही होता है. यह वही स्तम्भ है जब प्रत्येक 26 जनवरी और 15



अगस्त के झंडोतोलन के पूर्व इसे सम्मान दिया जाता था. परंतु इसे परिषर से हटाकर धूल फांकने के लिए रखा गया है. इस संबंध में वह उपायुक्त सहित विधायक और मुख्यमंत्री से शिकायत करेगे. उन्होंने पदाधिकारियों से इस स्तंभ को सहसम्मान प्रखंड परिसर में व्यवस्थित करने की अपील किया है.

# बरकट्ठा : बकरीद पर्व को लेकर गोरहर थाना में शांति समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना परिसर में रविवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने की।वहीं शांति समिति के सदस्यों ने कहा 29 जून को सुबह में बकरीद का नमाज अदा की जाएगी। मौके पर थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने कहा कि पर्व को शांति और हर्षोल्लास के साथ मिलजुल कर मनायें।कहा कि सभी धर्म के लोग बकरीद पर्व को मनाने में सहयोग करें। पर्व के अवसर पर शराब के सेवन पर पूर्णतः पाबंदी रहेगी।इस दौरान असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। साथ ही विधि व्यवस्था में खलल डालने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी



।कहा अप्रिय घटना की सूचना पुलिस को दें और कानून को अपने हाथ में लेने का प्रयास ना करें। मौके पर उपस्थित लोगों ने अपने अपने वक्तव्य दिया। बैठक में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कुदुश अंसारी, जिप प्रतिनिधि चंद्रकांत पांडेय, बेलकप्पी मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय,गोरहर मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल, पंचायत समिति सदस्य विकास पांडेय, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन राणा, पंसस प्रतिनिधि समीम अंसारी,कुलदीप पाण्डेय,जोधन मोदी, रविंद्र पांडेय, प्रदीप साव, बबलू पांडेय, मो मुस्लिम, वकील साव, सफीक अंसारी, रमजान मियां आदि लोग उपस्थित थे।

**गर्व की बात** — भाजपाइयों ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों की दी जानकारी

# भाजपा ने चलाया डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने 25 जून को दिगवार में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरि के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लोगों से मिलकर उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यों से अवगत कराया । अभियान में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता शामिल हुए। उन्होंने कहा की आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनियाभर में देश की प्रतिष्ठा बढ़ी है । कहा की देश हित में प्रधानमंत्री द्वारा उठाये गए कदम से भारत विश्व की 5 वी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है जो हम सब के लिए गर्व की बात है । मौके पर रंजीत कुमार सिन्हा,




हरि नारायण कुशवाहा, संजय शाह, कुलदीप कुशवाहा, अर्जुन यादव, डॉ रोहन लाल, विनोद प्रसाद, प्रमोद यादव, अनिल कुशवाहा, दिलेश्वर कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, संजय यादव, नारायण यादव, कैलाश कुशवाहा, बनू महतो आदि उपस्थित थे ।

# कलश यात्रा के साथ शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** प्रखंड अंतर्गत केरसई भण्डारटोली स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम रविवार को ऐतिहासिक भव्य कलश यात्रा के साथ आरंभ हुई। कलश यात्रा केरसई खालीजोरा नदी से शुरू हुई, जहाँ सैकड़ों की संख्या से भी अधिक श्रद्धालुओं ने कलश में जल लेकर कलश यात्रा में शामिल हुए। इस पावन अवसर पर आचार्य संजय पाठक ने सभी श्रद्धालुओं को विधिवत मंत्रोचार कर सामूहिक रूप से जल लेकर संकल्प कराया, जिसके बाद कलश यात्रा शुरू हुई। यह भव्य कलश यात्रा भंडारटोली, बाजारटांड, महावीर मंदिर होते हुए पुनः शिव मंदिर, भंडार टोली तक पहुंची। इस भव्य कलश यात्रा के दौरान सभी श्रद्धालु में देवों के देव महादेव के प्रति अलौकिक श्रद्धा दिख रही थी और सभी श्रद्धालु बोल बम, जय श्री राम, हर हर महादेव के नारे लग रहे थे, जिससे पूरा परिदृश्य भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा के समापन के पश्चात भंडारे के रूप में प्रसाद का वितरण किया गया, जहां संकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पहले दिन वेदी पूजन शुरू हुई जिसमें आचार्य संजय पाठक, सहायक पुजारी अजय कुमार झा, परमेश्वर पंडा,सोनाराज शास्त्री एवं नवीन मिश्रा के द्वारा सभी प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान विधिवत संपन्न कराए जा रहे हैं, वहीं अभिषेक कुमार रोहित एवं उनकी धर्मपत्नी ममता देवी यजमान की भूमिका निभा रहे हैं।शिव मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों ने बताया कि वेदी पूजन के बाद आज प्रातः कालीन 8:00 बजे से 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का प्रारंभ किया जाएगा। जिसके लिए आसपास के कई कीर्तन मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा प्राण प्रतिष्ठा में जलाधिवास, अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास की विधिवत पूजन की जाएगी। जिसके बाद आरती के साथ दूसरे दिन का कार्यक्रम संपन्न होगा। वहीं मंगलवार को हवन पूजन, नगर भ्रमण एवं भंडारे के साथ ही प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। भव्य कलश यात्रा के कार्यक्रम को सफल बनाने में गांव के सभी लोगों सहित ढेरों गणमान्यों एवं नवयुवकों की सराहनीय भूमिका रही।

## महिला जूनियर एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

# चैंपियन बेटियों का घर लौटने पर हुआ स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** 02 जून से 11जून 2023 तक जापान में आयोजित महिला जूनियर एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में शामिल सिमडेगा के तीन खिलाड़ी दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और रोपनी जीत के बादआज पहली बार अपने गृह जिला सिमडेगा पहुंची । सिमडेगा का आगमन होते ही हॉकी सिमडेगा के नेतृत्व में हॉकी खिलाड़ियों ने उनका शानदार स्वागत किया।हॉकी सिमडेगा के पदाधिकारी एवं हॉकी खिलाड़ी बस से उतरते उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया और उन्हें मिठाइयां खिलाई। हॉकी सिमडेगा के मनोज कोनबेगी ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि यह जिला किले बहुत ही बहुत बड़ी उपलब्धि है। कि चैंपियन भारतीय टीम में पूरे भारतवर्ष से 18 खिलाडी थे जिनमें से हमारे सिमडेगा जिला के तीन खिलाड़ी थे और उन्होंने प्रदर्शन किया और टीम चैंपियन बनी। 2016 में भी जूनियर एशिया महिला हॉकी कप में कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम में सिमडेगा के तीन खिलाड़ी थे। जब जब भी भारतीय टीम में सिमडेगा की खिलाडी कि संख्या ज्यादा रही है तब तब कोई ना कोई पदक जीतती है अब हमे और अधिक मेहनत करने के जरुरत है ताकि भविष्य में हमारे जिला के खिलाडी भारतीय में ज्यादा से ज्यादा आएं और ओलंपिक जैसे मैच भी भारत पदक जीत सके।स्वागत समारोह में हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी,कोषध्यक्ष कमलेश्वर मांझी,प्रतिमा तिर्की,राष्ट्रीय एम्पायर मनोज प्रधान,राजू मांझी,रामचंद्र मांझी,सहित तीनो खिलाड़ियों के अभिभावक तथा हॉकी सिमडेगा संचालित हॉकी छात्रावास,हॉकी सेंटर,गोंडवाना खेल छात्रावास के काफी संख्या बालक बालिका हॉकी खिलाड़ी उपस्थित थे।

# आपातकाल एक काला अध्याय : डॉ नीरा यादव



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला द्वारा महा जनसंपर्क अभियान के तहत कांग्रेस द्वारा आपातकाल 25 जून 1975 को लगाया था। भाजपा इस दिन को काला अध्याय के रूप में मनाती आ रही है । केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी के आवास पर आपातकाल को लेकर प्रबुद्ध जनों की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी तथा संचालन कार्यक्रम संयोजक शिवेंद्र नारायण सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव एवं कोडरमा विधानसभा प्रभारी टुन्नु गोप उपस्थित हुए। डॉ नीरा यादव ने कहा कि आपातकाल एक काला अध्याय था। आज सबसे आश्चर्य की बात है आपातकाल लगाने वाले और आपातकाल में लाठी खाने वाले आजकल एक दूसरे के गले मिलकर भारतीय जनता पार्टी का विरोध कर रहे हैं। जिला प्रभारी टुन्नु गोप ने कहा आपातकाल के समय हमारे यहां की रानी डे जेल में आंदोलनकारियों को भोजन पहुंचाया करती थी और स्वरूप चंद जैन आज भी उस समय का दर्द बयान करते हैं ।भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश सिंह ने कहा आपातकाल मैं पुलिस ने मेरे भाई को निअपराध गिरफ्तार कर लिया और मेरे पिताजी सोशलिस्ट पार्टी के नेता जसराज सिंह को गिरफ्तार करने आए तो मेरी मां ने उन्हें खदेड़ कर भगाया। जिला अध्यक्ष नीतेश चंद्रवंशी ने कहा आंदोलनकारियों के बारे में जितना हम सुनते हैं रोंगटा खड़ा हो जाता है कि सत्ता के जुल्म को इन लोगों ने कितना सहा। कांग्रेस ने विपक्षी नेता एवं मीडिया सभी को नजरबंद कर लोकतंत्र की हत्या कर दी थी। जिला महामंत्री अनूप जोशी ने कहा कि हम लोग बचपन में रमेश सिंह एवं विष्णु बर्णवाल के नेतृत्व में स्कूल से आंदोलन में जुलूस में निकलते थे तो नारा लगता था, इंदिरा तेरा ऐसा खेल खा गई चीनी पी गई तेल 13 कडुआ तेल, ₹ नसबंदी के तीन दलाल इंदिरा, संजय, बंसीलाल, सोशलिस्ट पार्टी के नेता विष्णु बर्णवाल ने कहा हम लोग जे पी के नेतृत्व में छात्र आंदोलन में भागीदारी निभाएं और हजारीबाग की जेल में गए और तत्कालीन मंत्री जेल में आए तो हमने विरोध के रूप में कली डायरी दिखाई और विरोध किया तो पुलिस ने हमें बहुत मारा। मोहन अम्बस्टा ने कहा जेल में हम लोगों को यातना दिया जाता था गंदा पानी और गंदी दाल रोटी खिलाई जाती थी। जयप्रकाश जी ने नारा दिया ₹ सिंहासन खाली करो कि जनता आती है, विजय सिन्हा ने कहा इंदिरा गांधी की दमनकारी नीतियों को हम नहीं भूल सकते पटना के भाषण में जयप्रकाश जी के ऊपर जो लाठीचार्ज हुई अगर नानाजी देशमुख अपने हाथ पर वार को नहीं रोकते तो जयप्रकाश जी की उसी दिन हत्या हो जाती।

## झामुमो जिला समिति ने चलाया सदस्यता अभियान

**कोलेबिरा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमडेगा जिला समिति द्वारा रविवार को कोलेबिरा प्रखंड के आयडेगा रामजड़ी कल्हटोली बस्ती में पंचायत के लोगों से बात -चीत कर उनके समस्याओं से अवगत हुए इसके बाद झामुमो जिला समिति की टीम बरसलोया पंचायत अंतर्गत जोन्हाटोली ग्राम का दौरा किया।यहाँ भी जिला समिति के लोग ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए ।झामुमो जिला समिति के द्वारा सभी जगह उपस्थित लोगों को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के नीति -सिद्धांतों एवं मुख़्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखण्ड सरकार के द्वारा जनहित में किये जा रहे कार्यों के बारे में बताया । दोनों ही पंचायत के लोगों द्वारा कार्यों से प्रभावित होकर भारी संख्या में लोग झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ली ।मौके पर पर झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना आदि उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी में मना किशोर-किशोरी स्वास्थ्य दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकरटांड।** कैरबेड़ा पंचायत के किनवीरा आंगनबाड़ी केंद्र में किशोर किशोरी स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में रणकपुर कलानिकेतन के जिला समन्वयक नितिन कुमार सह पंचायत समन्वयक दुर्गा देवी के द्वारा बाल विवाह ट्रैफिकिंग और बाल श्रम के बारे में विस्तृत से चर्चा की गई बच्चों दुर्गा देवी के द्वारा बताया गया शादी के लिए लड़कियों की उम्र 18 साल और लड़कों का उम्र 21 साल निर्धारित है उससे कम उम्र मैं अगर कोई शादी करता है या करती है तो यह कानूनन अपराध है उन्होंने अपील की अगर इस प्रकार की कोई घटना पंचायत स्तर पर घटती है तो इसकी जानकारी अपने वार्ड आंगनबाड़ी सेविका या मुखिया को दे सकते हैं अगर तीनों के द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया गया तो




किशोरी लोग 1098 पर कॉल कर चाइल्डलाइन या 1800 102 7222 बचपन बचाओ आंदोलन हेल्पलाइन पर संपर्क कर सकते हैं ।नितिन कुमार ने बताया 14 वर्ष की आयु तक का कोई भी बच्चा या बच्ची बाल मजदूरी नहीं कर सकते हैं तथा 14 से 18 वर्ष तक का कोई भी बच्चा खतरनाक व्यवसाय एवं उद्योगों में काम नहीं कर सकता है 14 साल से कम उम्र का बच्चा अपने परिवार के व्यवसाय मदद कर सकता है बशर्ते हुआ व्यवसाय खतरनाक ना हो नितिन कुमार ने अभी बताया कि बाल मजदूरी कराने वाले व्यक्ति को 2 साल तक जेल की सजा हो सकती है या ?20000 से लेकर ?50000 तक का जुमार्ना हो सकता है ।जिला समन्वयक ने कहा नाबालिग से दुष्कर्म दुर्व्यवहार करने वाले के लिए अपराधी को आईपीसी की धारा 370 के तहत 10 वर्ष से लेकर आजीवन कठोर कारावास और जुमार्ना हो सकता है ।बैठक में मुख्य रूप से आंगनबाड़ी सेविका हीरामणि कुमारी, एएनएम निशी लकड़ा, रोमा कुजुर ममता कुमारी सुमन कुमारी अगस्ती कुमारी चंद्रावती कुमारी रेशमा कुमारी पूनम कुमारी शहीद ग्राम वासियों मौजूद थे

## मिस्सा पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए कोलेबिरा विधायक

**कोलेबिरा।** प्रखण्ड अन्तर्गत शाहपुर पंचायत के काराटोंगरी में तुरबुंगा पारिश प्रिस्ट,फादर अनस्लेम संग अन्य पुरोहितों के नेतृत्व में पवित्र मिस्सा अनुष्ठान कार्यक्रम को किया गया। जिसमें विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित हुए। विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि आज हम सभी ईश्वर के संगति में आकर प्रभू यीशु मसीह को याद कर रहे हैं। पवित्र बाईबल में स्पष्ट है कि तुम हमें याद करो हम अपने मसीहियों के साथ है। हमारे प्रभु का बचन है कि मसीहियों तुम झूठ मत बोलो, चोरी मत करो, किसी प्राए धन पर लालच न करो, किसी की हत्या न करो, सदैव लाचार बेबस की सहायता करो, अपने से छोटे को प्यार दो, अपने से बड़ों को सम्मान करो ।उन्होंने कहा भाजपा के ओर से अनेकों प्रकार की षड्यंत्र की रचना रची जा रही है।

# मैट्रिक-इंटर के उत्कृष्ट छात्र हुए सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद जिला छात्र संघ के द्वारा रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन बक्खतर साय मुंडल सिंह स्मृति भवन, सलडेगा में आयोजन किया गया। इस प्रतिभा सम्मान समारोह में मैट्रिक और इंटर में प्रथम श्रेणी से पास करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्ति - पत्र देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम में स्वागत भाषण छात्र संघ अध्यक्ष रविन्द्र सिंह द्वारा दिया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष लालदेव सिंह ने कहा कि यह प्रतिभा सम्मान समारोह आपके मेहनत एवं संघर्ष का सम्मान है। प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह ने कहा



विद्यार्थियों को समय का विशेष महत्व रखने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थी जीवन ही संघर्ष एवं कठोर परिश्रम करने का समय होता है ।कार्यक्रम का संचालन छात्र संघ जिला मीडिया प्रभारी निर्मल सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन छात्र संघ प्रवक्ता भरत सिंह द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में केंद्रीय समिति सदस्य रामधनी सिंह, खूंटी जिला अध्यक्ष जय कुमार सिंह, गुड्डू भूषण सिंह, जिला अध्यक्ष राजेश सिंह, छात्र संघ जिला अध्यक्ष रविन्द्र सिंह, निर्मल सिंह, भरत सिंह, तेजनारायण सिंह, रोमी कुमारी, अजय सिंह आदि उपस्थित थे।

## भाजपा सिमडेगा जिला कार्यालय में प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सेवा सुशासन गरीब कल्याण के निमित रविवार को प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला उपाध्यक्ष सतीश पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरूआत विधिवत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ बैठक में मुख्य रूप आने वाले 2024 चुनाव को लेकर प्रबुद्ध जनों ने अपने अपने विचारों को व्यक्त किया मुख्य रूप से पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने अपने विचारों को रखते हुए कहा की हम समाज के सभी वर्गों पर जाकर केंद्रीय योजनाओं के साथ-साथ आपसी समन्वय बनाएं तभी हम आने वाले चुनौती का सामना कर सकते हैं। पूर्व विधायक निर्मल कुमार बेसरा जी ने भी पुराने कार्यकताओं के साथ समाज के प्रबुद्ध जनों को भाजपा हमेशा उचित सम्मान देते आई है और हमें उनका आशीर्वाद मिलता रहा है और आगे भी मिलता रहेगा ।कार्यक्रम के संयोजक दुर्ग विजय सिंह देव एवम् कार्यक्रम संयोजक ओम प्रकाश साहू जी अपने अपने विचारों को रखते हुए सभी सम्मानित प्रबुद्धजनों का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया ।बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर, रामप्रताप प्रसाद, पवन मित्तल, देवराज प्रसाद,डॉ महेंद्र भगत, जगदीश साहू, अर्जुन प्रोफेसर, राम कैलाश राम, कृष्णा प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## सिमडेगा : विद्याबंधु शास्त्री बने जिलाध्यक्ष

**सिमडेगा।** प्रखंड के बीरु में रविवार को उत्कलिय ब्राह्मण सेवा संघ सिमडेगा की क्षेत्रीय बैठक केंद्रीय अध्यक्ष केदार महंती की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से सिमडेगा क्षेत्र में उत्कलिय ब्राह्मण सेवा संघ के क्षेत्रीय समिति का विस्तार एवं क्रियाकलाप को सुचारु रूप से आगे बढ़ाने पर चर्चा की गई। बैठक में संघ के केंद्रीय महासचिव संतोष पैत ने संघ के उद्देश्य एवं विचारों को रखते हुए कहा की हमें आज संगठित होकर चलने की आवश्यकता है इसीलिए आज पुरानी समिति को भंग कर नये समिति का निर्माण किया जा रहा है ताकि समाज को नये सिरे से जोड़ा जा सके। वहीं संघ के संरक्षक केशव चंद्र पाणिग्राही ने कहा की हमें अपनी परंपरा एवं संस्कृतियों का यथा संभव अनुपालन करना चाहिए ताकि हमारी आने वाली पीढी. संस्कारित हो सके ।वहीं नागेश्वर होता ने कहा कि सर्वप्रथम ब्राह्मण के अस्तित्व को बचाने के लिए पहले अपने ब्राह्मत्व को बचाना होगा।

## समस्या | पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कोलेबिरा क्षेत्र में की तूफानी दौरा, बोले

# जनता की सेवा मेरा सर्वोपरि कर्तव्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने रविवार को तूफानी दौरा करते हुए विभिन्न चर्चो में जाकर वहां पर उपस्थित लोगों की जन समस्याओं को सुना साथ ही समाधान करने की बात कही । उन्होंने सहारा टोली चर्च, उरते चर्च, डोंगा पानी चर्च कोम्बा केरा चर्च पहुंचे जहां पर ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से उनका माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का उपस्थित रहे। पूर्व मंत्री ने संबोधित करते हुए लोगों को कहा कि इस प्रकार इकट्ठा होकर परम पिता परमेश्वर की प्रार्थना करना संगठन को बल मिलता है आदिवासी मूलवासी क्षेत्र के निवास करने वाले लोग इसी प्रकार संगठित



रहकर कार्य करें ताकि अपनी समस्याएं दूर होंगी। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र में जो समस्याएं हैं वह किसी से छुपा हुआ नहीं लेकिन उन्हें दूर करने के लिए कोई जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहा है इसलिए अब वक्त आ गया है कि झारखंड पार्टी का सहयोग करें ताकि झारखंड पार्टी आपकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगी। संदेश एक्का ने कहा कि जनता की निस्वार्थ सेवा करना मेरा सर्वोपरि कर्तव्य है। बिजली पानी सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी है। जिसे झारखंड पार्टी दूर करने के लिए कमर कस चुकी है और आने वाले चुनाव में आप सहयोग करें क्षेत्र का सभी अधूरे कार्य पूरे होंगे। झारखंड पार्टी की ओर से अमन खेस,रसाल खलखो ,अंकित सुरीन नुवेल हैरेंज चिराग बाड़ा जोसेफ डुंगडुंग निकोसन कोंगाडी, बेलास एक्का, भोला दास, प्रबोध सुरीन, बाबूराम लकड़ा, जुनुल तोपनो, मरसल बाबा, सिमोन मिंज, बिमल जोजो, मनोनीत बा आदि उपस्थित रहे।

# सिमडेगा में सर्पदंश से दो लोगों की हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** बारिश के महीने होते ही सिमडेगा जिले में सर्पदंश के मामले में लगातार इजाफा हो रही है। रविवार को सर्पदंश की वजह से दो लोगों की मौत हो गई ।पहला मामला सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बंगरू गांव की है ।जहां पर 37 वर्षीय विनय गोप नामक मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को जहरीले सांप ने अहले सुबह डसा जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिवार वालों ने तत्काल उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा लाया इधर सदर अस्पताल सिमडेगा में डॉक्टर के द्वारा इलाज किया गया ।हालांकि शरीर में अत्यधिक जार का फैलाव होने की वजह से उसे मृत घोषित कर दिया। इधर मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाते हुए शव परिजनों को सौंप दिया ।वही दूसरा मामला ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बम्बलकेरा के चंगुरबेड़ा गांव की है जहां पर देर रात 1:00 बजे के करीब 12 वर्षीय नीतीश बूढ नामक किशोर को सांप ने डसा जिसके बाद परिवार वाले काफी देर तक प्रयास करने के बाद वाहन की व्यवस्था की एवं उसे सदर अस्पताल सिमडेगा लाया। इधर सदर अस्पताल सिमडेगा लाने के साथ ही उसकी इलाज शुरू की गई। हालांकि शरीर में अत्यधिक विष का प्रभाव होने की वजह से रविवार को दिन के 12:00 बजे उक्त किशोर की मौत हो गई। उधर मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा एवं पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# मंत्री मिथिलेश का प्रयास हुआ सफल बाईपास निर्माण की अंतिम बाधा दूर

### अचला कब्रिस्तान पर बनेगा फ्लाईओवर

### मंत्री ने गडकरी व हेमंत के प्रति जताया आभार

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा बाईपास सड़क निर्माण की अब अंतिम बाधा दूर हो गई है। अचला में कब्रिस्तान के समीप फ्लाईओवर निर्माण की सहमति बन गई है। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का लगातार प्रयास रंग लाया और यह बाधा दूर करने में सफलता मिल गई है। बाईपास निर्माण के इस बाधा को दूर हो जाने पर मंत्री श्री ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी एवं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित एनएचएआई एवं राज्य सरकार के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है। यह जानकारी देते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि यदि इरादे नेक हों और प्रयास सच्चा व ईमानदार हो तो सफलता आज नहीं तो कल मिलती ही है। ऐसा ही अचला-नवाडीह कब्रिस्तान मामले में हुआ है। उन्होंने कहा कि हम सबका सम्मिलित प्रयास रंग लाया और गढ़वा बाईपास के अधूरे पड़े भाग के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया। अचला-नवाडीह कब्रिस्तान के ऊपर फ्लाईओवर बनाने की सहमति राज्य एवं केंद्र सरकार की हाई लेवल मीटिंग में बनी है। अब इसका ड्रॉइंग डिजाइन की स्वीकृति के बाद कार्य आरंभ हो जाएगा। इस दौरान कब्रिस्तान बचाओ समिति का एक प्रतिनिधिमंडल भी साथ था। श्री गडकरी ने ध्यान पूर्वक हमारी सारी बातों को सुना एवं जल्द कार्यवाही के लिए हमें आश्वस्त किया। उन्होंने राज्य सरकार से भी प्रस्ताव मांगा। अगले ही दिन मैंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मुख्य सचिव एवं पथ निर्माण सचिव से बात कर प्रस्ताव भिजवा दिया। इस बीच लगातार एनएचएआई के चेयरमैन, मेंबर एवं स्थानीय अधिकारियों से वार्ता जारी रखी तथा लगातार इस मुद्दे पर अपडेट लेता रहा। अब इसपर सहमति बनी है। यह बहुत ही हर्ष का विषय है। बाईपास निर्माण की अंतिम बाधा भी अब दूर हो गई है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि कई माननीय पूर्व जनप्रतिनिधि, बड़े पद पर आसीन वर्तमान जनप्रतिनिधि सहित एनएचएआई के एक सम्मानित सदस्य आदि इसके विरोध में प्रेस कांफ्रेंस कर अपनी भड़ास निकाल रहे थे। कुछ ने तो इसकी स्वीकृति से पहले ही इसका शिलान्यास भी कर दिया था।वे किसी भी कीमत पर इसे नहीं बनने देने की मांग कर रहे थे।मैंने उसी दिन कहा था कि ऐसी ताकतों को मुंह की खानी पड़ेगी। आज वही हुआ। लेकिन कोई बात नहीं देर से ही सही पर लोगों को न्याय मिला। इस बात की खुशी है। जिन्हें मिर्ची लग रही है, लगे।उनकी नकारात्मक राजनीति का एक और मुद्दा खत्म हो गया। जनभावनाओं का सम्मान करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं आदरणीय नितिन गडकरी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।



## विधायक प्रतिनिधि ने प्रखंड समन्वयक समिति के उपाध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**मझिआंव (गढ़वा)।** दिनांक 23 जून दिन शुक्रवार को मंझिआंव अंचल के प्रखंड प्रमुख कार्यालय में एक बैठक आयोजित कर प्रखंड, अंचल एवं नगर पंचायत में भ्रष्टाचार, कालाबाजारी एवं जनता पर हो रहे अत्याचार को लेकर प्रखंड समन्वय समिति का गठन किया गया था जिसमें सर्वसम्मति से प्रखंड समन्वयक समिति का विस्तार करते हुए धर्मेंद्र कुमार सिंह जिला परिषद सदस्य को अध्यक्ष, संजय कमलापुरी विधायक प्रतिनिधि को उपाध्यक्ष, प्रेम शंकर पाठक प्रमुख प्रतिनिधि को सचिव, संजन कुमार सिंह, कुलेश्वर राम उप प्रमुख प्रतिनिधि को संरक्षक के रूप में चयन किया गया था। जिसके आलोक में वर्तमान विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापूरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि मैं प्रखंड समन्वय समिति उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा देता हूं मैं उस समिति का आज और अब से कोई हिस्सा नहीं हूं और उस पद पर आसीन नहीं रहूंगा। अब मैं सिर्फ और सिर्फ विधायक प्रतिनिधि हूं और विधायक एवं पार्टी के द्वारा दिए गए आदेश एवं कार्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करुंगा। वहीं पत्रकारों द्वारा इस प्रखंड समन्वय समिति का उपाध्यक्ष पद छोड़ने का कारण पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मैं एक पद पर आसीन होते हुए दूसरा पद कहीं सा नहीं बन सकता। मैं एक ही विधायक प्रतिनिधि पद पर आसीन रहते हुए प्रखंड की जनता की मूलभूत समस्याओं व अन्य समस्याओं को ऊपर के पदाधिकारियों तक रख कर व प्रखंड के जनहित की समस्याओं को निराकरण करवाने प्रयास करूंगा।

### पुलिस ने सड़क लूट की घटना में की त्वरित कार्रवाई

# तीनों अपराधियों को भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

कुडू थाना पुलिस ने सड़क लूट गिरोह के तीनों सदस्यों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार लूटेरों में कैरो थाना क्षेत्र के उतका गांव निवासी मदन यादव पिता सुदर्शन यादव, अंसार अंसारी पिता तौफीक अंसारी और नकीम अंसारी पिता जमरुद्दीन अंसारी शामिल हैं। प्रभारी थाना प्रभारी दिनेश मेहता ने रविवार को थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि बीते 23 जून शुक्रवार की रात 8 बजे सतबहिनी मंदिर जोजरो पतरा के समीप सुकुरहूटू निवासी सुकरा उरांव के पुत्र अवधेश उरांव से अज्ञात अपराधियों ने हथियार के दम पर लूटपाट की थी। सूचना मिलते ही वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर टीम का गठन किया गया। टीम में कुडू थाना के प्राभारी थाना प्रभारी दिनेश मेहता, एसआई जोस्फिना हेम्ब्रम, शोभाकांत हरिजन एवं थाना पुलिस के जवान शामिल थे। टीम ने तत्काल कारवाई करते हुए लूट कांड में शामिल तीन लूटेरों को कैरो थाना क्षेत्र के उतका गांव से दबोच लिया। इनके पास से लूट में प्रयुक्त एक देसी कट्टा, ग्लैमर बाइक और लूट के दो हजार चार सौ रु भी बरामद किया गया था। पूछताछ में तीनों ने बताया कि इससे पूर्व भी कैरो कंदनी नदी के पास लूटपाट की घटना को अंजाम दे चुके हैं। रविवार को कानूनी कार्रवाई करते हुए तीनों गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया।



**रास्ता दिखाने पहुंचे युवक ने लुटेरों में से एक अपने सहपाठी के रूप में की पहचान:**

मिली जानकारी के अनुसार अवधेश को रास्ता दिखाने पहुंचे युवक ने एक लुटेरे की पहचान कैरो हाई स्कूल के अपने सहपाठी मदन यादव के रूप में की थी।

### हनहट में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**कैरो / लोहरदगा :** थाना क्षेत्र के बुनियादी विधालय परिसर हनहट में रविवार को एसआई संतोष कुमार व ए एसआई संजय कुमार राय की अगुवाई में शांति समिति की बैठक हुई। मौके पर आस्था का पर्व बकरीद और घूरती रथ हर्षोउल्लास के साथ आपसी सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया।उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए तमाम लोगो की सहयोग की जरूरत है। लोग किसी भी अफवाह पर ध्यान न दे,गलत अफवाह फैलाने वाले पर कानूनी करवाई की जाएगी,जनता कुसी भी परिस्थिति में कानून को अपने हाथ मे न लें। मौके पर खुर्शीद मियां, जैनुल अंसारी,मो सजाद,अमूर अंसारी,मोहन साहू, मो सन्नाउल्लाह,मो अख्तर,मो सहाबुद्दीन,मुस्लिम अंसारी, अब्दुल्लाह, सफीउल्लाह, अताउल्लाह आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के पिपरी गांव निवासी गंगाराम का पुत्र मदन कुमार राम मोटरसाइकिल व कार के टक्कर में घायल हो गया। उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि मदन कुमार राम अपने घर से मोटरसाइकिल लेकर गढ़वा लोपो गांव मजदूरी करने आ रहा था। इसी दौरान एक कार ने उसे धक्का मार दिया। इसके बाद कार चालक ने उसे घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने उसे उठाकर सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

### मारपीट की घटना में नौ घायल

**गढ़वा।** रमना थाना क्षेत्र के बुलका गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में 9 लोग घायल हो गये। घायलों में एक पक्ष के स्व. केश्वर यादव का पुत्र रामवृक्ष यादव उसका भाई अशर्फी यादव उसकी पत्नी यशवंती देवी उसका पुत्र चंदन कुमार यादव, रंजन कुमार यादव, सोनू कुमार यादव एवं दूसरे पक्ष के बिहारी यादव का पुत्र कमलेश यादव, सत्येंद्र यादव व रविंद्र यादव के नाम शामिल है। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में अशर्फी यादव ने आरोप लगाया है कि पुराने भूमि विवाद को लेकर बिहारी यादव आदि घर के दरवाजे पर भैंस का दूध निकाल रहा था। इसी दौरान आकर मारपीट करने लगा। जबकि दूसरे पक्ष के सत्येंद्र यादव ने आरोप लगाया है कि अपने चाचा बाला यादव से जमीन का खरीद लिया था। उस भूमि पर अशर्फी यादव रामवृक्ष यादव कब्जा करना चाह रहा है। उक्त भूमि में घर का निर्माण कर रहा था। घर बनाने से मना करने गए तो मारपीट करने लगे।

### तहले गांव में खपरैल घर में लगी आग भुक्तभोगी ने लगाई गुहार

**चिनीयां (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के तहले गांव में बिते देर रात 1 खप्रैल घर में अचानक आग लग गई। जिससे खपरैल घर पूरी तरीके से जलकर खाक हो गया। वहीं भुक्तभोगी ने चिनीयां थाने में आवेदन देकर जान मारने की नीयत से घर में आग लगाने को लेकर आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में यह उल्लेखनीय है कि मैं हरावण यादव उम्र 70 वर्ष पिता स्वर्गीय पांडु यादव ग्राम तहले का निवासी हूं तथा आगे मेरे घर के सामने एक सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें घर के बगलगीर, नरेंद्र साहू चांद साह पिता रामवृक्ष साह, के द्वारा कार्य को रोका जा रहा है। जिसे लेकर हम लोगों में जमीनी विवाद चल रहा था। इसी क्रम में हम सभी जब बीती रात पूरा परिवार खाना-पीना खाकर सोए थे तभी अचानक 12:00 बजे मेरे खपरैल घरों में अचानक आग लग गई। जिससे हम लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हम लोग पूरे परिवार घर से बाहर निकले तो आग की रोशनी से देखा कि बबलू साह पिता नरेंद्र साह उरफ चांद साह, छठन शाह पिता रामवृक्ष साह, मंटू शाह पिता राम वृक्ष साह, नरेंद्र शाह उर्फ चांद साह पिता रामवृक्ष साह सभी भाग रहे हैं। हम लोगों ने पीछा भी किया लेकिन वह लोग सभी भाग गये थे। वहीं जब हम लोग शोरगुल किये तो आसपास के लोगों ने आकर किसी तरीके से आग पर काबू पाया है। मामले में चिनीयां थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार से प्रतिक्रिया लेने के लिए उनके फोन पर संपर्क की गई तो संपर्क नहीं हो सका।

### चावल दिवस के मौके पर राशन वितरण का आयोजन



**भवनाथपुर (गढ़वा)।** चावल दिवस के अवसर पर 25 जून रविवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जयपाल महतो ने प्रखंड के सभी पंचायतों में जन वितरण प्रणाली दुकान पर चावल वितरण कर चावल दिवस मनाया गया। इस दौरान पीडीएस दुकानदारों ने सभी योग्य लाभुकों के बीच चावल का वितरण किया। वहीं बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जयपाल महतो ने भवनाथपुर, अरसली दक्षिणी, अरसली उतरी, मकरी, पंडरिया सहित प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली दुकान का निरीक्षण किया एवं जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को आधार सीडिंग एवं मृत व्यक्ति का नाम काटना, समय पर राशन वितरण करना सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिया। आपको बता दें कि चावल दिवस के सफल संचालन को ले उपायुक्त शेखर जमुआर ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं पीडीएस दुकानदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। साथ ही, चावल दिवस को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से प्रयासरत है। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्यों को संपादित करने का निर्देश दिया है। कहा कि जिले के योग्य लाभुकों को खाद्यान्न उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिक जिम्मेवारी है। सभी संबंधित पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि खाद्यान्न वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं कोताही न हो। कोताही बरतने वाले पीडीएस दुकानदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। आपसी समन्वय के साथ खाद्यान्न वितरण में आ रही समस्याओं का निराकरण करें। महीने में दो दिन चावल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इन दो दिनों में ज्यादा से ज्यादा लाभुकों के बीच खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। चावल दिवस सफल संचालन को ले सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी व अन्य अधिकारियों को नियमित मानिटरिंग करने का निर्देश दिया गया है।

## गांव को मानव तस्करों से सुरक्षित रखें ग्रामीण : मनोरमा एक्का




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिला में लगातार चलाये जा रहे सुरक्षित गाँव कार्यक्रम हेतू होप एवं माई चॉइस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में लोहरदगा जिला अंतर्गत किस्को प्रखंड के . खरकी गांव स्थिति आंगनबाडी में होप और ओरा ओरा (ऑपरेशन रेड अलर्ट) के संयुक्त भागीदारी से किशोर - किशोरियों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने हेतु सुरक्षित गांव कार्यक्रम किया गया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव से हो रहे असुरक्षित पलायन , बच्चों को मानव दुर्व्यवपार आदि से बचाना है। मनोरमा एक्का ने मानव व्यापार,सुरक्षित स्पर्श असुरक्षित स्पर्श, बाल विवाह, बाल मजदूरी और उनके कर्तव्य आदि पर विस्तार से और विभिन्न टॉल फ्री नंबर के बारे में विस्तार से बताया। उपस्थित प्रतिभागियों ने इन विषयों पर अपनी समझ बनाई। मानव तस्करी के बारे में उनको कैसे हम पहचान सकते हैं कैसे उसते हम अपने एव गाँव को सुरक्षित रख सकते है के बारे में विस्तार से अरविन्द वर्मा ने बतलाया । कार्यक्रम को और प्रभावी एवम सुलभ रूप से समझ विकसित हो इसके लिए सुरक्षित गांव कार्यक्रम का पुस्तक वितरित किया गया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे अरविंद वर्मा, सरस्वती गोप और खरकी गांव के 40 से 50 ग्रामीणों ने अपनी सहभागिता प्रदान की।

## भाजपा ने सेवानिवृत्त व शहीद सैनिक के परिजनों को सम्मानित किया

**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा**

भारतीय जनता पार्टी घाघरा मंडल के द्वारा विशिष्ट लोगों, सेवानिवृत्त व शहीद सैनिक के परिवार के सदस्यों को रविवार को सम्मानित किया गया। मौके पर भाजपा नेता भिखारी भगत ने कहा भारतीय जनता पार्टी के 9 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में विगत 20 जून से 30 जून तक सबका साथ सबका विश्वास और सबका विश्वास के तहत यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के निमित्त डोर टू डोर विजिट कर जनसंपर्क अभियान भी चलाया जा रहा है और भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी की कार्यों से लोगों को अवगत कराया जा रहा है। ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में पुनः हम सब मिलकर नरेंद्र भाई मोदी को मौका देने का कार्य करेंगे। इसी कार्यक्रम के तहत ही भारत के वरिष्ठ विशिष्ट एवं शहीद सैनिक के परिवार तथा सेवानिवृत्त व्यक्तियों का सम्मान हमारी पार्टी के द्वारा किया जा रहा है। मौके पर गोविंद भगत, वकील साहू, धनेश्वर मुंडा, राम कुमार भगत, सुखदेव भगत, हीराचंद भगत, नीलू भगत, योगेंद्र सिंह, उग्रवादी हिंसा में मारे गए शहीदों के परिवारों को सम्मानित किया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक, सांसद प्रतिनिधि अनिल प्रसाद, आशीष कुमार सोनी, अमित ठाकुर, आशीष सिंह, तंबू उरांव, गोपाल गोप, बिपिन बिहारी सिंह, अरविंद यादव, कलावती देवी, सीमा देवी, बालमति देवी उपस्थित थे।




**गोष्ठी**

### भाजपा का महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम आयोजित

# प्रबुद्ध वर्ग समाज का दिशा तय करने वाले लोग हैं : वीडी राम

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पलामू सांसद बीडी राम ने कहा कि प्रबुद्ध वर्ग समाज का दिशा तय करने वाले लोग हैं। आपातकाल पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि आपातकाल देश के लिए काला धब्बा है। कांग्रेस की इंदिरा गांधी सरकार ने देश में आपातकाल लागू कर लोकतंत्र का हत्या करने का काम किया था। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि मोदी सरकार ने भारत को विश्व गुरु बनाया है। देशहित में काम करने वाली पहली बार पूर्न बहुमत की सरकार बनी है। जिसका पुरा लाभ देश को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास जैसे मुल मंत्र के साथ काम कर रही है। देश में मोदी सरकार आने से भारत का सम्मान विश्व में बढ़ा है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि भाजपा ही एक मात्र पार्टी है जो सबका साथ सबका विकास चाहती है। बाकी दूसरे दल के लोग सबका साथ लेकर अपना विकास करते हैं। समाज का प्रबुद्ध वर्ग भाजपा के साथ शुरू से रहा है। भाजपा एक मात्र ऐसा पार्टी है जिसके साथ हर वर्ग का सहयोग रहता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एक पत्रकार ने कहा कि आपातकाल देश के काला अध्याय से जुड़ गया। जब भी उस कालखंड को याद किया जाता है तो युवाओं के मन में गुस्सा आ जाता है। मोदी सरकार जिस तरह से देशहित में अनवरत कार्य कर रहा है। ठीक करने में कुछ समय तो लगेगा। उन्होंने कहा कि अच्छे लोगों को राजनीति में आने की जरूरत है। कोई पार्टी अगर राष्ट्रहित समाजहीत में काम कर रहा है तो लोगों को ऐसे विचारधारा से जुड़कर राजनीति में भुमिका निभाना चाहीए। उन्होंने कहा कि भारत के दुश्मनों ने देश को हर तरीके से लुटा समाजिक आर्थिक हर तरीके से बर्बाद किया। नरेंद्र मोदी ने भारत को विश्व पटल पर स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई है। ऐसा प्रधानमंत्री देश को पहली बार मिला है इसे हम सबको समझना होगा। जो भी अच्छा काम करता है उसके साथ पब्लिक को खड़ा होना चाहीए। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री संतोष दूबे एवं धन्यवाद ज्ञापन सुरेन्द्र विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमित सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुरली श्याम सोनी, सोशल मीडिया प्रभारी बृजेन्द्र पाठक गौरी शंकर, बिंद भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, भाजपा नेत्री वीणा पाठक, पार्वती सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप कार्यक्रम प्रभारी मनोज पाठक, यशवंत मिश्रा,अद्याशंकर पाण्डेय, ओमप्रकाश पाठक, दीपक तिवारी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।



# खून की तिजारत न हो

***रक्तदान*** महादान है। यह प्रत्येक व्यक्ति को करनी चाहिए। डाक्टरों की मानें तो इससे किसी तरह की परेशानी नहीं है। रक्तदान करने वाले एक दूसरे को जिंदगी देने का पुण्य काम करते हैं। रक्तदान के प्रति आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने की जरूरत है। लोगों की भ्रातियों को भी दूर करने की जरूरत है कि इससे किसी तरह की हानि नहीं है। शहर की जनसंख्या का एक प्रतिशत यूनिट ब्लड बैंक में हमेशा उपलब्ध होना चाहिए। जिससे गंभीर बीमारी या आपात स्वास्थ्य स्थिति के समय रक्त की कमी को पूरा किया जा सके। आज हर किसी व्यक्ति को रक्तदान करने की जरूरत है। ताकि समय पड़ने पर गरीब और असहाय लोगों को खून की कमी की वजह से मौत का सामना ना करना पड़े। पिछले दिनों झारखंड पलामू पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरी निवासी शंकर महतो को खून की आवश्यकता थी। खून के इंतजाम में शंकर महतो इधर-उधर काफी भटके परंतु खून का इंतजाम नहीं हो पाया। इसके बाद बीमार व्यक्ति को रोते देखकर सभी का मन भर आया। अंतिम में इन्हें खुन उपलब्ध कराया गया। इस प्रकार इन्हें पुनः जिन्दगी मिल गयी। खून मिलने के बाद मरीज व मरीज के परिजनों के बीच खुशी का माहौल देखने को मिला। रक्तदान के संबंध में यह ध्यान रखना सबको चाहिए कि खून की कमी से एक भी व्यक्ति की मौत ना हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। रक्तदान से संबंधित भ्रांतियां से दूर रहते हुए किसी अफवाह से बचने के साथ पीड़ित मानवता की जीवन रक्षा हेतु रक्तदान बिना लाग लपेट करनी चाहिए। यह देखा गया है कि लोगों में जागरूकता की कमी है। यही कारण है कि लोग खून देने में संकोच करते हैं। असहाय गांव से आये व्यक्तियों को शहरों में खून के लिए भटकना पड़ता है। साथ ही उसके साथ अमानवीय व्यवहार भी होता है,जो सही नहीं है। कुछ स्वार्थी लोग इसका व्यापार करने से भी बाज नहीं आते हैं। खून की दलाली जहां एक ओर मानवता के नाम पर कलंक है,वहीं किसी की मजबूरी का फायदा उठाना इंसानियत के खिलाफ है। इस बात को हर आदमी को समझना चाहिए। जीवन और मौत से जूझ रहे किसी इंसान की मदद करने से जहां एक ओर अमुक व्यक्ति की जान बच जाती है,वहीं उसकी दुआ जीवन भर काम आती है। यही इंसानियत का तकाजा है। अब इस मामले में जिला प्रशासन को भी मुस्तैद रहने की जरूरत है। ब्लड बैंक में ब्लड की कमी नहीं हो,इसके लिए एक अभियान चला कर लोगों को जागरूक किया जा सकता है। दुखद पहलू यह कि कई बार देखा जाता है कि ब्लड की कमी होने से दुर्घटनाग्रस्त या बीमार व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। ऐसा न हो ,इसके लिए सावधानी जरूरी है। यह तभी संभव है जब ब्लड बैंक में खून रहेगा। प्रत्येक व्यक्ति को अपने ग्रुप के खून को दान कर देना चाहिए। इससे जरूरतमंद को आपात समय में खून उपलब्ध हो जायेगा। यह ध्यान रखना जरूरी है कि खून की तिजारत न हो। बहरहाल हाल के दिनों में देखा जा रहा है कि जरूरतमंद को खून नहीं मिलता है। इसकी तिजारत जोरो पर हो रही है। यह समाज का अमानवीय चेहरा है। मानवीय संवेदनाओं को झकझोरने वाली कई घटनायें आज हर जगह देखने को मिलती है। जीवन और मौत से जूझते किसी व्यक्ति को खून उपलब्ध कराना पुण्य का कार्य है। ऐसी स्थिति में खून की हेराफेरी करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जरूरत है।

**शहर की जनसंख्या का एक प्रतिशत यूनिट ब्लड बैंक में हमेशा उपलब्ध होना चाहिए। जिससे गंभीर बीमारी या आपात स्वास्थ्य स्थिति के समय रक्त की कमी को पूरा किया जा सके।**

# युवाओं की सृजनशीलता मिटा रहे मादक पदार्थ





योगेश कुमार गोयल

***दुनिया*** भर में 26 जून को नशीली दवाओं के सेवन और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया जायेगा। यह दिवस समाज के हर वर्ग के लिए आत्मचिंतन का विषय है, क्योंकि मादक पदार्थों का सेवन अब मानवता के प्रति सबसे बड़े अपराध का रूप धारण कर चुका है। भारत में मादक पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। चिंता का विषय यह है कि अब यह प्रवृत्ति केवल शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं है बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी नशे का जाल फैलता जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में अफीम, चरस, गांजा, हेरोइन आदि के अलावा इंजेक्शन के जरिये लिए जाने वाले मादक पदार्थों का भी इस्तेमाल होने लगा है। रईसजादे युवक-युवतियों की रेव पार्टियां तो नशे का भयावह आधुनिक रूप है, जहां राजनीतिक संरक्षण के चलते प्रायः पुलिस भी हाथ डालने से बचती है। हालांकि कभी-कभार रेव पार्टियों पर छापा मारकर नशे में मदहोश युवाओं को गिरफ्तार किया जाता है। देश का कोई भी महानगर ऐसा नहीं है, जहां ऐसी रेव पार्टियां रईसजादों की रोजमर्रा की जीवनशैली का हिस्सा न हों। वास्तव में रेव पार्टियां बिगड़ैल युवाओं की नशे की पार्टियों का ही आधुनिक रूप हैं। कोकीन हो या अन्य ऐसे ही मादक पदार्थ, जिनमें गंध नहीं आती, रसूखदार परिवारों के बिगड़े हुए युवाओं का मनपसंद नशा बनते जा रहे हैं। इस बात से बेखबर कि ये तमाम मादक पदार्थ सीधे शरीर के तंत्रिका तंत्र पर हमला करते हैं और शरीर को भयानक बीमारियों की सौगात देते हैं, ऐसे युवा चंद पलों के मजे के लिए इनके गुलाम बन जाते हैं। युवाओं को मादक पदार्थों के करीब लाने में इंटरनेट की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत में नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों में करीब चालीस फीसदी कॉलेज छात्र हैं, जिनमें लड़कियों की संख्या भी काफी ज्यादा है। देश के अनेक कॉलेजों में तो अब स्थिति यह है कि आसानी से नशीले पदार्थ उपलब्ध हो जाते हैं। स्कूल-कॉलेजों के छात्र अक्सर अपने साथियों के कहने या दबाव डालने पर या फिर मॉडर्न दिखने की चाहत में इनका सेवन आरंभ करते हैं। कुछ युवक मादक पदार्थों से होने वाली अनुभूति को अनुभव करने के लिए, कुछ रोमांचक अनुभवों के लिए तो कुछ मानसिक तौर पर परेशानी अथवा हताशा की स्थिति में इनका सेवन शुरू करते हैं। मानव जीवन की रक्षा के लिए बनाई जाने वाली कुछ दवाओं का उपयोग भी लोग अब नशा करने के लिए करने लगे हैं। देश में नशे के फैलते जाल का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि मादक पदार्थ न सिर्फ मानव शरीर की सुंदरता को नष्ट कर शरीर को खोखला बनाते हैं बल्कि इनका उपयोग युवा पीढ़ी की क्षमताओं को नष्ट कर उनकी सृजनशीलता को भी मिटा रहा है तथा देश के सामाजिक और आर्थिक ढांचे को पंगु बना रहा है। एक बार मादक पदार्थों की लत लग जाय तो व्यक्ति इनके बिना रह नहीं पाता। यही नहीं, उसे पहले जैसा नशे का प्रभाव पैदा करने के लिए और अधिक मात्रा में मादक पदार्थ लेने पड़ते हैं। इस तरह व्यक्ति इनका गुलाम बनकर रह जाता है। अधिकांश लोगों में गलत धारणाएं विद्यमान हैं कि मादक पदार्थों के सेवन से व्यक्ति की सृजनशीलता बढ़ती है और इससे व्यक्ति में सोच-विचार की क्षमता, एकाग्रता तथा यौन सुख बढ़ता है लेकिन वास्तविकता यही है कि नशे के शिकार लोगों की सोच-विचार की क्षमता और इसकी स्पष्टता खत्म हो जाती है तथा उनके कार्यों में भी कोई तालमेल नहीं रहता। इनके सेवन से कुछ समय के लिए संकोच की भावना जरूर मिट जाती है लेकिन अंततः इससे शरीर की सामान्य कार्यक्षमता में गिरावट आती है। दरअसल नशीली दवाएं या नशीले पदार्थ ऐसे रासायनिक पदार्थ हैं, जो हमारे शरीर की कार्यप्रणाली को बदल देते हैं। वर्ष 1993 में प्रकाशित पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' में बताया गया है कि कोई भी रसायन, जो किसी व्यक्ति की शारीरिक या मानसिक कार्यप्रणाली में बदलाव लाए, मादक पदार्थ कहलाता है और जब इन मादक पदार्थों का उपयोग किसी बीमारी के इलाज या बेहतर स्वास्थ्य के लिए दवा के तौर पर किया जाय तो यह मादक पदार्थों का सही उपयोग कहलाता है लेकिन जब इनका उपयोग दवा के रूप में न होकर इस प्रकार किया जाय कि इनसे व्यक्ति की शारीरिक या मानसिक कार्यप्रणाली को नुकसान पहुंचे तो इसे नशीली दवाओं का दुरूपयोग कहा जाता है। मादक पदार्थों के सेवन का आदी हो जाने पर व्यक्ति में प्रायः कुछ लक्षण प्रकट होते हैं, जिनमें खेलकूद और रोजमर्रा के कार्यों में दिलचस्पी न रहना, भूख कम लगना, वजन कम हो जाना, शरीर में कंपकंपी छूटना, आंखें लाल, सूजी हुई रहना, दिखाई कम देना, चक्कर आना, उल्टी आना, अत्यधिक पसीना आना, शरीर में दर्द, नींद न आना, चिड़चिड़ापन, सुस्ती, आलस्य, निराशा, गहरी चिन्ता इत्यादि प्रमुख हैं। सूई के जरिये मादक पदार्थ लेने वालों को एड्स का खतरा भी रहता है। देशभर में नशे का अवैध व्यापार तेजी से फल-फूलने के पीछे सबसे बड़ा कारण यही है कि नशे के सौदागरों के लिए मादक पदार्थों की तस्करी सोने का अंडे देने वाली मुर्गी साबित हो रही है। विश्व की कुल अर्थव्यवस्था का 15 फीसदी हिस्सा यही व्यापार रखता है। भारत में मादक पदार्थों की तस्करी अफगानिस्तान, पाकिस्तान, चीन, बर्मा, ईरान आदि देशों के जरिये होती रही है और अवसर मिलते ही ये मादक पदार्थ तस्करी के जरिये पश्चिमी देशों में पहुंचा दिये जाते हैं। हालांकि भारत इस अवैध व्यापार में तस्करों के लिए केवल एक पड़ाव का काम करता है लेकिन इसके दुष्प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता क्योंकि इस अवैध व्यापार का तस्करी, आतंकवाद, शहरी क्षेत्र के संगठित अपराध तथा आर्थिक एवं व्यावसायिक अपराधों से काफी करीबी रिश्ता है। इंटरनेशनल नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भौगोलिक स्थिति के कारण भारत नशीली दवाओं की तस्करी के लिए सबसे अच्छा रास्ता बन गया है। हालांकि नशे के अवैध व्यापार पर लगाम कसने के लिए हमारे यहां अन्य देशों के मुकाबले बहुत कड़े कानून हैं, फिर भी अपराधी अक्सर कानून की कुछ खामियों की वजह से बच निकलते हैं। यही कारण है कि मादक पदार्थों का अवैध व्यापार भारत में निरंतर फल-फूल रहा है।

**देश का कोई भी महानगर ऐसा नहीं है, जहां ऐसी रेव पार्टियां रईसजादों की रोजमर्रा की जीवनशैली का हिस्सा न हों। वास्तव में रेव पार्टियां बिगड़ैल युवाओं की नशे की पार्टियों का ही आधुनिक रूप हैं।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### आईये सुने छठ माता की कथा

वे अपने परिजनों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना और लंबी उम्र के लिए नियमित सूर्य पूजा करती थीं। एक कथा के अनुसार राजा प्रियवद को कोई संतान नहीं थी, तब महर्षि कश्यप ने पुत्रेष्टि यज्ञ कराकर उनकी पत्नी मालिनी को यज्ञाहुति के लिए बनाई गई खीर दी। इसके प्रभाव से उन्हें पुत्र हुआ परंतु वह मृत पैदा हुआ। प्रियवद पुत्र को लेकर श्मशान गए और पुत्र वियोग में प्राण त्यागने लगे। उसी वक्त भगवान की मानस कन्या देवसेना प्रकट हुई और कहा कि सृष्टि की मूल प्रवृत्ति के छठे अंश से उत्पन्न होने के कारण मैं षष्ठी कहलाती हूं। राजन तुम मेरा पूजन करो तथा और लोगों को भी प्रेरित करो। राजा ने पुत्र इच्छा से देवी षष्ठी का व्रत किया और उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। यह पूजा कार्तिक शुक्ल षष्ठी को हुई थी। मूलतः सूर्य षष्ठी व्रत होने के कारण इसे छठ कहा गया है। यह पर्व वर्ष में दो बार मनाया जाता है। पहली बार चैत्र में और दूसरी बार कार्तिक में। चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी पर मनाए जानेवाले छठ पर्व को चैती छठ व कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी पर मनाए जाने वाले पर्व को कार्तिकी छठ कहा जाता है। पारिवारिक सुख-समृद्धि तथा मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए यह पर्व मनाया जाता है। इस पर्व को स्त्री और पुरुष समान रूप से मनाते हैं। छठ पूजा चार दिवसीय उत्सव है। इसकी शुरूआत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी को तथा समाप्ति कार्तिक शुक्ल सप्तमी को होती है। इस दौरान व्रतधारी लगातार 36 घंटे का व्रत रखते हैं। इस दौरान वे पानी भी ग्रहण नहीं करते। छठ पर्व बांस निर्मित सूप, टोकरी, मिट्टी के बरतनों, गन्ने के रस, गुड़, चावल और गेहूं से निर्मित प्रसाद और सुमधुर लोकगीतों से युक्त होकर लोक जीवन की भरपूर मिठास का प्रसार करता है।

*(क्रमशः)*

# केंद्र सरकार की संजीदगी, बच्चियों की खुशहाल होती जिंदगी




डॉ. निवेदिता शर्मा

***आधुनिक*** भारत में स्त्री शिक्षा के लिए नई शुरूआत महाराष्ट्र से सावित्री बाई फुले ने 19वीं सदी में आरंभ की थी। 1848 में उन्होंने बालिकाओं के लिए एक विद्यालय की स्थापना की थी। आधुनिक भारत के उस पहले खोले गये बालिका विद्यालय से लेकर आज तक देश भर में हजारों नहीं लाखों विद्यालय खुल चुक हैं। समय भी जैसे पंख लगाकर उड़ता रहा और देखते ही देखते 175 वर्ष भी बीत गये। पीढ़ियां गुजरने का अनुमान लगाएं तो इस बीच सात पीढ़ियों का नवागमन हुआ, किंतु इसके बाद भी वर्तमान समय में स्त्री शिक्षा एक बड़ा विषय बनी हुई है। क्योंकि वह अभी भी पुरुष साक्षरता की तुलना में पीछे ही हैं। देश में अनेक स्थानों पर पाया गया है कि बेटियां 12वीं ही नहीं पास कर पाती हैं। कहीं, आर्थिक संसाधन रोड़ा हैं, कहीं स्कूल की दूरी और कहीं माता-पिता का रोजगार के लिए पलायन करते रहने की मजबूरी, किंतु इन सभी कारणों से यदि कोई सबसे अधिक प्रभावित होता है तो वे हैं बच्चे। इसमें भी एक बेटी शिक्षित होना क्यों जरूरी है? वास्तव में इसकी गहराई को हम सभी को समझने की आवश्यकता है। किसी भी देश की लगभग आधी जनसंख्या महिलाओं की होती है और यदि इस आधी आबादी को निरक्षर या अशिक्षित छोड़ दिया जाय तो उस देश की प्रगति क्या और कैसी होगी यह अंदाजा सहज लगाया जा सकता है। इस विषय से संबंधित अब तक हुए सभी शोधों का निष्कर्ष एक ही है कि किसी भी परिवार में स्त्री के शिक्षित होने से संपूर्ण परिवेश बदल जाता है, परिवार में अच्छे गुणों का विकास होता है, बच्चों को छोटी-छोटी जानकारियों के लिए किसी अन्य पर निर्भर नहीं रहना होता। पिता के पास में नहीं होने की स्थिति में मां एक गुरु की भांति उसकी समस्त जिज्ञासाओं को शांत कर देती है। संभवतः यही कारण है कि एक बच्चे के लिए उसकी मां को उसके जीवन में प्रथम गुरु का स्थान परंपरा से दिया जाता रहा है । वैसे भी बच्चे किसी भी परिवार में पिता की तुलना में मां के पास ही ज्यादा रहते हैं, इसलिए भी एक स्त्री का शिक्षित होना आवश्यक है। बच्चियों की शिक्षा को लेकर भारत में पिछले दशक की तुलना में इस बीते दशक में तेजी से परिवर्तन देखने को मिला है, यह परिवर्तन जैसे हर क्षेत्र में हो रहा है वैसे ही शिक्षा जगत में भी तेजी से होता हुआ दिखाई दे रहा है। परिवर्तन की इस बेला में निजी संस्थानों का जहां अपना महत्व है, वहीं नीतिगत रूप से शासकीय संस्थानों द्वारा समय-समय पर लिए गये निर्णय बहुत मायने रखते हैं। इस समय भारत भर में लगभग 60 स्कूल परीक्षा बोर्ड हैं, जो विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में कार्य कर रहे हैं। इसमें पाठ्यक्रम मानकों को संरेखित करना, ग्रेडिंग सिस्टम और मूल्यांकन के तरीके अभी भिन्न-भिन्न हैं। किंतु मूल उद्देश्य तो सभी का एक ही है, शिक्षित भारत बनाने में अपना योगदान देना। देखने में अब भी यही आ रहा था कि सब कुछ होने के बाद भी देश के अनेक प्रदेशों में बेटियां बढ़ाई को नियमित नहीं रख पा रहीं थीं। ऐसे में केंद्र की मोदी सरकार ने जो पहल ''कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव'' नाम से अभियान के रूप में की थी, आज उसके सार्थक परिणाम सामने आने से मन हर्षित है। पिछले एक वर्ष में ही योजना देश भर से उन तमाम बच्चियों को अपने साथ जोड़ने में सफल रही है, जोकि किन्हीं भी कारणों से अपनी शिक्षा को नियमित नहीं कर पाती थीं। इस क्षेत्र में केंद्र द्वारा खासकर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एवं शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त समन्वय से इसे संचालित किया जा रहा है।

**भारत भर में लगभग 60 स्कूल परीक्षा बोर्ड हैं, जो विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में कार्य कर रहे हैं। इसमें पाठ्यक्रम मानकों को संरेखित करना, ग्रेडिंग सिस्टम और मूल्यांकन के तरीके अभी भिन्न-भिन्न हैं।**

**देश-विदेश**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

**कर्म सुख भले ही न ला सके,**

**लेकिन कर्म के बिना सुख नहीं मिलता है।**

# सत्तारोहण की चाहत का मिलन चातुर्य



सियाराम पांडेय 'शांत'

***23 जून,*** 2023 की तारीख भारतीय राजनीति में कई मामलों में बेहद खास रही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत और अमेरिका ही नहीं, दुनिया के 135 देशों को साधने का योग करते रहे। दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका और सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत को मैत्री संबंधों में बांधने का मनोयोग करते रहे। इस बहाने दुनिया को सुंदर भविष्य और भविष्य को सुंदर दुनिया देने की अपनी मंशा का इजहार करते रहे। हालांकि यह सिलसिला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस वाले दिन से ही शुरू हो गया था और उनकी मिस्र यात्रा की समाप्ति तक उनकी इन कोशिशों में कमी नहीं आने वाली। एक ओर भारतीय जनता पार्टी ने जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस राष्ट्रीय स्तर पर मनाया। एक देश, एक निशान, एक संविधान के उनके विचारों को याद किया, वहीं दूसरी ओर बिहार की राजधानी पटना को एक बार फिर राजनीतिक आंदोलन का गढ़ बनाने की कवायद हुई। लिट्टी-चोखा, गुलाब जामुन, जलेबी के लुत्फ के बीच देश के 15 दलों के कुल जमा 30 नेताओं ने भाजपा को शिकस्त देने का संकल्प लिया। देश में अघोषित आपातकाल होने का रोना रोया और घोषित आपातकाल लगाने वाली इंदिरा गांधी के पौत्र राहुल गांधी से दूल्हा बनने की अपील की। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद की बिना दूल्हे की बारात वाली राजनीतिक टिप्पणी पर दरअसल यह मसखरी अंदाज वाला लालुई जवाब था लेकिन प्रधानमंत्री पद की हसरत पाले विपक्ष के तमाम नेताओं को महत्वाकांक्षा के सातवें आसमान से जमीन पर लाने का एक प्रयास भी था। लालू प्रसाद यादव कब चाहेंगे कि राजनीति में नीतीश कुमार का रुतबा इतना बढ़ जाय कि वह उनके परिवार के लिए भस्मासुर बन जाएं। वे ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल पर भरोसा करें भी तो क्यों? उनके एक विरोध ने मुलायम सिंह यादव को प्रधानमंत्री बनने से रोक दिया था। ऐसे में अगर उन्होंने राहुल को शादी करने की सलाह दी है तो उसके अपने राजनीतिक निहितार्थ हैं। जिस लालू यादव ने आपातकाल में 20-22 माह की जेल यातना सही हो, जिसने आपातकाल के विरोध में अपनी एक बेटी का नाम मीसा रख दिया हो, वह लालू यादव इंदिरा परिवार के वंशज को अकारण आगे बढ़ाने का उपक्रम यूं ही तो नहीं करेंगे इसे भी समझने की जरूरत है। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी की मानें तो पटना में विपक्ष की बैठक का हासिल बस इतना रहा है कि हम साथ हैं, मिलकर लड़ेंगे। अगली बैठक शिमला में होगी। यह तो तय है कि यह बैठक प्रधानमंत्री मोदी की देश-विदेश में बढ़ती लोकप्रियता से खौफ खाकर ही हो रही है। ममता बनर्जी तो यहां तक कहती नजर आईं कि मोदी सरकार अगर फिर सत्तारूढ़ हो गई तो देश में चुनाव होंगे ही नहीं। रही बात विपक्षी एकजुटता की तो कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी, राकांपा प्रमुख शरद पवार, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, दिल्ली के मुख्यमंत्री और आआपा संयोजक अरविंद केजरीवाल, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, राकांपा अध्यक्ष शरद पवार, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती सहित कई विपक्षी नेता बैठक में शामिल तो हुए, उन्होंने परस्पर हाथ भी मिलाये लेकिन क्या दिल भी मिला पाये, विचारधारा के स्तर पर एक हो पाये, इसका जवाब अभी मिलना बाकी है। वैसे तो ये सारे नेता देश बचाने के लिए एकजुट हो रहे हैं लेकिन एक बड़ा सच यह भी है कि इनकी चिंता के केंद्र में अपनी परिवारवादी राजनीति का संरक्षण ही है।

**भारतीय जनता पार्टी ने जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस राष्ट्रीय स्तर पर मनाया। एक देश, एक निशान, एक संविधान के उनके विचारों को याद किया।**

**बलिदान**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# किसानों के लिए हितकारी होगा बैंगन के लिए नया जैविक कीटनाशक

**बैंगन भारत की सबसे लोकप्रिय सब्जियों में से एक है। लेकिन बुआई के बाद इसकी फसल पर विभिन्न प्रकार के कीटों का खतरा निरंतर बना रहता है। तना और फल छेदक (फ्रूट एंड शूट बोरर) कीट बैंगन की पैदावार को अत्यधिक क्षति पहुंचाते हैं। भारतीय शोधकर्ताओं की एक टीम ने तना और फल छेदक कीट से निपटने में स्वयं बैंगन के अंतर्निहित नियंत्रण तंत्र और उसके जैव कीटनाशक की प्रभावी उपयोगिता को रेखांकित किया है। तना और फल छेदक कीट को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक भारी कीटनाशकों का उपयोग बैंगन को किसानों के लिए व्यावसायिक रूप से अव्यवहार्य और उपभोक्ताओं के लिए जोखिम भरा बना देता है।**

विभिन्न रंग और आकार में उगने वाले बैंगन की खेती पूरे एशिया में बड़े पैमाने पर की जाती है। आलू और टमाटर के बाद बैंगन भारत में तीसरी सबसे ज्यादा खपत होने वाली सोलानेसी पादप कुल की 'सोलनम' प्रजाति की सब्जी है। बैंगन भारत की सबसे लोकप्रिय सब्जियों में से एक है। लेकिन बुआई के बाद इसकी फसल पर विभिन्न प्रकार के कीटों का खतरा निरंतर बना रहता है। तना और फल छेदक (फ्रूट एंड शूट बोरर) कीट बैंगन की पैदावार को अत्यधिक क्षति पहुंचाते हैं। भारतीय शोधकर्ताओं की एक टीम ने तना और फल छेदक कीट से निपटने में स्वयं बैंगन के अंतर्निहित नियंत्रण तंत्र और उसके जैव कीटनाशक की प्रभावी उपयोगिता को रेखांकित किया है।

तना और फल छेदक कीट को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक भारी कीटनाशकों का उपयोग बैंगन को किसानों के लिए व्यावसायिक रूप से अव्यवहार्य और उपभोक्ताओं के लिए जोखिम भरा बना देता है। क्या चुनौती से निपटने में बैंगन तथा तना और फल छेदक कीट की पारस्परिक क्रिया की रासायनिक पारिस्थितिकी का उपयोग किया जा सकता है? भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर), पुणे और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) कॉम्प्लेक्स फॉर नॉर्थ ईस्ट हिल (एनईएच) क्षेत्र, उमियाम, मेघालय से जुड़े शोधकर्ताओं का यह अध्ययन इसी बात का पता लगाने पर केंद्रित है।

प्रमुख शोधकर्ता डॉ. सागर पंडित बताते हैं, 'हमारा उद्देश्य सिंथेटिक कीटनाशकों के भार को कम करने तथा तना और फल छेदक कीट नियंत्रण के लिए एक सुरक्षित साधन खोजने का था जिसे बैंगन-कीट प्रबंधन में एकीकृत किया जा सके।'

विभिन्न रंग और आकार में उगने वाले बैंगन की खेती पूरे एशिया में बड़े पैमाने पर की जाती है। आलू और टमाटर के बाद बैंगन भारत में तीसरी सबसे ज्यादा खपत होने वाली सोलानेसी पादप कुल की 'सोलनम' प्रजाति की सब्जी है। तना और फल छेदक कीट के हमलों के कारण भारत जैसे उष्णकटिबंधीय देशों में इसके फल 40-100% तक नष्ट हो जाते हैं। तना और फल छेदक कीट कोमल टहनियों और फलों के अंदर सुरंग खोदता है। चूंकि वे टहनियों और फलों में अंदर संकरे स्थानों में छिपे रहते हैं, इसलिए उनतक कीटनाशकों की पर्याप्त पहुंच नहीं हो पाती। इस चुनौती से निबटने के लिए किसान को बारंबार और अधिक मात्रा में विभिन्न प्रकार के कृत्रिम कीटनाशकों का उपयोग करना पड़ता है।



परिणामस्वरूप, बाजार में पहुंचने वाले बैंगन में कीटनाशकों के भारी अवशेष जमा होते हैं, जो उपभोक्ताओं के लिए खतरनाक हैं।

'रासायनिक पारिस्थितिकी एक विज्ञान है जिसमें यह अध्ययन करना शामिल है कि पौधे, कीड़े, सूक्ष्म जीव आदि रसायनों से बनी अपनी भाषाओं का उपयोग करके एक दूसरे के साथ कैसे संवाद करते हैं। हमने पाया कि एक प्रतिरोधी बैंगन किस्म, आरसी-आरएल-22 (आरएल22), गेरानियोल नामक पदार्थ पाया जाता है जो तना और फल छेदक कीट को इसकी पत्तियों पर अंडे देने से रोकता है। गेरानियोल, मादा एसएफबी पतंगों को दूर भगाता है। वे गेरानियोल-लेपित पौधों पर नहीं बैठ पातीं,' डॉ. पंडित बताते हैं। शोधकर्ताओं ने बैंगन की सात किस्मों की पत्तियों की गंध निकालकर उन्हें फिल्टर पेपर में डुबोकर सात बैंगन किस्मों की महक वाले सात अलग-अलग फिल्टर पेपर बनाए। पतंगों ने न तो RL22 गंध फिल्टर पेपर को छुआ और न ही उस पर अंडे दिए। वे उतरे और अन्य छह फिल्टर पेपरों पर बैठे भी और अंडे भी दिए। इससे इस बात की पुष्टि हुई कि आरएल22 पत्ती की गंध मादा कीटों के विरूद्ध एक निषेधात्मक कवच प्रदान करती है।

'जीन को सरल प्रजनन द्वारा अतिसंवेदनशील किस्मों में स्थानांतरित किया जा सकता है ताकि उन्हें 'तना और फल छेदक'-प्रतिरोधी बनाया जा सके। इसके लिए आनुवंशिक रूप से संशोधित जीव निर्माण की आवश्यकता नहीं होगी। चूंकि यह बैंगन का अपना जीन है, इसलिए इस जीन से युक्त आनुवंशिक रूप से संशोधित किस्मों को भी आसानी से स्वीकृति मिल सकती है," डॉ. पंडित स्पष्ट करते हैं।

अतिसंवेदनशील बैंगन किस्मों पर गेरानियोल के प्रयोग से मादा पतंगों द्वारा अंडे देने की घटना में 90% तक की गिरावट दर्ज की गई। शोधकर्ता स्पष्ट करते हुए कहते हैं - 'हमने फ्छ22 के गेरानियोल उत्पादन जीन को निष्क्रिय कर इसके गेरानियोल उत्पादन को घटा कर भी देखा। ये गेरानियोल-विहीन पौधे 'तना और फल छेदक' पतंगों को नहीं रोक सके। इससे पुष्टि हुई कि आरएल22 का 'तना और फल कीट'-प्रतिरोध गेरानियोल के कारण था।" गेरानियोल की तना और फल छेदक कीट-रोधी क्षमता की पुष्टि के बाद अब गेरानियोल-उत्सर्जक उपकरणों को बैंगन के खेतों में स्थापना के लिए डिजाइन करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। दीर्घकालिक समाधान के रूप में, बैंगन की उच्च गेरानियोल उत्सर्जित करने वाली किस्मों को भी विकसित किया जा सकता है।

कीट भी कीटनाशकों के विरुद्ध प्रतिरोध विकसित करते हैं- विशेषकर जब एक ही कीटनाशक यौगिक का उपयोग लंबी अवधि के लिए किया जाता है। इसलिए, एक एकीकृत कीट प्रबंधन कार्यक्रम में अन्य ज्ञात यौगिकों के साथ या अन्य कीट प्रबंधन प्रथाओं के साथ नए यौगिक का उपयोग करना एक आम चलन है।

शोधकर्ता आश्वस्त करते हुए कहते हैं- 'गेरानियोल के पूरक के तौर पर हमने तना और फल छेदक कीटों के अन्य प्राकृतिक निवारक ढूंढना भी आरंभ कर दिया है।'

शोध टीम में रितुपर्णा घोष, डेनिस मेट्ज, सुरहुद संत, मारूफ शेख, आशीष देशपांडे, ज्ञानेश्वर एम. फिराके और सागर पंडित शामिल थे। यह अध्ययन न्यू फाइटोलॉजिस्ट जर्नल में प्रकाशित हुआ है।

## काव्य कोना

### एक अंदाज

स्वयं पर स्वयं की बंदिशें इतनी बढ़ गई
आज मुस्कुराहट में भी कष्ट होने लगा।
साथ साथ हो के भी अकेले
अपनी तन्हाईओं का खुद ही खिलाड़ी बन गये।
असीमित मिलन की चाहत में,
बिछड़ना भी अगले मिलन की आहट लगने लगी।
सिलवटें बतला रही अपनी कहानियां
सिमट गया शोर यूं ही सन्नाटे के गोद में।
शिकायतों के बोझ को न ढोना , यारों
परेशानियां अपनी कहानियां लिख जायेगी।
दर्द की बातें कहां तक करें, यारों
मुस्कुराओ ज़िंदगी बड़ी प्यारी है।

❖ नाग मणि

## गंदा है पर धंधा है



वे कहते थे कि इतनी गंदी चोरी कोई अपना रिश्तेदार ही कर सकता है। आखिर जमाने में उसे ही जीना है जो इस कला को अच्छी तरह से जानता हो। चोरी किया हुआ माल बहुत वजनी होता है और मौका बे मौका फि ल्मी गीत के बाजूबंद की तरह खुल खुल जाता है। हमेशा एक नजर उसी वस्तु पर गड़ाए रखने का अपना ही सुकून है। यदि चोरी गर्मी में हो तो मुंह पर लू के थप्पड़ खाने में भी परहेज नहीं होता। ऐसे समय में पाजामे से एयर-कंडिशिनिंग कर लेने का अपना ही सुख है। मतलब ये कि चोरी का समान काँख में दबाए घुट्नों-घुट्नों पानी में भिगो कर, सर पर अंगोछा डाले, तरबूज खाते।

खस-खाना व बर्फाब की कहीं कमी न थी। वे उसके मोहताज भी न थे। कितनी ही गर्मी पड़े, अपनी लत नहीं छोड़ते थे। अक्सरकहा करते - भैया! ये तो बिजनेस, पेट का धंधा है। जब चमड़े की झोंपड़ी (पेट) में आग लग रही हो तो क्या गर्मी क्या सर्दी। लेकिन ऐसे में कोई शामत का मारा गाहक आ निकले तो बुरा भला कहके भगा देते थे। इसके बावजूद वह खिंचा-खिंचा दोबारा उन्हीं के पास आता था, इसलिए कि मतलबियों का मतलब पूरा करना वे अच्छी तरह से जानते थे। धंधा सामान बेचने से नहीं, कमजोरी को नकद में बदलने से चलता है। कहते थे, धोखेदारी वाले सामान बंदे ने आज तक नहीं बेची। सामान और दागदार? दाग तो दो ही चीजो पर सजता है इंसान और उसकी करतूत पर।

❖ **डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार**

# रक्तचाप की दवा- एक अद्भुत बूटी



**वैद्य ब्रजेश कुमार दुबे**
**पतंजली आरोग्य केन्द्र रेड़मा**
**डालटनगंज पलामू झारखण्ड**
**मो. - 7903216488, 9334716688**

जटामासी का उपयोग निंद्रा लाने वाली तथा हृदय की गति को तात्कालिक बदलने वाली एक अच्छी औषधि के रूप में किया जाता है। आयुर्वेद में जटामासी का प्रयोग अत्यंत प्राचीन काल से पाया जाता है। बढ़े हुए रक्तचाप को घटाने में तथा हृदय को स्थायी बल देने में इसका प्रभाव अद्भुत है। यह शरीर के अंगो में उठने वाले आक्षेपों को दूर करती है तथा स्नायविक दौर्बल्य की अवस्था में शक्तिर्वधक के रूप में काम करती है।

**युरोप के सबसे प्राचीन ग्रंथ हिप्पोक्रेटस औषध** विज्ञान (फार्मकोजिया) में भी इसका उल्लेख है। इसका ज्ञान सर्पगंधा से भी पहले लोगों को हुआ, ऐसा कहा जाता है। मे.जे.बावर द्वारा प्राप्त हस्तलिखित ग्रंथों में इस सुगंधित बूटी का उल्लेख है। यह हस्तलिखित ग्रंथ वास्तव में अत्यंत प्राचीन है। खोतान (पूर्वी पाकिस्तान) के कच्चा नामक स्थान में प्रवास करते समय मेजर जनरल एच. बावर को वहाँ के एक निवासी ने उपहार स्वरूप यह बहुमूल्य हस्तलिखित ग्रंथ दिया था, जो अब तक पृथ्वी के नीचे गड़ा पड़ा था। मेजर जनरल बावर ने अपनी ओर से उसको बंगाल की ''रॉयल एशियाटिक सोसाइटी'' के तत्कालीन सभापति को भेंट कर दिया। डॉ. हार्नल कुछ वर्षो के कठिन परिश्रम के बाद उस हस्तलिखित ग्रंथ को पढ़ने में सफल हुए। पीछे वह पुस्तकाकार में प्रकाशित हुआ।

कहा जाता है कि कच्चा के पास किसी मठ में साधुओं के द्वारा समय-समय पर लिपिबद्ध हुआ था। इसमें औषधि-गुण संपन्न बूटियों, पासे के द्वारा भविष्य कथन विधि, मन्त्रों के द्वारा सर्प दंश की चिकित्सा आदि विषयों का वर्णन है। आर्युवेद के अनुसार जटामासी के गुण इस प्रकार हैं-- यह रोधक,कटु और स्वाद में मीठी होती है। यह वात,पित्त और कफ तीनो का शमन करने वाली है। शरीर की जलन को शांत करती है तथा कुष्ट, रक्त में विष प्रवेश एवं विसर्प को अच्छा करती है। त्वचा पर चंदन की तरह लगाने पर यह उसको कोमल बनाती है,ज्वर का नाश करती है तथा ऊपरी चर्मरोगों को दूर करती है।



यह सदाबहार बूटी है। इसका पृथ्वी के नीचे रहने वाला अंश ही औषधि के रूप में प्रयुक्त होता है। वह अंगुली जितना मोटा और भूरे से रंग का होता है। वह सर्वत्र रोमरूपी मूलों से भरा रहता है। इसमें से एक मंद-मधुर सुगंध निकलती है।

हिमालय प्रदेश में यह प्रचुरता से उत्पन्न होती है। पश्चिम बंगाल के गंगातटवर्ती स्थलों में भी यह प्राप्त होती है। संस्कृत में इसे जटामासी, भूतजटा, जटिला तथा तपस्वी कहते हैं। इसको चूर्ण रूप में 1 चाय वाले चम्मच की मात्रा में दे सकते हैं या काढ़े के रूप में भी शहद के साथ सेवन किया जा सकता है। सामर्थ्य से अधिक श्रम करने के कारण जिनको अच्छी या पूरी नींद नहीं आती, घुमटा या चक्कर आते हैं, स्नायविक दुर्बलता अनुभव होती है, उनको फिर से शक्तिदान देने में यह एक आदर्श औषधि है।

आधे से एक चाय की चम्मच भर जटामासी का चूर्ण मधु या मिश्री के साथ घोलकर सेवन करने से रक्तचाप को ठीक करके अभिष्ट सामान्य स्तर पर बनाये रखने में बड़ा उत्तम कार्य करता है। इसके प्रयोग से हृदय रोगों में भी अच्छा लाभ होता है। श्वेत कुष्मांड, शतमूली अथवा ब्राम्ही के रस के साथ जटामासी का सेवन उन्माद रोग में अच्छा प्रभाव दिखाता है। जटामासी निश्चय ही अच्छी नींद लाने वाली औषधि है। जटामासी कम्पवात एंव बालों पर भी आश्चर्यजनक प्रभाव दिखाती है।

## सूडोकु नवताल- 6742

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6741 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

## दैनिक पंचांग

**26 जून 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.50 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | सिंह | 09.06 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कन्या | 11.18 बजे से |
| बुध | मिथुन में | तुला | 13.29 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृश्चिक | 15.44 ब.से |
| शुक्र | कर्क में | धनु | 18.00 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मकर | 20.05 बजे से |
| राहु | मेष में | कुंभ | 21.51 बजे से |
| केतु | तुला में | मीन | 23.24 बजे से |
| राहुकाल | 7.30 से 9.00 बजे तक | मेष | 00.55 बजे से |
| | | वृष | 02.35 बजे से |
| | | मिथुन | 04.33 बजे से |

**सोमवार** 2023 वर्ष का 177 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल **तिथि** अष्टमी 02.05 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 12.44 बजे को समाप्त। **योग** व्यतीपात 06.06 बजे प्रात: को समाप्त। **करण** विष्टि 13.20 बजे तदनन्तर बव 02.05 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 07.8 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 22' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871656 **जूलियन दिन** 2460121.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 07 **विशेष** मासिक दुर्गाष्टमी, अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7804



**बाएँ से दाएँ**

1.सुरक्षित,संरक्षित-4
4.उत्सुकता,जिज्ञासा-3
6.पिता के पिता-2
7.नमस्कार,प्रणाम-3
9.आखेट मंच-3
11.आत्मबलिदानी-5
12.प्लेट,तश्तरी-3
15.रहस्य,भेद-2
16.जी,चित्त-2
18.जुड़वा-3
20.मन का मिलना-5
22.नल,टोंटी-3
24.देवर्षि,देवमुनि-3
26.गुप्तचर,जासूस-2
27.गमन,विदा होना-3
28.ईश्वर,रब-4

**ऊपर से नीचे**

1.सद्चरित्रता-3
2.इच्छा,मर्जी-2
3.अंधकार,अंधेरा-3
5.धार्मिक आयोजन स्थल तक मंगल कलश ले जाना-5
6.मोल,कीमत,दर-2
8.नरक के समान-5
10.बेकार,अयोग्य-3
13.बुआई करना-2,3
14.विश्वविजेता, संसार जीतने वाला (उर्दू-5)
17.प्रणाम,नमस्कार-3
19.जल में रहने वाला-4
21.स्वर्ग का विलोम-3
23.छोटी सवारी गाड़ी-2
25.कीमत,भाव-2

**शब्द पहेली -7803 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | ब | न | म | | | आ | का | श |
| ग | | | स्त | र | ही | न | | म |
| ग | त | | | सी | ना | | | शी |
| | र | ग | | ला | | क | बी | र |
| | का | ज | ल | | अ | स | र | |
| क | री | ब | | मि | | र | ब | |
| ग | | | चा | ग | | | ल | ब |
| मा | | ग | ह | ज | नी | | | हा |
| त | र | ह | | | म | ज | बू | र |

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**वृष राशि** : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें।

**मिथुन राशि** : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**कर्क राशि** : सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

**सिंह राशि** : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**कन्या राशि** : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**तुला राशि** : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**वृश्चिक राशि** : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**धनु राशि** : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकर राशि** : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक संपत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

**कुंभ राशि** : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**मीन राशि** : अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।



सुनील छेत्री शनिवार को बेंगलुरु के श्री कांतीरावा स्टेडियम में एसएएफएफ चैंपियनशिप के दौरान नेपाल के खिलाफ फुटबॉल मैच जीतने के बाद जश्न मनाते हुए। (फोटोः आईएएनएस)

# भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम को किया याद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ठीक 40 साल पहले 1983 में आज ही के दिन, कपिल देव के रणबांकुरों ने फाइनल में सितारों से सजी वेस्टइंडीज टीम को हराकर 1983 विश्व कप ट्रॉफी जीतकर इतिहास रचा था, जिसने हमेशा के लिए देश में खेल पर अपना प्रभाव छोड़ा था। 1983 विश्व कप की जीत ने भारतीय क्रिकेट को सबसे आगे बढ़ाया और वैश्विक मंच पर महत्वपूर्ण पहचान दिलाई। फाइनल के ऐतिहासिक दिन, भारत को पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिला और टीम 54.4 ओवर में 183 रन पर सिमट गई। सलामी बल्लेबाज क्रिस श्रीकांत ने सर्वाधिक 38 रन बनाए, जबकि मोहिंदर अमरनाथ ने 26 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए एंडी रॉबर्ट्स सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे, जिन्होंने 32 रन देकर 3 विकेट लिए। जवाब में, वेस्टइंडीज नियमित अंतराल पर



विकेट खोता रहा और वे 52 ओवरों में 140 रन पर सिमट गया। भारत ने ऐतिहासिक जीत हासिल की और प्रतिष्ठित लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर विश्व कप ट्रॉफी जीती।

ऐतिहासिक जीत की 40वीं वर्षगांठ के महत्वपूर्ण अवसर पर, भारतीय क्रिकेट जगत इस दिन का जश्न मना रहा है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक ट्वीट में कहा, 1983 में इस दिन एक ऐतिहासिक दिन और भारतीय क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण कपिलदेव के नेतृत्व में, विश्व कप खिताब जीता।

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि 1983 की जीत उन निर्णायक क्षणों में से एक थी जिसने भारतीय क्रिकेट को बदल दिया। तेंदुलकर ने ट्वीट किया, भारत को पहली बार विश्व कप जीतने के 40 साल हो गए! 25 जून, 1983 उन निर्णायक क्षणों में से एक था जिसने भारतीय क्रिकेट के साथ-साथ मेरे जीवन को भी हमेशा के लिए बदल दिया। उस चैंपियन टीम के सभी सदस्यों को श्रद्धांजलि। इस बीच, बीसीसीआई सचिव जय शाह ने 1983 की जीत को भारत में क्रिकेट क्रांति बताया। शाह ने एक ट्वीट में कहा, इस दिन 1983 में, भारत ने पहली बार क्रिकेट विश्व कप जीता और नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज किया! एक स्मारकीय जीत जिसने क्रिकेट क्रांति को प्रज्ज्वलित किया और हमेशा के लिए भारतीय क्रिकेट की दिशा बदल दी। भारत के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने ट्वीट किया, 25 जून, 1983 - उस ऐतिहासिक दिन के 40 साल, जब कपिल पाजी और उनके लड़कों ने भारत को विश्व कप जिताया था और इसने युवाओं की एक पूरी पीढ़ी को क्रिकेट अपनाने के लिए प्रेरित किया था और यह भारत में क्रिकेट को वैसा बनाने में महत्वपूर्ण क्षण था।

## NEWS इन ब्रीफ

### ओली रॉबिन्सन बाहर की चीजों पर कम ध्यान दें : नासिर हुसैन



**दुबई।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने आलोचनाओं का सामना कर रहे तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन को सलाह दी है कि वह मैदान पर अपने प्रदर्शन को लोगों के सामने आने दें और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज 2023 के बाकी मैचों के लिए मैदान के बाहर ध्यान भटकाने वाली चीजों को कम से कम रखें। इस महीने की शुरूआत में बर्मिंघम में श्रृंखला के रोमांचक शुरूआती मैच में ऑस्ट्रेलिया के हाथों इंग्लैंड की दो विकेट से करीबी हार में रॉबिन्सन ने मैच में पांच विकेट लिए थे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के दौरान शतकवीर उस्मान ख्वाजा के विकेट का अत्यधिक जश्न मनाने के लिए उन्हें कुछ आलोचना का सामना करना पड़ा।

### वेस्ट-इंडीज पर धीमी ओवर गति के लिए 60 प्रतिशत जुर्माना

**हरारे।** दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज पर शनिवार को हरारे में पुरुष एकदिवसीय विश्व कप क्वालीफायर ग्रुप ए मैच में जिम्बाब्वे के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 60 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है, जिसमें वे 35 रन से हार गए थे। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, अगर खिलाड़ियों की टीम आवंटित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहती है, तो प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्मानाा लगाया जाता है। आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी के मुहम्मद जावेद ने समय भत्ते को ध्यान में रखते हुए वेस्टइंडीज को लक्ष्य से तीन ओवर कम पाए जाने के बाद प्रतिबंध लगाया। आईसीसी के अनुसार, कप्तान शाई होप ने अपराध स्वीकार कर लिया और प्रस्तावित सजा स्वीकार कर ली, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी।

# हॉकी इंडिया ने 39 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया (एचआई) ने रविवार को बेंगलुरु के एसएआई सेंटर में 26 जून से 19 जुलाई तक होने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 39 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की। शिविर टीम की टेरासा, स्पेन की यात्रा से पहले समाप्त होगा, जहां वे 25 से 30 जुलाई तक स्पेनिश हॉकी फेडरेशन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में इंग्लैंड, स्पेन और नीदरलैंड के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। चार देशों के टूर्नामेंट के बाद 3 अगस्त 2023 से शुरू होने वाली प्रतिष्ठित एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 होगी, जिसमें भारतीय पुरुष हॉकी टीम खिताब के लिए कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और चीन से भिड़ेगी। कोर-ग्रुप में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा, पवन मलिक और प्रशांत कुमार चौहान, और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, सुरेंद्र कुमार, वरुण



कुमार, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, जुगराज सिंह, मनदीप मोर, नीलम संजीव जेस, संजय, यशदीप सिवाच, दिप्सन टिर्की और मंजीत शामिल हैं। शिविर में बुलाए गए मिडफील्डरों में मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, सुमित, आकाशदीप सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहिल मौसीन, मनिंदर सिंह शामिल हैं जबकि फॉरवर्ड की सूची में एस. कार्थी, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और पवन राजभर शामिल हैं। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, हमने बेल्जियम और नीदरलैंड में एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग 2022/2023 मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया, और अब हमें कुछ निरंतरता बनाए रखने की उम्मीद है। खासकर इस साल के अंत में होने वाले महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों के साथ। शिविर हमारे लिए एक अवसर होगा कुछ क्षेत्रों में खुद को बेहतर बनाने और एक बार फिर एक इकाई के रूप में मिलकर काम करने के लिए।" उन्होंने कहा, एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 अगस्त में होने वाली है, जिसके बाद हांगझाऊ, चीन में एशियाई खेल 2023 होंगे, यह हमारे लिए आगामी महीनों के लिए अपनी तैयारी शुरू करने और जिस तरह की हॉकी हम चाहते हैं उसे प्रदर्शित करने के लिए एक महत्वपूर्ण शिविर है।"

**भारत का 39 सदस्यीय कोर-संभावित समूह**

**गोलकीपर:** कृष्ण बहादुर पाठक, पी आर श्रीजेश, सूरज करकेरा, पवन मलिक, प्रशांत कुमार चौहान

**डिफेंडर:** जरमनप्रीत सिंह, सुरेंदर कुमार, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, जुगराज सिंह, मनदीप मोर, नीलम संजीप जेस, संजय, यशदीप सिवाच, दिपसन टिर्की, मंजीत

**मिडफील्डर:** मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, सुमित, आकाशदीप सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, मनिंदर सिंह

**फॉरवर्ड:** एस कार्थी, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, पवन राजभर

# स्टार्क को लॉर्ड्स टेस्ट में प्लेइंग इलेवन में होना चाहिए : गिलेस्पी

**एजेंसी। लंदन**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जैसन गिलेस्पी ने इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में 28 जून से शुरू होने वाले दूसरे एशेज टेस्ट के लिए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क को प्लेइंग इलेवन में वापस लाने की वकालत की है ताकि व्यस्त श्रृंखला में गेंदबाजों को तरोताजा रखा जा सके। स्टार्क इस महीने की शुरूआत में द ओवल में भारत पर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जीतने में ऑस्ट्रेलिया के लिए प्लेइंग इलेवन में थे। लेकिन तेज गेंदबाज को एजबस्टन में पहले एशेज टेस्ट के लिए स्कॉट बोलैंड के पक्ष में हटा दिया गया, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने रोमांचक अंदाज में दो विकेट से जीता।

परंपरागत रूप से, आप एक विजेता टीम को बदलने के बारे में नहीं सोचेंगे, क्योंकि यह सात सप्ताह से कम समय में पांच टेस्ट मैचों की इतिहास की सबसे व्यस्त एशेज श्रृंखला है, इसलिए अपने गेंदबाजों को यथासंभव तरोताजा रखना महत्वपूर्ण है।" गिलेस्पी ने रविवार को डेली मेल के लिए अपने कॉलम




में लिखा, "हां, स्टार्क कुछ रनों के लिए जा सकते हैं, लेकिन अगर ऑस्ट्रेलिया को वैसी ही फील्डिंग लगानी है जैसी उन्होंने इस श्रृंखला के शुरूआती दिन में इस्तेमाल की थी, जिसमें तीन लोग बॉउंड्री पर थे, तो स्टार्क को सुरक्षा मिलेगी और क्योंकि वह वास्तव में एक आक्रामक गेंदबाज है - वह टेस्ट प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में गेंद को अधिक ऊपर पिच करते हैं, ताकि वह स्विंग हो सके और यॉर्कर को खेल में ला सकें - उनकी टीम को फायदा हो सकता है।

गिलेस्पी को लगता है कि बोलैंड वह खिलाड़ी हो सकता है जो प्लेइंग इलेवन में स्टार्क के लिए जगह बनाएगा, उन्होंने बताया कि इंग्लैंड एजबस्टन में दाएं हाथ के तेज गेंदबाज के पीछे गया था।

उन्होंने कहा, और एजबस्टन में स्कॉट बोलैंड के प्रति इंग्लैंड का दृष्टिकोण दूसरे टेस्ट चयन पर ऑस्ट्रेलिया की सोच को प्रभावित कर सकता है। यह एक वैध रणनीति थी कि इंग्लैंड ने स्कॉट को अपने खेल से दूर करना चाहा, जिसमें अनुशासित, लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करना, पिच पर उसी क्षेत्र को हिट करना शामिल है- ऑफ-स्टंप के शीर्ष पर हिट करने के प्रयास में पूरा दिन। वे अति आक्रामक होकर उसे हिट करने में सफल रहे, पहली पारी में प्रति ओवर छह से अधिक और दूसरी पारी में पांच से अधिक रन बनाए।"

मुझे पता है कि उनका दर्शन आम तौर पर इस आक्रामक बाजबॉल-प्रकार की क्रिकेट खेलना है, लेकिन ऐसा लगता है कि जब भी बोलैंड गेंदबाजी करने आते थे तो इंग्लैंड एक और गियर ऊपर चला जाता था और उनके स्थान पर स्टार्क को शामिल करने से ऑस्ट्रेलिया को लड़ने का मौका मिलता।

# अल्काराज घास पर पहली बार फाइनल में पहुंचे



**एजेंसी। लंदन**

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज यहां क्वींस क्लब चैंपियनशिप में अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा को 6-3, 6-4 से हराकर घास पर अपने पहले फाइनल में पहुंच गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को 20 वर्षीय अल्काराज की सर्विस शुरूआती गेम में टूट गई थी, लेकिन उन्होंने तुरंत ब्रेक हासिल किया और फिर आठवें गेम में दोबारा कोर्डा की सर्विस तोड़ दी और पहला सेट 6-3 से जीत लिया। एटीपी 500 इवेंट में शीर्ष वरीय दूसरे सेट में अधिक आत्मविश्वास से भरे दिखे, क्योंकि उन्होंने इस सेट के अपने एकमात्र ब्रेक प्वाइंट को तीसरे गेम में जीत लिया और इसे 6-4 से समाप्त कर दिया। अल्काराज ने कहा, जिस स्तर पर मैं अभी खेल रहा हूं उससे ईमानदारी से आश्चर्यचकित हूं।" अल्काराज का घास पर पिछला मैच अनुभव पिछले दो वर्षों में दो विंबलडन में प्रदर्शन था। पिछले साल विंबलडन चैंपियनशिप के राउंड 16 में पहुंचने वाले अल्काराज ने कहा, मैं यहां केवल अनुभव प्राप्त करने, कोर्ट पर उतरने और अभ्यास करने और इस प्रकार के खिलाड़ियों के साथ खेलने आया हूं। मैं यह कहने जा रहा हूं कि यह विंबलडन के लिए अच्छी तैयारी है, लेकिन मैंने सप्ताह की शुरूआत में यह उम्मीद नहीं की थी कि मैं फाइनल में पहुंचूंगा और इतने अच्छे स्तर पर खेलूंगा।

# विशेष ओलम्पिक में भारत ने 150 पदकों का आंकड़ा किया पार

**एजेंसी। बर्लिन**

रोलर स्केटर्स ने दो स्वर्ण और तीन रजत जीते, जिससे भारत ने यहां विशेष ओलंपिक विश्व खेलों के आखिरी से पहले वाले दिन 150 पदकों का आंकड़ा पार कर लिया। अरयान (300 मीटर) और दीपेन (1000 मीटर) स्वर्ण पदक विजेता रोलर स्केटर्स थे।

उनके स्वर्ण के साथ, भारत के पास अब खेलों में एक दिन शेष रहते हुए 157 पदक (66 स्वर्ण, 50 रजत, 41 कांस्य) हो गए हैं। भारतीय पुरुष मिश्रित 5 गुना 5 बास्केटबॉल टीम ने पुर्तगाल को 6-3 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की 5 गुना 5 टीम को शनिवार को फाइनल में स्वीडन से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वॉलीबॉल में, भारत ने पुरुष/मिश्रित कांस्य पदक मैच में



कोरिया को 2-0 से हराया। महिलाओं की एकीकृत टीम स्पर्धा में भारत ने यूएई को उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में हराकर स्वर्ण पदक जीता। दूसरी ओर, पुरुष एकल लेवल 5 टेनिस स्पर्धा में रजत पदक जीतने के लिए स्वराज सिंह तमस टोरोक से हार गए।

भारत ने महिला हैंडबॉल में भी रजत पदक जीता, वह फाइनल में अजरबैजान से हार गई। एथलेटिक्स में, भारत की रिले टीमें पूरे दिन एक्शन में रहीं और पुरुषों की 4 गुणा 100 मीटर टीम में गजेंद्र कुमार, बैष्णब राजपालिया, साकेत कुंडू और रोहन शामिल थे, जिन्होंने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, जहां वे कनाडा से हारकर चौथे स्थान पर रहे, वे एक सेकंड के सात सौवें हिस्से से पदक से कुछ ही दूर रह गए। अंतिम दिन की कार्रवाई में भारत एथलेटिक्स, लॉन टेनिस और साइक्लिंग में पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेगा।

# चिनेले हेनरी की विंडीज महिला टीम में वापसी

**एजेंसी। ग्रोस आइलेट**

ऑलराउंडर चिनेले हेनरी ने आयरलैंड के खिलाफ खेले जाने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के 26 और 28 जून को डैरेन सैमी क्रिकेट ग्राउंड में होने वाले पहले दो वनडे के लिए वेस्टइंडीज की महिला 16 सदस्यीय टीम में वापसी की है। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के अनुसार, चिनेले उस चोट से पूरी तरह उबर चुकी हैं जिसके कारण वह हाल ही में सुपर 50 कप और टी20 ब्लेज से बाहर थीं। टीम का नेतृत्व कप्तान हेली मैथ्यूज करेंगी, जबकि शेमाइन कैंपबेल उप-कप्तान हैं। प्रत्येक मैच से पहले तेरह खिलाड़ियों की आधिकारिक टीम की घोषणा की जाएगी। दाएं हाथ की ऑफ स्पिनर अश्मिनी मुनिसर और विकेटकीपर-बल्लेबाज शुनेले सॉव को पहली बार वेस्टइंडीज वनडे टीम में



शामिल किया गया है। अश्मिनी इस साल की शुरूआत में दक्षिण अफ्रीका में अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज की कप्तान थीं। वह टी20 ब्लेज में पांच मैचों में छह विकेट के साथ संयुक्त रूप से तीसरी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज थीं। महिला क्रिकेट के प्रमुख चयनकर्ता एन ब्राउन-जॉन ने कहा, आयरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला बल्लेबाजों को ध्यान केंद्रित करने और क्रीज पर लंबे समय तक टिकने और पारी बनाने का अच्छा मौका देती है।

**डब्ल्यूटीसी 2023** | **वेस्टइंडीज दौरे से पहले बोले गावस्कर**

# बड़े खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट से छुट्टी दी जाए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जुलाई-अगस्त में वेस्टइंडीज का दौरा टीम इंडिया के तीसरे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र 2023-25 की शुरूआत करेगा। पूर्व महान बल्लेबाज और विश्व विजेता टीम के सदस्य रहे सुनील गावस्कर का सानना है कि बड़े खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट से पूरी तरह छुट्टी दे दी जाए। लंदन के द ओवल में 2023 डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार के बाद चेतेश्वर पुजारा, मोहम्मद शमी और उमेश यादव को दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए टीम से बाहर कर दिया गया था। इस बीच तीन युवाओं रुतुराज गायकवाड़, यशस्वी जयसवाल और मुकेश कुमार को खेल के सबसे लंबे प्रारूप में अपना कॉल-अप मिला। रोहित शर्मा टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे और उनके साथ विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे और रवींद्र जड़ेजा समेत अन्य दिग्गज खिलाड़ी शामिल होंगे।



गावस्कर ने कहा, 'क्रिकेटरों की अगली पंक्ति को आजमाने और देखने का बहुत अच्छा मौका। क्योंकि अगर कोई दौरा था जहां आप किसी तरह के प्रयोग कर सकते थे, तो वह वेस्टइंडीज था। वे अब पहले जैसी ताकत नहीं हैं। इसलिए, युवा खिलाड़ियों का आजमाना सही तरीका होता। गावस्कर ने आगे कहा कि डब्ल्यूटीसी खत्म हो गया है और ध्यान केंद्रित करने वाला अगला महत्वपूर्ण आयोजन 2023 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप है, जो अक्टूबर में भारत में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'डब्ल्यूटीसी चला गया है, हम वहां चूक गए लेकिन अगली बड़ी चीज वनडे विश्व कप है। मैं पसंद करूंगा कि बड़े खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट से पूरी तरह छुट्टी दे दी जाए। केवल 50-ओवर प्रारूप को देखें और शायद टी20 को भी क्योंकि यह संक्षिप्त संस्करण है। मैं केवल यही चाहता था कि वे सफेद गेंद वाले क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करें।'

**ईशांत शर्मा ने चुने 3 तेज गेंदबाज, जो भारतीय क्रिकेट में छोड़ेंगे छाप**

**पिछले** कुछ महीनों में टीम इंडिया के लिए प्रमुख चिंताओं में से एक सभी प्रारूपों में तेज गेंदबाजों की अगली पीढ़ी को तैयार करना रहा है। ईशांत शर्मा अब टीम का हिस्सा नहीं हैं, जसप्रीत बुमराह की लगातार चोट की समस्या और उमेश यादव को भी इस हफ्ते की शुरूआत में टीम से बाहर कर दिया गया है। केवल मोहम्मद शमी ही चार खिलाड़ियों में से भारतीय प्लेइंग में नियमित हैं - खासकर टेस्ट में। अगले महीने वेस्टइंडीज दौरे के लिए शमी को भी आराम दिया गया है और मोहम्मद सिराज तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे। भारतीय टीम प्रबंधन को नई पीढ़ी के तेज गेंदबाजों को तैयार करने के कठिन काम का सामना करना पड़ रहा है। भारत के स्टार तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने इस पर अपनी राय देते हुए वो 3 नाम बताए जो भविष्य में टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व कर सकते हैं। यूट्यूबर रवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट पर बात करते हुए ईशांत ने कहा, यदि आप उनके साथ ठीक से काम करते हैं, तो उमरान मलिक लंबे समय तक देश के लिए अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं। दूसरे अर्शदीप सिंह होंगे।"तेज गेंदबाज ने आगे बंगाल के 29 वर्षीय तेज गेंदबाज मुकेश कुमार का नाम लिया, जो इंडियन प्रीमियर लीग के हाल ही में समाप्त हुए सीजन में दिल्ली कैपिटल्स में ईशांत के साथी थे।



NEWS इन ब्रीफ

### भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों का बंपर निवेश

**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों का भारतीय शेयर बाजार को लेकर तेजी का रूझान बरकरार है। इसी कारण जून में अब तक के कारोबारी सत्र में फॉरेन पोर्टफोलियो निवेशकों की ओर से 30,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जा चुका है। भारतीय बाजार में विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार किए जा रहे निवेश की बड़ी वजह अर्थव्यवस्था को लेकर सकारात्मक माहौल और मजबूत कोरपोरेट रिजल्ट है। डाटा के मुताबिक, एफपीआई की ओर से 1 से लेकर 23 जून के बीच 30,664 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। इससे पहले मई में 43,838 करोड़ रुपये, अप्रैल में 11,631 करोड़ रुपये और मार्च में 7,936 करोड़ रुपये का निवेश किया गया। वहीं, जनवरी-फरवरी में एफपीआई ने बाजार से 34000 रुपये निकाले थे।

### 2,000 रुपये के नोट दो-तिहाई से ज्यादा हुआ वापस

**नई दिल्ली।** मई महीने में भारत के केंद्रीय बैंक ने 2000 रुपये के नोट को लेकर बड़ा ऐलान किया है। अब इस नोट को सकुर्लेशन से बाहर किया जा रहा है। लोग 30 सितंबर 2023 तक इस नोट को बैंक में जमा करवा सकते हैं। फिलहाल इस नोट को वैध रूप से इस्तेमाल किया जा सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने 2000 रुपये के नोट के बारे में कहा कि मई महीने से अभी तक यानी कि एक महीने के भीतर 2,000 रुपये के दो-तिहाई से ज्यादा नोट सिस्टम में वापस आ गये हैं।

### सरकार ने ड्रोन एक्सपोर्ट के नियम में किया बदलाव

# बिना लाइसेंस के 25 किलोमीटर तक की रेंज वाले ड्रोन हो सकेंगे एक्सपोर्ट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने देश में ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए नागरिकों के इस्तेमाल वाले ड्रोन के एक्सपोर्ट नियमों में बदलाव किए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ट्वीट करते हुए कहा,'भारत में ड्रोन मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा देते हुए सिविलियन यूज वाले ड्रोन के एक्सपोर्ट रिस्ट्रिक्शन में ढील दी जा रही है। इसमें 25 किलोमीटर या उससे कम दूरी तक जाने वाले और 25 किलो से कम वजन वाले को ले जाने की कैपेसिटी वाले ड्रोन या UAVs को छूट मिलेगी।इस छूट के बाद अब इस कैटेगरी के ड्रोन्स को एक्सपोर्ट करने के लिए SCOMET लाइसेंस की जरूरत नहीं होगी। अपेक्स इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट स्मित शाह ने सरकार के इस कदम का स्वागत किया। उन्होंने कहा,'ड्रोन मैन्युफैक्चरर को हर बार एक्सपोर्ट ऑर्डर मिलने पर परमीशन और लाइसेंस का जरूरत होती थी। नियमों में ढील से सिविलियन ड्रोन का एक्सपोर्ट काफी आसान हो जाएगा। गरुड़ एयरोस्पेस के फाउंडर और उएड अग्निश्वर जयप्रकाश ने कहा,'इससे हमें न केवल अपने ऑर्डर भेजने में मदद मिलेगी, बल्कि दुनिया भर के 100 देशों में 10,000 ड्रोन एक्सपोर्ट करने का हमारा लक्ष्य भी पूरा होगा।' दरअसल, गरुड़ ने 22 मिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाई है, जो ड्रोन स्टार्टअप के लिए अब तक की सबसे ज्यादा राशि है। इसके साथ ही उन्हें मलेशिया, यूएई और पनामा सहित कई देशों से थोक ऑर्डर मिले हैं।

### गाय पालने पर मिलेगी 40000 तक की सब्सिडी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश में देशी गायों की नस्ल को बढ़ावा देने के लिए एक योजना लेकर आई है। इसके तहत गौ पालकों को सरकार की ओर से देसी गाय खरदीन पर 40,000 रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से स्वदेशी गौ संवर्धन योजना नंद बाबा दुग्ध मिशन के तहत शुरू की गई है, जिसके तहत अगर कोई गौ पालक दूसरे राज्यों जैसे पंजाब की साहीवाल, ट्रांजिट और पशु इंश्योरेंस के लिए सब्सिडी दी जाएगी। इस योजना को प्रदेश में दुग्ध उत्पादन और गायों की देसी नस्ल को बढ़ावा देने के लिए लाया गया है। इसमें अधिकतम दो गायों पर ही सब्सिडी दी जाएगी। स्वदेशी गौ संवर्धन योजना के तहत किसी भी गौ पालक को दूसरे राज्यों से देसी गाय खरीदने पर आने वाले खर्च जैसे ट्रांसपोर्टेशन, ट्रांजिट इंश्योरेंस और पशु इंश्योरेंस की लागत पर 40 प्रतिशत ( अधिकतम 40,000 रुपये) की सब्सिडी दी जाएगी।

### म्यूचुअल फंड में एफडी से ज्यादा फायदा

# मल्टी कैप फंड्स ने बीते 1 साल में दिया 63% तक का रिटर्न

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अगर आप कम जोखिम के साथ किसी ऐसी स्कीम में निवेश करना चाहते हैं जहां आपको ऋ्रूसे ज्यादा रिटर्न मिले तो आप म्यूचुअल फंड की मल्टी-कैप स्कीम्स ने निवेश कर सकते हैं। इस कैटेगिरी के फंड्स ने बीते 1 साल में 63% तक का रिटर्न दिया है। मल्टी-कैप फंड के तहत लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप में निवेश किया जाता है। सेबी के नए नियमों के अनुसार मल्टी-कैप फंड में लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप तीनों में 25-25% हिस्सा रखना होगा। फंड मैनेजर को न्यूनतम 75% इक्विटी और इक्विटी ओरिएंटेड फंड में निवेश रखना होगा। मान लीजिए फंड मैनेजर के पास निवेशकों का कुल 100 रुपए हैं। यहां फंड मैनेजर को न्यूनतम 75 रुपए इक्विटी और इक्विटी ओरिएंटेड फंड में निवेश करना होगा। जिसमें 25-25 रुपए लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप तीनों में लगाना होगा। बाकी बचे हुए 25 रुपए फंड मैनेजर अपने हिसाब से निवेश कर सकते है। यदि आप इक्विटी फंड्स में इन्वेस्ट करना चाहते हैं लेकिन ज्यादा-रिस्की एक्सपोजर लेना नहीं चाहते, तो आप टॉप-रेटेड मल्टी-कैप फंड्स में इन्वेस्ट कर सकते हैं। मार्केट कैपिटलाइजेशन के हिसाब से ये फंड्स अच्छी तरह डाइवर्सिफाइड भी होते हैं। ये फंड्स, मार्केट के स्थिर रहने पर, स्मॉल और मिड-कैप फंड्स की तुलना में कम रिटर्न दे सकते हैं लेकिन अस्थिर मार्केट कंडीशन में ये फंड्स कम रिस्की होते हैं।

### इस हफ्ते ओपन होंगे 2 आईपीओ

# साइएंट डीएलएम और आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी में निवेश का बेहतर मौका





**एजेंसी। नई दिल्ली**

इस हफ्ते शेयर मार्केट में लिस्टिंग के लिए 2 इनिशियल पब्लिक ऑफर ओपन होंगे। इसमें साइएंट DLM और आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी शामिल हैं। साइएंट डीएलएम इलेक्ट्रिक मैन्युफैक्चरिंग सर्विस उपलब्ध कराने वाली कंपनी है। वहीं, आइडियाफोर्ज ड्रोन बनाने वाली कंपनी है। आइए इन दोनों क्धड के बारे में एक-एक करके जानते हैं। इसमें रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 56 शेयरों के लिए अप्लाई कर सकते हैं। यदि वह आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 265 रुपए के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाई करते हैं, तो उनको 14,840 रुपए इन्वेस्ट करने होंगे। साइएंट डीएलएम के क्धड के लिए रिटेल निवेशक मैक्सिमम 13 लॉट यानी 728 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए उन्हें अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 192,920 रुपए खर्च करने होंगे।

आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी लिमिटेड इस आईपीओ के जरिए 592 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। इस इश्यू के लिए कंपनी ने 638-672 रुपए प्राइस बैंड तय किया है। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 26 जून से 29 जून तक अप्लाई कर सकेंगे। इसमें रिटेल निवेशक एक लॉट यानी 22 शेयरों के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

# जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद

## रुपए में थोड़ी मजबूती आई : शक्तिकांत



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि हमने सभी पहलुओं पर गौर करने के बाद वृद्धि दर का अनुमान लगाया है और इसे हासिल करने की हमें पूरी उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व आगे नीतिगत दर में कुछ और वृद्धि करता है तो उससे रुपए की विनिमय दर पर असर पड़ने की आशंका नहीं है। साथ ही सेवा निर्यात बेहतर रहने से चालू खाते का घाटा प्रबंधन योग्य दायरे में रहेगा। रिजर्व बैंक ने इस महीने पेश मौद्रिक नीति समीक्षा में जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने के अनुमान को बरकरार रखा है। हालांकि, यह अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के इस साल अप्रैल में जताए गए 5.9 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान से कहीं अधिक है। वहीं रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने ताजा अनुमान में चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। दास ने कहा, जीडीपी वृद्धि दर को लेकर हमने संतुलित रुख लिया है। किसी भी स्थिति में आप अनुमान जताते हैं, तो सकारात्मक और नकारात्मक, दोनों जोखिम होते हैं। यह सब मिलाकर हमने संतुलित रुख अपनाया है और इसके आधार पर हमारा अनुमान है कि आर्थिक वृद्धि चालू वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत रहेगी तथा इसके लिए हम काफी आशान्वित हैं।" बीते वित्त वर्ष 2022-23 में आर्थिक वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रही जो अनुमान से अधिक है। आरबीआई क गवर्नर ने इस महीने पेश अपनी मौद्रिक नीति के बाद बयान में कहा था।

## विदेश

### पाकिस्तान में दो यात्री बसों की टक्कर, 10 लोगों की मौत और 40 घायल




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत के नवाब शाह जिले में रविवार को दो यात्री बसों की टक्कर हो गई। इस हादसे में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 40 से अधिक घायल हो गए। रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना जिले के दौर इलाके में हुई है। यहां पर एक लेन वाले रोड पर विपरीत दिशाओं में जा रही दो बसें एक ही समय में दो अलग-अलग वाहनों से आगे निकल गईं, जिस वजह से यह दुर्घटना हुई।बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया और सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि एक बस पेशावर से कराची जा रही थी जबकि दूसरी बस कराची से पंजाब प्रांत की ओर जा रही थी।

### अमेजन सीईओ जेसी का पीएम मोदी से मिलने के बाद किया ऐलान


# 15 अरब डॉलर और निवेश करेगी कंपनी



एजेंसी। लंदन

ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के सीईओ एंडी जेसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद कहा कि वे अधिक नौकरियां पैदा करने में दिलचस्पी रखते हैं और उनकी कंपनी 2030 तक भारत में 26 अरब डॉलर का निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। अमेजन ने भारत में अब तक लगभग 11 बिलियन डॉलर का निवेश किया है और 2030 तक लगभग 15 बिलियन डॉलर और निवेश करने की योजना है। एंडी जेसी ने अमेरिका में मोदी से मुलाकात के बाद ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक अच्छी रही। इस दौरान 2030 तक भारत में 26 अरब डॉलर का निवेश करने की अमेजन की प्रतिबद्धता पर चर्चा हुई। अमेजन के उएड ने कहा, एक साथ काम करते हुए, हम स्टार्टअप का समर्थन करेंगे, नौकरियां देंगे, निर्यात को सक्षम करेंगे और व्यक्तियों और छोटे व्यवसायों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए सशक्त बनाएंगे। भारत अमेजन के लिए एक प्रमुख बाजार है, जहां उसने पिछले दशक में ई-कॉमर्स में 6.5 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश किया है। इस साल मई में, ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन की क्लाउड आर्म अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) ने देश में क्लाउड सर्विस के लिए बढ़ती कस्टमर की मांग को पूरा करने के लिए 2030 तक भारत में क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर में 1,05,600 करोड़ रुपये (12.7 बिलियन डॉलर) का निवेश करने की योजना की घोषणा की। इस निवेश से 2030 तक भारत के कुल जीडीपी में 1,94,700 करोड़ रुपए (23.3 बिलियन डॉलर) का योगदान होने का अनुमान है। ताजा निवेश 2016-2022 के बीच अहर के 30,900 करोड़ रुपये (3.7 बिलियन) के निवेश के बाद हुआ, जिससे 2030 तक भारत में अहर का कुल निवेश 1,36,500 करोड़ रुपए (16.4 बिलियन) हो जाएगा। अहर के भारत में दो डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र हैं, अहर एशिया प्रशांत (मुंबई) क्षेत्र, जिसे 2016 में लॉन्च किया गया था, और अहर एशिया प्रशांत (हैदराबाद) क्षेत्र, जिसे नवंबर 2022 में लॉन्च किया गया था। कंपनी का अनुमान है कि 2016 और 2022 के बीच भारत की जीडीपी में इसका कुल योगदान 38,200 करोड़ रुपये (4.6 बिलियन डॉलर) से अधिक था, और निवेश ने भारतीय व्यवसायों में सालाना लगभग 39,500 नौकरियों का समर्थन किया।

# बेलारूस के राष्ट्रपति से बातचीत के बाद विद्रोह रोका



**एजेंसी। मॉस्को**

वैगनर आर्मी के चीफ येवगेनी प्रिगोजिन ने रूस की राजधानी मास्को की ओर अपनी कूच रोक दी है। रसिया न्यूज के मुताबिक, बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्सेंडर लुकाशेंको ने वैगनर आर्मी के चीफ से बात की। एलेक्सेंडर ने प्रिगोजिन के सामने मास्को की ओर बढ़ रहे लड़ाकों को रोकने का प्रस्ताव दिया, जिसे वैगनर आर्मी चीफ ने स्वीकार कर लिया। उन्होंने एक ऑडियो मैसेज जारी कर इसकी जानकारी दी। वैगनर आर्मी के चीफ ने अपने लड़ाकों को यूक्रेन लौटने का आदेश दिया है। रॉयटर्स के मुताबिक, वैगनर आर्मी के चीफ ने ऑडियो मैसेज में कहा- वे वैगनर सैन्य कंपनी को खत्म करना चाहते थे। हमने 23 जून को न्याय के लिए मार्च शुरू किया। 24 घंटों में हम मास्को की सीमा के 200 किमी के भीतर घुस गए थे। इस दौरान हमने अपने सेनानियों के खून की एक बूंद भी नहीं गिराई। वैगनर ने कहा कि हमारे लड़ाके वापस लौट रहे हैं, वे फील्ड शिविरों में जा रहे हैं। बेलारूस के राष्ट्रपति ने हमारी सुरक्षा की गारंटी के बदले में मास्को की ओर कूच रोकने का प्रस्ताव दिया है। हालांकि, इस समझौते पर रूस के राष्ट्रपति पुतिन की ओर से अभी तक कोई बयान नहीं आया है। इससे पहले अल-जजीरा ने खबर दी थी कि प्राइवेट आर्मी मॉस्को की तरफ बढ़ रही है। मॉस्को की सड़कों पर बख्तरबंद गाड़ियां और रूस की सेना तैनात कर दी गई है। शहर में हाई अलर्ट है और राजधानी को जोड़ने वाला हाईवे बंद कर दिया गया है। राजधानी में 1 जुलाई तक सभी बाहरी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। मेयर ने लोगों से घरों में रहने के लिए कहा है। वैगनर की बगावत की खबर आने के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने देश को संबोधित किया।

### सहायता | तकनीकी शिक्षा सुधार के लिए 20 अरब रुपये देगा विश्व बैंक

# साढ़े तीन लाख विद्यार्थियों को होगा फायदा




**एजेंसी। नई दिल्ली**

विश्व बैंक ने भारत के सरकारी तकनीकी शिक्षण संस्थानों में तकनीकी शिक्षा में सुधार के लिए 20.94 अरब रुपये कर्ज देने की मंजूरी दी है। योजना के तहत अगले पांच सालों में सभी राज्यों से चुने गए करीब 275 सरकारी तकनीकी संस्थानों के 3.50 लाख छात्रों को लाभ मिलेगा। विश्व बैंक के अनुसार, परियोजना के जरिये इन संस्थानों में शोध को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके साथ-साथ छात्रों के कौशल विकास और उन्हें रोजगार परक बनाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा उद्यमिता और नवाचार को भी बढ़ावा मिलेगा। परियोजना के हिस्से के रूप में विद्यार्थियों की उन्नत पाठ्यक्रम, नई तकनीक और संचार में पहुंच बढ़ेगी। अमेरिका स्थित विश्व बैंक के कंट्री निदेशक ऑगस्टे तानो कौमे ने कहा कि परियोजना की सहायता से अगले पांच वर्षों के दौरान 275 सरकारी तकनीकी संस्थानों के साढ़े तीन लाख से अधिक छात्रों को लाभ मिलेगा। भारत में तकनीकी शिक्षा का धीरे-धीरे विस्तार हो रहा है। 2011-12 में भारत के 40,000 कॉलेजों में 29 मिलियन छात्र पंजीकृत थे। जबकि, 2019-20 में 40,000 विश्वविद्यालयों में 39 मिलियन छात्र पंजीकृत हैं। भारतीय शिक्षा प्रणाली में हाल ही में तकनीकी और गैर-तकनीकी क्षमताओं में बढ़त पाई गई है। भारत शिक्षा के क्षेत्र में लगातार बढ़ रहा है। तकनीकी संस्थानों में अनुसंधान, उद्यमिता और नवाचार के साथ-साथ बेहतर प्रशासन पर अधिक जोर दिया गया है। परियोजना के तहत छात्रों को संचार और जलवायु लचीलेपन में उभरती प्रौद्योगिकियों सहित उन्नत पाठ्यक्रम तक पहुंच मिलेगी। छात्रों को इंटर्नशिप और प्लेसमेंट में भी लाभ मिलेगा। परियोजना भारत की नई शिक्षा नीति, 2020 का समर्थन करेगी। परियोजना नौकरियों और व्यावसायिक अवसरों के लिए छात्र को तैयार करती है। छात्रों को अपने पाठ्यक्रम समाप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अलावा महिला छात्रों से भी आग्रह किया जाएगा कि वह सलाहकारों और पूर्व छात्रों के साथ जुड़े। वर्तमान में स्नातक इंजीनियरिंग छात्रों की संख्या कुल छात्रों के मुकाबले 30 प्रतिशत से भी कम है। साथ ही अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाएं की महिलाएं अब भी वंचित है।

### कोर्ट ने पूर्व पाक मंत्री फवाद चौधरी के देशद्रोह मामले को स्थगित किया

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद की एक जिला और सत्र अदालत ने शनिवार को देशद्रोह मामले में पूर्व सूचना और प्रसारण मंत्री फवाद चौधरी के अभियोग को स्थगित कर दिया है। न्यायाधीश ने फवाद चौधरी की छूट याचिका स्वीकार कर ली और उन्हें अभियोग के लिए 4 जुलाई को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया। अदालत का यह फैसला पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान के पूर्व सहयोगी फवाद चौधरी के कार्यवाही में शामिल नहीं होने के बाद आया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ताहिर अब्बास सिप्रा ने शनिवार को सुनवाई फिर से शुरू की। सुनवाई के दौरान फवाद चौधरी के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल बीमारी के कारण अदालत में पेश नहीं हो सके और उन्होंने आज की सुनवाई से छूट मांगी। फवाद चौधरी के वकीलों की बात सुनने के बाद जज ने पूछा कि क्या पूर्व मंत्री लू की चपेट में आए हैं। इससे पहले जनवरी में, इस्लामाबाद पुलिस ने पाकिस्तान चुनाव आयोग के सदस्यों को ₹धमकी₹ देने के आरोप में फवाद चौधरी को उनके घर से गिरफ्तार किया था।

## पेज एक के शेष

### शराब से दूर...

शराब से दूर रहने और अपनी आमदनी बच्चों की पढ़ाई व परिवार के उत्थान पर खर्च करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा पर सरकार का विशेष जोर है। जनसंख्या व आबादी के अनुपात में देश में सबसे ज्यादा स्कूल झारखंड़ में हैं। टुडी को एक एकलव्य विधालय की सौगात मिली है। उन्होंने स्कूल छोड़ने वाले बच्चों (ड्रॉप आउट) को दोबारा स्कूल भेजने की सीख दी। एक छात्र के सवाल पर कहा कि अंग्रेजी हमारी मातृभाषा नहीं है, लेकिन अंग्रेजी जरूर सीखें और जब भी मौका मिले अंग्रेजी में बोलें भी, क्योंकि यह ग्लोबल भाषा है। इससे पूर्व राज्यपाल का स्वागत पारंपरिक आदिवासी रीति-रिवाज से किया गया।

**टुंडी में पलायन सबसे बड़ी समस्या : मथुरा महतो**

कार्यक्रम में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि पलायन टुंडी की सबसे बड़ी समस्या है। सरकार को इसे रोकने के लिए गंभीरता से विचार करना चाहिए। इसके लिए क्षेत्र में शिक्षा व स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने राज्यपाल के जनसंवाद कार्यक्रम की तारीफ की। मौके पर डीसी संदीप सिंह, एसएसपी संजीव कुमार, ग्रमीण एसपी रेशमा रमेशन, डीडीसी शशि शेखर, बीडीओ संजीव कुमार, डीएफओ विमल पालिवाल, मुखिया जयनरायण मंडल आदि मौजूद थे।

**कार्यक्रम में कम लोगों को प्रवेश मिलने से नाराज ग्रामीणों ने किया हंगामा, नारेबाजी**

कार्यक्रम का आयोजन एक हॉल किया गया था। जगह कम होने के कारण कम लोगों को इंट्री मिली। इससे नाराज लोगों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और इसे जनसंवाद नहीं, बल्कि अधिकारी संवाद कार्यक्रम बताया। कहा कि बिचौलियों को अंदर बैठाया गया है। राज्यपाल ग्रामीणों से बात करने आए हैं पर उन्हें मिलने नहीं दिया गया। प्रवेश नहीं मिलने से मीडिया के लोगों में भी नाराजगी दिखी। पोषण सखियों ने कहा कि राज्य सरकार ने उन्हें बेरोजगार कर दिया है। उन्हें फिर से बहाल किया जाए। कई स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम का बहिष्कार किया।

### हवाला के जरिए ...

वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम के केनरा बैंक के खाते में डाले गए थे, उनके तीन इन तीन बैंक खातों का इस्तेमाल हुआ था।

**वीरेंद्र राम ने 22.50 करोड़ में खरीदी थी साकेत की जमीन :** ईडी ने जांच में पाया है कि जनवरी 2023 में ई-8 सतबरी अंसल, साकेत नई दिल्ली में अपने पिता के नाम पर 22.50 करोड़ में संपत्ति खरीदी थी। इसमें चार करोड़ का भुगतान अलग अलग बैंकिंग चैनल के जरिए कराया गया था, जबकि वीरेंद्र राम ने 18.50 करोड़ रुपये नकदी दिए थे। जांच में यह बात सामने आयी है कि वीरेंद्र राम ने पांच करोड़ कैश दिल्ली के सीए मुकेश मित्तल को कैश भिजवाए थे। मुकेश मित्तल ने कुछ कंपनी व अपने ही कर्मियों व रिश्तेदारों के नाम पर खोले गए बैंक खातों के जरिए इन पैसों की इंट्री गेंदा राम के पिता के केनरा बैंक के खाते 127000628767 में करायी।

**गिरफ्तारी के बाद रामप्रकाश को एयरलिफ्ट कर लाया गया रांची :** ईडी ने 24 जून को रामप्रकाश को दिल्ली के ईडी मुख्यालय में गिरफ्तार कर, लिया गया था। बाद में उसे बिस्तारा की फ्लाइट से एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया। वहीं तारांचद से भी दिल्ली में ईडी के असीस्टेंट डायरेक्टर देवीदत्त षाडंगी ने पूछताछ की, इसके बाद रांची जोनल आफिस लाकर उसे गिरफ्तार किया गया। ईडी अधिकारियों के मुताबिक, जांच के दौरान ताराचंद व रामप्रकाश ने ईडी को सहयोग नहीं किया, ऐसे में दोनों को गिरफ्तार किया गया।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### ईस्टर्न पेरीफेरल पर भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में बने ईस्टर्न पेरिफेरल पर एक भीषण हादसा हो गया। जिसमें कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि गाड़ी को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है जिसके बाद गाड़ी पलट गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां तीनों घायलों की मौत हो गई। गाड़ी से 3 लाख कैश मिले हैं जो उनके परिजनों को सौंप दिए गए।

### करंट लगने से महिला की मौत


**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में लगातार बारिश के कारण जलभराव के बीच नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बिजली के तार की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान साक्षी आहूजा के रूप में हुई। शनिवार रात वह अपने पति के साथ कहीं जाने के लिए ट्रेन पकड़ने रेलवे स्टेशन आई थी।

### बांकुरा में दो मालगाड़ियों की टक्कर, कोई हताहत नहीं

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बांकुरा जिले में ओंडा स्टेशन के पास रविवार को दो मालगाड़ियां आपस में टकरा गईं, जिससे 13 डिब्बे पटरी से उतर गए। दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार ने मीडियाकर्मियों को बताया कि दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। मनीष ने बताया, दो ट्रेनों में से एक के ड्राइवर को मामूली चोटें आईं और फिलहाल उसका स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

आपातकाल के दौरान राजनीतिक बंदियों को दी गई यातनाओं का जिक्र करते हुए पीएम बोले

# संवैधानिक व लोकतांत्रिक मूल्यों के बिलकुल विपरीत था आपातकाल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि लोकतंत्र के काले दिन उन मूल्यों के बिल्कुल विपरीत थे जिनका जश्न हमारा संविधान मनाता है। प्रधानमंत्री ने आपातकाल लागू होने की बरसी पर आज ट्वीट किया- मैं उन सभी साहसी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया और हमारी लोकतांत्रिक भावना को मजबूत करने के लिए काम किया। आपातकाल के काले दिन हमारे इतिहास में एक अविस्मरणीय अवधि है, जो हमारे संविधान द्वारा मनाए गए मूल्यों के बिल्कुल विपरीत है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में आपातकाल के दौरान राजनीतिक बंदियों को दी गई यातनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आजादी के अमृतकाल में हमें लोकतंत्र के खिलाफ हुए इस अपराधों को याद रखना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात के 102वें एपिसोड में कहा था कि भारत लोकतंत्र की जननी है। हम अपने लोकतांत्रिक आदर्शों और संविधान को सर्वोपरि मानते हैं। ऐसे में हम 25 जून को कभी नहीं भुला सकते। यह वही दिन है जब हमारे देश पर आपातकाल थोपा गया था। यह भारत के इतिहास का काला दौर था। लाखों लोगों ने आपातकाल का पूरी ताकत से विरोध किया था। लोकतंत्र के समर्थकों पर उस दौरान अत्याचार किया गया था। इतनी यातनाएं दी गईं कि आज भी मन सिहर उठता है। उन्होंने कहा था कि इन अत्याचारों पर कई पुस्तकें लिखी गई हैं। स्वयं उन्हें भी पुस्तक लिखने का मौका मिला। कुछ दिनों पहले उन्होंने ऐसी एक पुस्तक देखी टॉर्चर ऑफ पॉलीटिकल प्रिजनर्स इन इंडिया। पुस्तक में वर्णन किया गया है कि इमरजेंसी के दौरान कैसे उस समय की सरकार लोकतंत्र के रखवालों पर क्रूरता से व्यवहार कर रही थी। इसके बारे में जानकार आज की युवा पीढ़ी को लोकतंत्र के मायने और उसकी अहमियत समझने में और ज्यादा आसानी होगी।

## भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला दिन 25 जून 1975 : राजनाथ

**एजेंसी। आगरा**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आज के ही दिन 25 जून 1975 को कांग्रेस ने आपातकाल की घोषणा की थी। विपक्ष के सारे नेताओं को जेल में डाल दिया गया था। भारतीय लोकतंत्र का वह सबसे काला दिन है। राजनाथ सिंह रविवार को आगरा के कागारौल में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। रक्षामंत्री सिंह ने कहा कि विपक्ष के नेता पटना में बैठक कर रहे हैं। विपक्षी कह रहे हैं आपातकाल जैसे हालात हैं। मैं कहता हूं आंख में आंख डालकर राजनीति की जाती है। आंखों में धूल झोंककर राजनीति नहीं की जाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सशक्त बन रहा है। मोदी आज वैश्विक स्तर पर सबसे लोकप्रिय नेता हो गए हैं। यह हम सबका सम्मान है। पहले दुनिया भारत की बात को गंभीरता से नहीं लेती थी। आज भारत कोई बात बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है। पहली बार अमेरिका के दोनों सदनों को संबोधित करने का अवसर मोदी को मिला है। राजनाथ ने कहा कि आज हमारे प्रधानमंत्री मोदी को ऑस्ट्रेलिया का प्रधानमंत्री बॉस कह कर बुलाता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन उनका ऑटोग्राफ लेना चाहते हैं और पापुआ न्यू गिनी के राष्ट्रपति उनके पैर छू कर आशीर्वाद लेते हैं। यह पूरे भारत और भारतवासियों का सम्मान है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और स्थानीय सांसद राजकुमार चाहर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### केन्द्रीय मंत्री, नेताओं की रैली में काला कपड़ा पहनकर जाने पर रोक

**आरएनएम। नई दिल्ली**

**भाजपा** के किसी भी केन्द्रीय मंत्री या मुख्यमंत्री के जनसभा में यदि कोई व्यक्ति काला कपड़ा पहन कर जाता है तो उसको सभा में जाने से रोका जा सकता है। उत्तर प्रदेश के आगरा में रविवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री की जनसभा में ऐसा ही हुआ। रक्षा मंत्री की जनसभा में काले कपड़े पहनकर पहुंचे लोगों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया। जो लोग प्रवेश चाहते थे उनको कपड़े उतारकर ग्राउंड में प्रवेश दिया गया। केन्द्र सरकार के नौ वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चल रहे महाजनसंपर्क अभियान के आखिरी चरण में भाजपा ने घर-घर संपर्क अभियान की तैयारी कर ली है। इसी के तहत केंद्रीय रक्षा मंत्री रविवार की सुबह आगरा पहुंचे। उनकी पहली जनसभा फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र के कागारौल के जीआईसी मैदान में हुई। इस दौरान काले कपड़े पहनकर आए लोगों को सुरक्षाकर्मियों एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने गेट पर ही रोक लिया। कहा कि अंदर जाना है तो काले कपड़े उतारने के बाद प्रवेश मिलेगा। अपने नेता को सुनने पहुंचे लोग मजबूरी में कपड़े उतारकर अंदर गए। उनके कपड़े बाहर गेट पर ही उतरवा लिए गए।

## फोटो ऑफ द डे



रविवार को दक्षिण-पश्चिम मानसून के दिल्ली में आगे बढ़ने पर बरसात की सुबह इंडिया गेट के पास छाता लिए एक बच्चा। (फोटोः आईएएनएस)

# ज्यादातर भारतीयों का मानना है अमेरिकी कंपनियों के निवेश से नौकरियां पैदा होंगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान जनता की राय जानने के लिए सीवोटर द्वारा पूरे भारत में स्नैप पोल आयोजित किया गया। सर्वे में खुलासा हुआ है कि अधिकांश भारतीयों की राय है कि अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा किए गए निवेश से भारत में नौकरियां पैदा होंगी। स्नैप पोल के दौरान सवाल पूछा गया था- क्या आपको लगता है कि एप्पल, गूगल, अमेजन, माइक्रोन, एडवांस्ड मटेरियल्स और अन्य जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा किए गए बड़े निवेश से भारत में बड़ी संख्या में नौकरियां पैदा होंगी?




कुल मिलाकर, प्रत्येक 10 उत्तरदाताओं में से 4 से अधिक की राय है कि निवेश से भारत में बड़ी संख्या में नौकरियां पैदा होंगी, जबकि अन्य एक-चौथाई की राय है कि नौकरियां वास्तव में पैदा होंगी, लेकिन एक सीमित सीमा तक। ऐसा लगता है कि जवाब देने वालों के बीच विचारों में भिन्नता है। जबकि भाजपा का समर्थन करने वाले प्रत्येक 10 उत्तरदाताओं में से 6 का कहना है कि बड़ी संख्या में नौकरियां पैदा होंगी, वहीं विपक्षी दलों का समर्थन करने वाले प्रत्येक 10 उत्तरदाताओं में से केवल 3 का ही यह विचार है।

# अयोध्या में 2580 करोड़ रुपये की परियोजनाएं होगी शुरू

**एजेंसी। लखनऊ**

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार सितंबर में भूमि पूजन समारोह में अयोध्या के लिए 2580 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू करेगी। सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि ये परियोजनाएं 99,680 लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेंगी। इस साल 10-12 फरवरी को लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस-23) में अयोध्या के लिए 45,402 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। जीआईएस-23 में निवेशकों ने उत्तर प्रदेश सरकार



के साथ जिस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे, उसके कार्यान्वयन के लिए ग्राउंड-ब्रेकिंग समारोह प्रस्तावित किया गया है। एमओयू के अनुसार, मंदिर शहर में 79 इकाइयां स्थापित की जानी थीं। इनमें से करीब 26 इकाइयों में उत्पादन शुरू हो चुका है। उद्योग विभाग के उपायुक्त अमरेश कुमार पांडे ने कहा कि समारोह में 2580.37 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। योगी आदित्यनाथ सरकार अयोध्या को देश के धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में प्रचारित करने के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी पैदा करना चाहती है। प्रवक्ता के अनुसार, राज्य में गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद पसंदीदा निवेश स्थल के रूप में उभरे हैं। राज्य सरकार को जीआईएस-23 में एमओयू पर हस्ताक्षर करने वाले निवेशकों से इन दो जिलों में जमीन की सबसे अधिक मांग मिली है।

# वज्रपात में एक साथ 400 बकरियां मारी गई

**एजेंसी। बागेश्वर**

उत्तराखंड में मानसून आते ही प्राकृतिक आपदा का कहर भी दिखने लगा है। बागेश्वर के कप कोट में वज्रपात में एक साथ 400 बकरियां मारी गई है। अभी मानसून की शुरूआत ही हुई है कि आपदाओं का दौर शुरू हो गया है। बागेश्वर जिले में देर शाम गरज चमक के साथ कहीं कहीं हल्की बारिश दर्ज की गई है। जिला आपदा अधिकारी अधिकारी शिखा सुयाल ने बताया कि कपकोट तहसील क्षेत्र के झुनी पांखुटॉप में चरवाहों की बकरियों पर ब्रजपात हुआ है। सूचना पाकर पशुपालन और राजस्व विभाग की टीम झुनी के लिए रवाना हुई मौके पर पहुंचकर मुआयना किया गया।



मुआयने के दौरान घटनास्थल पर बज्रपात से 400 बकरियों की मौत होने की पुष्टि हुई है जिससे चरवाहों का भारी नुकसान हुआ है। विधायक कपकोट सुरेश गढ़िया ने राजस्व टीम और पशुपालन विभाग को नुकसान का मुआयना कर शीघ मुआवजे की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

सौदा

## अभी अमेरिकी एमक्यू-9 बी ड्रोन की कीमतें तय नहीं : रक्षा मंत्रालय

# मंजूरी मिलने के बाद ड्रोन के दाम पर होगी बातचीत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्रालय (एमओडी) ने अमेरिका से खरीदे जाने वाले 31 एमक्यू-9बी ड्रोन को लेकर साफ किया है कि अभी इनकी कीमतें तय नहीं हुईं हैं, अमेरिकी सरकार की नीति मंजूरी मिलने के बाद कीमत पर बातचीत की जाएगी। कीमत और खरीद की अन्य नियम एवं शर्तें अभी तय नहीं की गई हैं और ये बातचीत के अधीन हैं। एमओडी जनरल एटॉमिक्स (जीए) से तालमेल करके अन्य देशों की तुलना में सर्वोत्तम कीमत से खरीद करेगा। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने 15 जून को तीनों सेनाओं के लिए 31 एमक्यू-9बी हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस (हेल) रिमोटली पायलटेड



एयरक्राफ्ट सिस्टम के अधिग्रहण के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) प्रदान की। इसमें 16 स्काई गार्जियन और 15सी गार्जियन ड्रोन हैं। यह खरीद संयुक्त राज्य अमेरिका से विदेशी सैन्य बिक्री मार्ग से की जानी है। एओएन में संबंधित उपकरणों के साथ खरीदे जाने वाले यूएवी की संख्या शामिल थी। हालांकि, डीएसी ने एओएन में अमेरिकी सरकार से प्रदान की गई 3,072 मिलियन अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत का उल्लेख किया। अब रक्षा मंत्रालय ने साफ किया है कि अमेरिकी सरकार की नीति मंजूरी मिलने के बाद कीमत पर बातचीत की जाएगी। रक्षा मंत्रालय ड्रोन का अधिग्रहण लागत की तुलना में जनरल एटॉमिक्स से तालमेल करके अन्य देशों को दी जाने वाली सर्वोत्तम कीमत से करेगा। ड्रोन की खरीद प्रगति पर है और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पूरी की जाएगी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक विदेशी सैन्य बिक्री मार्ग से अमेरिकी सरकार को एक अनुरोध पत्र (एलओआर) भेजा जाएगा, जिसमें त्रि-सेवा आवश्यकताओं, उपकरणों का विवरण और खरीद की शर्तें शामिल होंगी। एलओआर के आधार पर अमेरिकी सरकार और रक्षा मंत्रालय प्रस्ताव और स्वीकृति पत्र (एलओए) को अंतिम रूप देंगे, जहां उपकरण और खरीद की शर्तों के विवरण पर बातचीत की जाएगी। अमेरिकी सरकार की प्रस्तावित कीमत और शर्तों के अनुसार कीमतों को अंतिम रूप दिया जाएगा। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि ड्रोन की कीमत और खरीद की अन्य शर्तों का जिक्र करते हुए सोशल मीडिया के कुछ हिस्सों में कुछ अटकलबाजी रिपोर्टें सामने आईं। मंत्रालय ने इसे खारिज करते हुए कहा कि इस तरह की अटकलबाजी का उद्देश्य उचित अधिग्रहण प्रक्रिया को पटरी से उतारना है। कीमत और खरीद की अन्य नियम एवं शर्तें अभी तय नहीं की गई हैं और ये बातचीत के अधीन हैं। मंत्रालय ने मीडिया संस्थाओं से अनुरोध किया है कि वे फर्जी खबरें, गलत सूचना न फैलाएं, जो सशस्त्र बलों के मनोबल पर गंभीर प्रभाव डाल सकती हैं। साथ ही अधिग्रहण प्रक्रिया पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

## FILMY हलचल

### नए गाने 'यार का सताया हुआ है' में शहनाज के साथ होंगे नवाजुद्दीन




**एक्टर** नवाजुद्दीन सिद्दीकी और शहनाज गिल ने अपकमिंग ट्रैक 'यार का सताया हुआ है' का पोस्टर रविवार को लॉन्च किया है। उन्होंने पोस्टर को लॉन्च करते हुए जो कैप्शन दिया है उससे लगता है कि गाना प्यार और धोखे के बारे में है। पोस्टर में एक्टर नवाजुद्दीन को नए लुक में देखा जा सकता है। यह पहली बार होगा जब दोनों स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। एक्टर नवाजुद्दीन ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते हुए इसे कैप्शन दिया, मैं पागल हूं, और बहुत पागल, पर ये भी बात है कि दिल सच्चा है, छीन तो लेता तुझे सरेआम मैं, पर मसला ये है कि शौहर तेरा आदमी अच्छा है। नवाजुद्दीन का 'यार का सताया हुआ है' जोहराजबीं एल्बम का गाना है और इसे बी प्राक ने गाया है। गाना 3 जुलाई को रिलीज होगा।

### 'बिग बॉस' देखकर ऑडियंस बनी स्मार्ट : सलमान खान



**बॉलीवुड** स्टार और 'बिग बॉस ओटीटी 2' के होस्ट सलमान खान ने ऑडियंस को स्मार्ट बनाने का क्रेडिट इस कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो को दिया है। सलमान ने कहा कि ऑडियंस शो के ड्रामा, फाइट्स और एंटरटेनमेंट का भरपूर आनंद लेते हैं, वहीं वे वास्तविक भावनाओं और दिखावे के बीच के अंतर को अच्छे से समझते है। सलमान ने कहा, बिग बॉस ने दर्शकों को स्मार्ट बना दिया है! उन्होंने आगे कहा, बिग बॉस पूरी तरह से रियल है - अच्छा या बुरा इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, इसका फैसला दर्शकों को करना है। उन्होंने कहा, शो में बने रहने के लिए आपको 100 प्रतिशत रियल होना होगा।

### राकेश मिश्रा का बवाल मचाने वाला गाना 'काला चश्मा...' रिलीज



**बादशाह** और कैटरीना कैफ का गाना 'काला चश्मा...' आपने जरूर सुना होगा, लेकिन अब भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी सुरमई आवाज और जानदार अभिनय से सब के दिलों में जगह बनाने वाले राकेश मिश्रा भी अपना नया गाना 'काला चश्मा...' लेकर आए हैं। यह गाना रविवार को रिलीज हो किया गया है। रिलीज होते ही गाने ने धमाल मचा दिया है। राकेश मिश्रा का गाना 'काला चश्मा...' एकदम फ्रेश सॉन्ग है, जिसका कॉन्टेंट भी बादशाह के गाने से मिलता जुलता नहीं है। बावजूद इसके इस गाने ने भोजपुरी म्यूजिक लवर्स के ऊपर अपना जादू चलाना शुरू कर दिया है। राकेश मिश्रा के इस धमाकेदार गाने को टी सीरीज ने हमार भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया है। यह गाना पूरी तरह से भोजपुरिया स्टाइल में हैं। इस गाने के म्यूजिक वीडियो में सिमरन तिवारी नजर आ रही हैं, जिनके साथ राकेश मिश्रा की केमिस्ट्री को दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं।